सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-233 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया


लखनऊ, शुक्रवार, 14 फरवरी 2025
15 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट और नया इनकम टैक्स बिल संसद में पेश

- संसद में विपक्ष का हंगामा
- लोकसभा में अमित शाह ने संभाला मोर्चा



**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में आज वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट पेश होते ही राज्यसभा और लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। जगदम्बिका पाल ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट पेश की। साथ ही, उन्होंने समिति के समक्ष आए साक्ष्यों का रिकॉर्ड भी सदन में रखा। विपक्षी सदस्यों का आरोप है कि उनकी असहमति को रिपोर्ट के साथ संलग्न नहीं किया गया है। इसको लेकर अमित शाह ने भी एक बयान दिया। अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया कि वह विपक्ष की आपत्तियों को जोड़ सकते हैं और इस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कुछ सदस्यों ने चिंता जताई है कि (वक्फ जेपीसी रिपोर्ट में) उनके विचारों को पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। मैं अपनी पार्टी की ओर से कहना चाहता हूं कि विपक्ष की चिंताओं को देखते हुए कुछ भी जोड़ा जा सकता है, मेरी पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है। एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवसी ने कहा कि यह बिल न केवल असंवैधानिक है और संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 29 का उल्लंघन करता है, यह वक्फ को बचाने के लिए नहीं बल्कि इसे बर्बाद करने और मुसलमानों से छीनने के लिए है। हम इस विधेयक की निंदा करते हैं। इसके अलावा, लोकसभा में आज आयकर विधेयक 2025 (न्यू इनकम टैक्स बिल पेश) भी पेश किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में रिपोर्ट पेश किया है। विपक्ष के हंगामे के बीच पेश होते ही इस बिल को सेलेक्ट कमेटी को भेज दिया गया।

### आयकर भरना होगा आसान

नए बिल के ड्राफ्ट में 536 सेक्शन, 16 अनुसूचियां और 23 चैप्टर दिए गए हैं। छूट को लेकर नियमों को अलग-अलग सेक्शन में जानकारी दी गई है। न्यू इनकम टैक्स बिल, 2025 में 536 धाराएं शआमिल हैं। जबकि मौजूदा आयकर अधिनियम, 1961 में 298 धाराएं हैं। मौजूदा कानून में 14 अनुसूचियां हैं जबकि नए में 16 रहेंगी। Income Tax Act, 1961 की जगह आने वाले नए इनकम टैक्स बिल में 622 पन्ने हैं जबकि मौजूदा विधेयक में 880 पन्ने हैं। नए बिल में अधिकतर सब-सेक्शन को खत्म कर दिया गया है। नए इनकम टैक्स बिल में अब किसी व्यक्ति के लिए (क), हिंदू विभाजित परिवार के लिए (ख) व लोगों के समूह के लिए (ग) जैसे सबसेक्शन की जगह टैक्स कैलकुलेशन टैक्स स्लैब के मुताबिक किया गया है। डिफेंस सेक्टर जैसे आर्मी, पैरा फोर्स और अन्य कर्मचारियों को मिलने वाली ग्रेच्युटी पर टैक्स में छूट दी गई है।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन

- बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद केंद्र का बड़ा फैसला
- भाजपा नहीं तय कर पाई नया सीएम फेस




**नई दिल्ली।** मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। इससे पहले राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के बाद भाजपा के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा ने पार्टी विधायकों के साथ कई दौर की चर्चा की है, लेकिन अब भी गतिरोध बरकरार है। पिछले दो दिन में संबित राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से दो बार मिल चुके हैं।

भाजपा नए सीएम का चेहरा अब तक तय नहीं कर पाई है। कांग्रेस विधायक थोकचोम लोकेश्वर ने संबित के राज्य दौरे के उद्देश्य पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों से चर्चा कर संबित को नए सीएम की नियुक्ति में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। 12वीं मणिपुर विधानसभा का पिछला सत्र 12 अगस्त 2024 को संपन्न हुआ था, जबकि 10 फरवरी से शुरू होने वाले सातवें सत्र को राज्यपाल निरस्त कर चुके हैं। मणिपुर में तीन प्रतिबंधित संगठनों के छह लोग गिरफ्तार किए गए हैं। इंफाल पश्चिम में बुधवार को कांग्लेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के चार कैडरों को गिरफ्तार किया गया। बुधवार को ही इंफाल पश्चिम के ओकराम लेकाई से प्रेपाक के एक सदस्य और काकचिंग के एरुंपाल क्षेत्र से केसीपी (सिटी मैतेई) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया। इस बीच, मणिपुर पुलिस ने जाली दस्तावेज के आधार एक्टिवेटेड सिम कार्ड बेचने के आरोप में एफआइआर दर्ज की है।


## न्यूज डायरी

### ममता फिर बनीं महामंडलेश्वर



**प्रयागराज।** फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को फिर से किन्नर अखाड़े का महामंडलेश्वर बनाया गया है। ममता कुलकर्णी ने अपना नया वीडियो संदेश जारी किया है। 1 मिनट 14 सेकंड के वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि मेरे गुरु स्वामी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी पर कुछ लोगों ने गलत आक्षेप लगाए थे। उस भावना में आकर मैंने किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि अपने गुरु को जो मैंने भेंट दी थी। वह महामंडलेश्वर बनने के बाद छत्र, छड़ी और चंवर के लिए दिया था। उससे बची धनराशि मैंने भंडारे के लिए दी थी।

### राहुल-केजरीवाल से मिले ठाकरे



**मुंबई।** दिल्ली विधानसभा चुनावों नतीजों के बाद राजधानी के दौरे पर पहुंचे महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने बड़ा बयान दिया है। आदित्य ठाकरे ने दिल्ली में आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। वह बुधवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी से मिले थे। ठाकरे ने कहा कि उन्हें नहीं लगता है कि देश में अब लोकतंत्र रहा। ठाकरे ने कहा कि केजरीवाल जी और कांग्रेस के साथ जो हुआ, वह भविष्य में नीतीश जी, आरजेडी और चंद्रबाबू जी नायडू के साथ भी हो सकता है। आदित्य ठाकरे ने कहा कि लोकतंत्र में अब चुनाव फेयर और निष्पक्ष नहीं रह गए हैं।


### जस्टिस शेखर की बढ़ेंगी मुश्किलें

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद के एक कार्यक्रम में विवादित टिप्पणी करने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। गुरुवार को राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने जस्टिस यादव को हटाने के लिए 55 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित महाभियोग प्रस्ताव प्राप्त होने का जिक्र करते हुए कहा कि संवैधानिक तौर पर हाई कोर्ट के न्यायाधीश को हटाने का मामला संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव ने पिछले वर्ष वीएचपी के एक कार्यक्रम में भाषण के दौरान विवादित टिप्पणी की थी। जिसके बाद 13 दिसंबर 2024 को राज्यसभा में विपक्षी दलों के 55 सदस्यों ने हस्ताक्षर करके जस्टिस यादव को पद से हटाने के लिए महाभियोग का प्रस्ताव राज्यसभा सभापति को भेजा था।

## सीएम योगी ने गोरखपुर में किया कल्याण मंडपम का लोकार्पण



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को खोराबार में नगर निगम की ओर से बनाए गए महानगर के पहले कल्याण मंडपम के लोकार्पण के साथ ही निगम की 102.71 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें 76.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व 26.31 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण शामिल है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर का कल्याण मंडपम प्रदेश के सभी जिलों के लिए लोकप्रिय मॉडल बनेगा, जहां गरीब बेटियों के विवाह समेत अन्य मांगलिक कार्यक्रम के लिए सिर्फ 11 हजार रुपये में फाइव फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों और अन्य सामान्य कर्मचारियों की बेटियों के विवाह के लिए भी इतनी ही धनराशि में कल्याण मंडपम बुक हो जाएगा।




4 लेन के दो फ्लाईओवर का उद्घाटन
(इंदिरानगर सेक्टर 25-खुर्रमनगर-कल्याणपुर, लागत ₹270 करोड़ एवं पॉलिटेक्निक-मुंशी पुलिया चौराहा, लागत ₹170 करोड़ )
एवं
₹588 करोड़ की 114 विकास परियोजनाओं का
लोकार्पण/शिलान्यास

राजनाथ सिंह — मंत्री, रक्षा, भारत सरकार | योगी आदित्यनाथ — मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | नितिन गडकरी — मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, भारत सरकार
द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति
केशव प्रसाद मौर्य — उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश | ब्रजेश पाठक — उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश | अजय टम्टा — राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, भारत सरकार | हर्ष मल्होत्रा — राज्य मंत्री, कॉरपोरेट कार्य, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, भारत सरकार
डॉ. दिनेश शर्मा — सदस्य, राज्यसभा | डॉ. सुधांशु त्रिवेदी — सदस्य, राज्यसभा | बृजलाल — सदस्य, राज्यसभा | संजय सेठ — सदस्य, राज्यसभा | सुषमा खर्कवाल — महापौर, लखनऊ
डॉ. नीरज बोरा — विधायक, लखनऊ उत्तर | ओ. पी. श्रीवास्तव — विधायक, लखनऊ पूरब | डॉ. राजेश्वर सिंह — विधायक, सरोजनी नगर | योगेश शुक्ला — विधायक, बक्शी का तालाब | जय देवी — विधायक, मलिहाबाद | अमरेश कुमार — विधायक, मोहनलालगंज | डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह — सदस्य, विधान परिषद
मुकेश शर्मा — सदस्य, विधान परिषद | डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल — सदस्य, विधान परिषद | उमेश द्विवेदी — सदस्य, विधान परिषद | इंजी. अवनीश कुमार सिंह — सदस्य, विधान परिषद | राम चन्द्र सिंह प्रधान — सदस्य, विधान परिषद | पवन सिंह चौहान — सदस्य, विधान परिषद | संतोष सिंह — सदस्य, विधान परिषद
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 14 फरवरी, 2025 | समय : मध्याह्न 12:00 बजे | स्थान : मिनी स्टेडियम, विकास नगर, लखनऊ

लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं
• बसंतकुंज योजना के निकट नागरियाकला में 400 केएल एवं जी-20 रोड जनेश्वर मिश्र पार्क के निकट 20 केएल सम्पवेल स्ट्रॉम ड्रेनेज हेतु फ्लड पम्पिंग स्टेशन • बसंतकुंज योजना के सेक्टर-आई में 6 डीप नलकूप • सीजी सिटी में हार्मनी पार्क (म्यूजिकल एवं स्पोर्ट्स पार्क) • अहिमामऊ में कल्याण मंडप

शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं
• कबीरनगर-देवपुर पारा आवासीय योजना में 1,032 ईडब्ल्यूएस आवास एवं सड़क • गोमती पर कुकरैल नदी से बैकुंठ धाम तक 4 लेन ब्रिज • सीजी सिटी योजना के दक्षिणी भाग में ग्रीन पार्क • शहीद पथ से किसान पथ की ओर गोमती के एलएचएस तटबंध पर सड़क • बसंतकुंज आवासीय योजना में बरीकला बैरल के पास 400 केएल क्षमता का फ्लड पंपिंग स्टेशन • गोमती पर पक्के पुल के पास बंधों पर 4 लेन आर्च सेतु एवं पहुंच मार्ग • माल-दुबग्गा मार्ग (17 किमी) का सुदृढ़ीकरण • नगराम-निगोहा मार्ग के चैनेज 20 से 29.750 तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण • कुर्सी-सुदौली मार्ग (लंबाई-5.730 किमी) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

# पंक्चर खड़ी ट्रॉली से टकराई कार हादसे में चार युवकों की मौत

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** ढखेरवा-निघासन स्टेट हाईवे पर बुधवार रात हुए भीषण हादसे में चार युवकों की मौत के बाद उनके परिवारों में कोहराम मच गया। मरने वालों में दो दोस्त थे। तीन दोस्त घायल हुए हैं। ये लोग एक दोस्त की जन्मदिन पार्टी में आए थे। पार्टी के बाद सभी दोस्त कार से ढखेरवा की तरफ जा रहे थे। इनकी कार हाईवे पर पंक्चर खड़ी ट्रॉली से टकरा गई थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। भीषण हादसे के बाद जन्मदिन की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया सिंगाही के मोहल्ला झाला निवासी सैफ (26) दो ट्रॉलियों में गन्ना भरकर निघासन के ढखेरवा रोड स्थित सिसैया क्रेशर जा रहा था। हजारा फार्म के पास एक ट्रॉली का टायर पंचर हो गया। उसने ट्रॉली को सड़क किनारे खड़ी करके सिंगाही झाला के अंसार (34) को बुलाया। दोनों पंक्चर बना ही रहे थे। इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार कार ट्रॉली में जा घुसी। हादसे में कार सवार चौधरी पुरवा के रजनीश (19), घनश्याम पुरवा के संजय (24) की मौत हो गई। पंक्चर सही कर रहे अंसार और सैफ गंभीर घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन दोनों ने भी दम तोड़ दिया। कार में सवार रवि, दिग्विजय और अरुण घायल हुए हैं। इनमें दिग्विजय और रवि की हालत नाजुक बनी हुई है निघासन के चौधरीपुरवा निवासी दिग्विजय का बुधवार को जन्मदिन था। उसने अपने दोस्तों को जन्मदिन की पार्टी दी थी। इसके बाद कार सवार दोस्त उसे छोड़ने घर जा रहे थे। हजारा फार्म के पास रास्ते में हादसा हो गया और जन्मदिन की खुशियां मातम में बदल गईं चौधरी पुरवा के रजनीश के शव का पोस्टमार्टम कराने से परिवार वालों ने मना कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिवारवालों को सौंप दिया। रजनीश अपने पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है घनश्याम पुरवा के संजय की सात मार्च को शादी होनी थी। परिवारवाले शादी की तैयारियां में जुटे थे, लेकिन एक हादसे ने सारी खुशियां छीन लीं। उधर, सैफ और अंसार के परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल हैं।

## राजकीय इंटर कॉलेज में बनाया गया है उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण केंद्र

**लखीमपुर खीरी।** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के तहत जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण तेज़ी से चल रहा है। इस बार यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से 12 मार्च तक होनी है। हमेशा की तरह जिले में उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण केंद्र शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में बनाया गया है। राजकीय इंटर कॉलेज में कॉपियों के बंडल पहुंचने के बाद संबंधित तहसीलों में भेजने की प्रक्रिया जारी है। अब तक कुल उत्तर पुस्तिकाओं में से 50 हजार कॉपियां बट चुकी है। इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए जिले को परीक्षा के लिए लगभग कुल 6 लाख कॉपियां मिली हैं। जिनमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के लिए 3-3 लाख कॉपियां आवंटित हुई हैं। अब तक पलिया और निघासन तहसीलों में कॉपियों का वितरण पूरा हो चुका है। जबकि अन्य तहसीलों में यह कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब तक करीब 50 हजार कॉपियां संबंधित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाई जा चुकी हैं उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण की निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी परीक्षा केंद्र पर उत्तर पुस्तिकाओं की कमी न हो। गौरतलब है कि यूपी बोर्ड परीक्षाएं नजदीक हैं और जिले में परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शिक्षा विभाग परीक्षा को नकलविहीन और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

## 01 नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा पंजीकृत मु0सं0 2240/02 अ0सं0 353/02 धारा 394/411 भादवि से संबंधित 01 नफर वारंटी अभियुक्त रामरतन पुत्र श्रीपाल निवासी टेढ़ी मजरा खैइया थाना फूलबेहड़ गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया।

## परेशान पिता बेटी को लेकर थाना फूलबेहड़ पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के दो युवक दिल्ली में काम कर रही एक किशोरी को परेशान कर रहे थे। शोहदे किशोरी को अश्लील मैसेज और वीडियो काल करते थे। युवकों ने उसे दिल्ली से जबरन उठा लाने की धमकी भी दी। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पीड़ित किशोरी के पिता ने बताया कि वह अपनी 17 वर्षीय बेटी, पत्नी व अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिल्ली में एक जूता चप्पल की फैक्ट्री में काम करता है। उसके गांव का कुलदीप उसका साथी रोहित बेटी के मोबाइल पर वीडियो कॉल करके परेशान कर रहा है। युवक अश्लील वीडियो और मैसेज भी भेजते हैं। इस बात का जब बेटी ने विरोध किया तो दोनों आरोपी बात न करने पर दिल्ली से जबरन उठा लाने की धमकी दे रहे हैं। आरोपी दुष्कर्म कर हत्या करने की धमकी भी दे रहे हैं। परेशान पिता बेटी को लेकर थाना फूलबेहड़ पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

## महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर महिला की मौके पर हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** फूलबेहड़ सड़क पर जा रही एक अर्धविक्षिप्त महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के सुंदरलाल पुरवा निवासी बनवारी की पत्नी सुआलली मानसिक बीमार थी। वह अक्सर गांव में घूमा करती है। परिजनों को पता नहीं चल सका और वह सर्वा सेंटर चौराहे पर पहुंच गयी। वह सड़क पर निकल रही थी तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरायी बाईक, हादसे में दो की मौत, एक गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी क्षेत्रान्तर्गत गांव कैलाशपुर स्थित पैट्रोल पम्प के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक से बाइक टकराने के चलते बाईक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार थाना जनकपुरी क्षेत्रान्तर्गत गांव सड़क दूधली निवासी नवीन कुमार पुत्र भूपेंद्र, शिवम पुत्र सुशील कुमार तथा हिमांशु पुत्र बृजभूषण आज सुबह बाईक पर सवार होकर उत्तराखंड के भगवानपुर में स्थित औद्योगिक क्षेत्र में जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वह गागलहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव कैलाशपुर पहुंची तो उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाईक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के साथ ही तीनों बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से पुलिस ने तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे घायल युवक का उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उधर, गागलहेड़ी थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेते हुए दोनों मृतको के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर आने पर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



## अपहरण व पोक्सो एक्ट के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना बडगाँव पुलिस ने नाबालिग के अपहरण व पोक्सो एक्ट के मुकदमें में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना बड़गांव प्रभारी विनय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 12 फरवरी को वादी की तहरीर पर आरोपी शुभम पुत्र ओमकार निवासी ग्राम जडौदा पाण्डा थाना बडगांव के खिलाफवादी की 04 वर्षीय पौती को बहला फुसलाकर गलत नियत से साइकिल पर बैठाकर अश्लील हरकते करते हुए ले जाने की सूचना पर थाना बडगांव पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि उनके व उपनिरीक्षक शिव कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिंचाई विभाग की कोठी के पास से नामजद आरोपी शुभम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## चोरी की दो बाईको समेत चार वाहन चोर गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना फ्तेहपुर पुलिस ने चोरी की बाईक खरीदने वाले एक युवक समेत चार आरोपियों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी की दो बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना फ्तेहपुर प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 9 फ्रवरी को वादी अनिल कुमार पुत्र प्रेमचन्द निवासी ग्राम घडकोली थाना गागलहेड़ी की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफवादी की बाईक चोरी कर ले जाने व 11 फ्रवरी को वादी आशु पुत्र राशिद निवासी ग्राम अलीपुर सम्भालकी थाना फ्तेहपुर की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफवादी की बाईक चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना फ्तेहपुर पर अलग-अलग मामले पंजीकृत किए गए थे। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक सौरभ यादव व विजय पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बड़कला चौकी के पास से तीन शातिर वाहन चोरों सागर पुत्र विजयपाल व अंकित पुत्र पप्पू निवासीगण ग्राम चोली शाहबुद्दीनपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड तथा सचिन कुमार पुत्र नरेन्द्र निवासी ग्राम खुदाबख्शपुर थाना बडगाँव जिला सहारनपुर हाल पता ग्राम चोली शाहबुद्दीनपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियो के कब्जे से चोरी की दो बाईके बरामद कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये आरोपियों ने बताया कि उन्होंने एक बाईक विगत् 8 फ्रवरी को कस्बा छुटमलपुर से चोरी करके अपने ही गांव क अनुज पुत्र पप्पन निवासी ग्राम चोली शाहबुद्दीनपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड को बेंच दी है, जिस पर पुलिस ने चोरी की बाईक खरीदने वाले अनुज को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## गन्ने के खेत में लगी भयंकर आग से 6 बीघा गन्ने की फ्सल जलकर हुई खाक



**सहारनपुर।** बिहारीगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तोता टांडा के निकट एक खेत में लगी अचानक आग से खेत में खड़ी गन्ने की पूरी फ्सल जलकर खाक हो गई है। पीड़ित किसान ने बताया कि हवा तेज होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका इस दौरान छः बीघा गन्ना जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार तहसील बेहट क्षेत्र स्थित गांव तोता टांडा में रामकुमार पुत्र चूहड सिंह की 6 बीघा जमीन है, जिसमें उसने गन्ने की फ्सल बो रखी थी, बीती देर रात अचानक गन्ने के खेत में आग लग गई जिसके कारण पूरी फ्सल जलकर नष्ट हो गई है, पीड़ित के मुताबिक अभी तक आग के लगने का कारण पता नहीं चला, पीड़ित रामकुमार ने बताया कि तेज हवाओं के चलते कुछ ही देर में पूरा खेत जलकर राख हो गया है। खेत में आगजनी के सम्बन्ध में बिहारीगढ थाना पुलिस को तहरीर देकर जांच की मांग की है, इस घटना के बारे में बृहस्पतिवार सुबह सुचना मिलने के बाद कार्यवाहक हल्का लेखपाल पंकज पंवार ने मौके पर पहुंच कर आग से नष्ट हुए गन्ने के खेत का मौका मुआयना किया और रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है। पीड़ित किसान ने तहसील प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

## चिकित्सकों ने शिविर में रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की

**सहारनपुर।** मेडिग्राम हॉस्पिटल में आयोजित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें कैंसर के प्रति जागरूक किया गया।

स्थानीय दिल्ली रोड स्थित मेडिग्राम हॉस्पिटल में आयोजित शिविर में कैंसर सर्जन डॉ.अनुज कुमार ने मरीजो को निशुल्क परामर्श दिया तथा कैंसर के शुरुआती लक्षण, पहचान, उपचार एवं निदान के प्रति जागरूक किया। डॉ. अनुज ने बताया कि कैंसर की पहचान यदि पहली या दूसरी स्टेज में ही हो जाए तो कैंसर का पूर्णतया निदान संभव है, परंतु जागरूकता के अभाव मे लोग सही समय पर जाँचें नहीं करवाते और न ही किसी विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श करते हैं जिस कारण कैंसर की पहचान मे बहुत देर हो जाने के कारण इसके इलाज मे कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा मरीज अंत मे कैंसर का शिकार भी हो सकता है।

# सुभासपा करेगी जनता को उनके अधिकार व मान सम्मान दिलाने का कामः बाबर

अवधनामा संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की समीक्षा बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मौ.बाबर गाजी ने कार्यकर्ताओं को पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सुभासपा हर कीमत पर जनता को उनके अधिकार व मान सम्मान दिलाने का काम करेगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष मौ.बाबर गाजी आज रामपुर मनिहारान के देवबंद रोड पर आयोजित पार्टी की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पंचायती राज विभाग के मंत्री ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गो की आवाज सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाने का काम किया जा रहा है, ताकि समाज के शोषित व वंचित समाज के लोगों को उनके अधिकार व पूरा मान सम्मान



दिलाया जा सकें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटने की भी अपील की। ताकि सुभासपा को अपेक्षित सफ्लता मिल सकें। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अफ्शा आजमी ने कहा कि सुभासपा द्वारा पार्टी संगठन में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के साथ-साथ भरपूर सम्मान देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से युवाओं व महिलाओं को अधिक से अधिक तादाद में पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। बैठक को पार्टी जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार, जिला सूचना प्रभारी सतीश कुमार, गंगोह विस अध्यक्ष अशोक कश्यप, जिला प्रमुख महासचिव बबलू, अधिवक्ता मोर्चा के जिलाध्यक्ष सोहनलाल कश्यप ने भी संबोधित किया।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हरि सिंह, जिला महासचिव मिथुन कश्यप, बृजेश कश्यप, रामपुर विधान सभा अध्यक्ष विक्रम सिंह, बेहट विधान सभा अध्यक्ष राजेन्द्र कश्यप व उदय सिंह समेत भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीएम ग्रिड का कार्य सुरक्षा मानकों के साथ तेजी से पूरा करें: नगरायुक्त

### सफाई व्यवस्था को लेकर शहर के अनेक स्थानों का किया नगरायुक्त ने निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने आज सीएम ग्रिड के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क व शहर की सफाई



व्यवस्था सहित अनेक परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएम ग्रिड के अंतर्गत कलक्ट्रेट तिराहे से आईएमए भवन होते हुए दीवानी तिराहे तक निर्माणाधीन सड़क परियोजना में सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य को गति और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने मानकमऊ में पिंक व सामुदायिक शौचालयों के निरीक्षण के दौरान डियूटी से नदारद पाये गए कर्मचारियों का वेतन काटने के भी आदेश दिए।

नगरायुक्त संजय चौहान ने आज सुबह निगम अधिकारियों के साथ महानगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने अम्बाला रोड पर पर्याप्त सफाई न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ठीक प्रकार से सफाई कराने तथा स्वीपिंग मशीन से डिवाइडरों के किनारों की मिट्टी साफ कराने के निर्देश दिए। वार्ड 12 खलासी लाइन-शारदानगर में भी साफ सफाई तथा नालों की सफाई कराने तथा सभी दुकानों एवं रेहड़ियों पर डस्टबिन रखवाने के लिए नगर स्वास्थय अधिकारी को निर्देश दिए। नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को जगह-जगह खड़ी रेहड़ियों के कारण होने वाला अतिक्रमण हटवाने के भी आदेश दिए।

इसके बाद नगरायुक्त ने वार्ड 31 मानकमऊ दक्षिणी में पिंक शौचालय तथा सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों शौचालयों पर कर्मचारी नदारद पाये गए, जिस पर उन्होंने नगर स्वास्थय अधिकारी को दोनों कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। वार्ड 9 में नवादा रोड स्थित नगर निगम द्वारा संचालित नंदीशाला का निरीक्षण किया और उसके विस्तार का सुझाव दिया। उन्होंने ईटीपी प्लांट शीघ्र लगाने तथा उससे पूर्व चौम्बर बनवाने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने गोबर पेंट प्लांट का निरीक्षण करते हुए अनेक आवश्यक निर्देश और सुझाव दिए।

## अपर जिलाधिकारी (नगर) अनूप कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** अपर जिलाधिकारी (नगर) अनूप कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जनपद में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उसमें होने वाली मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने हेतु जनपद के समस्त स्टेक होल्डर्स को आवश्यक व्यापक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये तथा समस्त पेट्रोल पम्पों पर नो हेलमेट नो फ्यूल नीति को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग को उक्त का पालन न करने वाले पेट्रोल पम्प पर जाकर प्रवर्तन कार्यवाही के निर्देश भी दिये गये। बैठक में बताया गया कि जनपद के समस्त शासकीय एवं अर्द्ध-शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी जो दोपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें और उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री (पिलियन राइडर) के लिये भी हेलमेट पहनना आवश्यक हो। इसी प्रकार, जो अधिकारी/कर्मचारी चारपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें एवं अन्य सभी सह यात्रियों के लिये सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य हो। कार्यालयों के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनुपालन की जाँच करने पर यदि उक्त निर्देशों का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगायी जायेगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालें अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पर विचार किया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) द्वारा हेलमेट, सीटबेल्ट, मोबाइल फोन/इयर फोन का प्रयोग, नशे में व गलत दिशा में वाहन चालन, ओवरस्पीड, स्टंटिंग के विरुद्ध परिवहन तथा पुलिस विभाग द्वारा चालान की कार्यवाही करते हुए वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही चिकित्सा विभाग को गुड सेमेरिटन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं शिक्षा विभाग द्वारा बैठक में प्रतिभाग न करने पर जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा को चेतावनी निर्गत किये जाने के निर्देश दिये गये।

## गैंगस्टर में फरार चल रहे 25,000 रुपए के इनामियां अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**आगरा।** सर्विलांस/एसओजी टीम कमिश्नरेट आगरा व थाना न्यू आगरा पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर में वांछित चल रहे 25,000 रुपए के इनामियां अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 31 जुलाई 2024 को थाना हरीपर्वत पर पंजीकृत अभियोग 299/2024 धारा-2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त इमरान कुरैशी पुत्र ग्यास कुरैशी उर्फ मुन्ना लगातार फरार चल रहा था। जिस पर पुलिस उपायुक्त नगर जोन कमिश्नरेट आगरा द्वारा 22 जनवरी 2025 को 25,000 रुपए के इनाम की घोषणा की गयी। एसओजी/सर्विलांस टीम कमिश्नरेट आगरा लगातार गैंगस्टर/ईनामिया अभियुक्त इमरान कुरैशी उपरोक्त की निगरानी तलाश में लगी हुई थी। वही 12 फरवरी 2025 को एसओजी/सर्विलांस टीम कमिश्नरेट आगरा को सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त अभियुक्त अन्य प्रान्त जाने हेतु फोर्ट रेलवे स्टेशन पर मौजूद है। एसओजी टीम ने थाना न्यू आगरा पुलिस के साथ प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त इमरान कुरैशी पुत्र ग्यास कुरैशी उर्फ मुन्ना को फोर्ट स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया।

## सीडीओ ने की शक्ति कार्यशाला आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**बदायूँ।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने विकास भवन सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में डायट ऑडिटोरियम में 15 फरवरी को आयोजित होने वाले शक्ति कार्यशाला कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। कार्यशाला से समाज में अच्छा संदेश जाएगा।

सीडीओ ने बताया कि शक्ति कार्यशाला में ख्याति लब्ध महिलाओं से संवाद अन्तर्गत माउंट एवरेस्ट पर पहुंचने वाली प्रथम महिला दिव्यांग पर्वतारोही पदम श्री डॉ0 अरुणिमा सिन्हा, राष्ट्रीय हिन्दी साहित्यकार श्रुति कुशवाहा, ब्रांड एम्बेस्डर मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित शिक्षक डॉ0 स्नेहिल पाण्डेय व राष्ट्रीय एथलेटिक्स एवं जुडो खिलाड़ी गुलशन हसन मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभाग करेंगी तथा वुमनिया बैंड का लाइव परफॉर्मेंस होगा तथा होंगे तथा जनपद के अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण भी कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।



थिएटर परफॉर्मेंस के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शक्ति कार्यशाला का आयोजन डायट परिसर स्थित ऑडिटोरियम में 15 फरवरी दिन शनिवार को प्रातः 11:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री बी0एल0 वर्मा मुख्य अतिथि

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को कार्य आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, माध्यमिक शिक्षा, पुलिस व स्वास्थ्य विभागों के स्टाल भी लगाए जाएंगे। इस अवसर पर सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

अवधनामा
लखनऊ, शुक्रवार, 14 फरवरी 2025



# पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर के नेतृत्व में पीडीए की पंचायत संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के खिलाफ अमित शाह द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए जागरूकता माह की चौपाल सभा गुठना एवं ढर्रा शादीनगर में सम्पन्न हुई। सपा ने प्रभारी सपा नेता सर्वेश अम्बेडकर पूर्व प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा ने 2024 का चुनाव संविधान और लोकतन्त्र कों समाप्त करने कि घोषणा के साथ लड़ा. जिससे यह सिद्ध हो गया कि वह खुलकर पीडीए वर्ग के खिलाफ है। सर्वेश अम्बेडकर ने कहा कि 85त्न आबादी संविधान के कारण ही थोड़ा प्रगति कर पाई है,जो भाजपा कि प्रभुत्ववादी विचार धारा के खिलाफ है। इसलिए यह साम्प्रदायिक ताकतें राष्ट्रवाद के बहाने पीडीए समाज का चौमुखी दमन कर रही है. हमें अपने विरोधी कि हर साजिश को फेल करना है और आने वाले 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी को प्रचंड बहुमत प्रदान करें। सपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अरविंद यादव ने सपा सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।सपा नेता डॉ हरिओम यादव ने कहा कि भाजपा सरकार मे बेरोगारी, महंगाई, अत्याचार अपने चरम पर है। सभा को बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक अम्बेडकर ने नौजवानो कों बताया कि वह सोशल मिडिया का सही उपयोग करना सीखें. इस प्लेटफार्म पार भाजपा की आईटी सेल द्वारा झूंठी खबरें फैलाइ जाती हैं।

# प्राईवेट फाइनेंस कंपनियों ने दिहाड़ी मजदूर व कामगार महिलाओं को लालच देकर फंसाया

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** एक ओर जहां देश प्रदेश की सरकारें महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में लगी है। तो वही जनपद की तहसील इगलास में महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के विरूद्ध कुछ प्राईवेट फाईनैंस कम्पनियां दिहाड़ी मजदूर महिला व कामगार महिला को लालच देकर 18 महीने में दुगना धन वसूल कर रहे हैं, नतीजा उनके शोषण से महिलायें आत्महत्या को मजबूर हैं।



जानकारी अनुसार अलीगढ़ के इगलास तहसील अन्तर्गत कुछ फाइनेंस कम्पनियों ने जिनमें एच0डी0बी0, माइको फाइनेंस, पैसा लो आदि कम्पनियों ने गरीब व निचले तबके की महिलाओं को अपना शिकार बनाकर लोन के रूप में पैसा दिया। यहीं नहीं, यह कमपनियां 18 से 24 महीने में दी गयी राशि का दुगना वसूल कर रही हैं। यदि किसी महिला पर 15 या 20 दिन बाद किश्त नहीं होती है तो उस पर 750 रू0 प्रति सप्ताह के हिसाब से पेनल्टी लगायी जाती है। ध्यान देने वाली बात यह है कि चौका बर्तन करने वाली महिलायें जो किसी तरह काम कर अपने बच्चों का पालन पोषण करती हैं और अपनी जरूरत के लिये इनसे लोन पर पैसा ले लिया बराबर किश्त भी देर ही हैं। परन्तु कभी उनके पास किश्त अदा करने का पैसा नहीं होता तो उनकी बेइज्जती की जाती है और उनको धमकी दी जाती है। इससे उपरोक्त महिलायें आत्महत्या के लिए मजबूर हो रही हैं। यह कम्पनियां ऐसी गरीब महिलाओं को लोन उपलब्ध कराती हैं जो कि इनकी बातों में आकर पैसा ले लेती हैं और उनसे यह 18 से 24

### शोषण से आत्महत्या करने को मजबूर

महीने के अन्दर दो गुने से ढाई गुने तक वसूल करती हैं और साथ ही 750/- रू0 सप्ताह, किश्त न देने पर वसूल करते हैं। इसकी शिकायत गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जिलाधिकारी संजीव रंजन, आयुक्त अलीगढ़ मंडल व पुलिस कप्तान अलीगढ़ से की गई हैं। इन महिलाओं का कहना है कि यदि उनको इसी तरह शोषण होता रहा तो। वह पैसा तो दे नहीं पा रही अपनी जीवन लीला को ही समाप्त कर लेंगे। वही ऐसा अनेकों महिलाओं ने अपने रूद्र कंठ से कहकर बताया है कि हमारी किश्त को बन्द किया जाये और जो इनका पैसा है समय देकर उनको वापिस कराने की कृपा करें जिससे आगे भविष्य में कोई भी महिलायें इनके चंगुल में नहीं फंस सकें। अब देखना होगा कि प्रधानमन्त्री व शासन प्रशान इन बेबस महिलाओं के लिए क्या मदद करता है।

# तौहीदुल मुस्लेमिन ट्रस्ट शिया छात्रो की शिक्षा के लिये बढ़ाया हाथ

**आजमगढ़ अवधनामा संवाददाता।** तौहीदुल मूस्लेमीन ट्रस्ट की तरफ से जनाब तौकीर रिज़वी ने आज पत्रकारों से वार्ता करते हुए शिया कम्युनिटी के छात्रो को यह जानकारी दी की तौहीदुल मुस्लेमिन ट्रस्ट की तरफ से शिया छात्रो के लिये स्कॉलर शिप के एग्जाम के लिए ऑनलाइन फॉर्म आ गया है तमाम लोगो से गुज़ारिश है के आपके घर में या आप के आस पड़ोस में जो भी शिया बच्चे क्लास 4 से लेकर 5, 6, 7, 8, 9,10, 11 में हो इस एग्जाम को दे सकते है, तथा श्री तौकीर ने बताया की सत्र 2024-2025 में बच्चा जिस क्लास में होगा फॉर्म में वही क्लास डालेगा ) जैसे अगर वह इस समय क्लास 6 में है तो क्लास 6 ही डालेगा तथा एग्जाम पास करने के बाद उनको इनाम दिए जाएगा । और तौहीदुल मुस्लेमिन की जानिब से उन बच्चों को स्कॉलर शिप भी दी जाएगी तकि वो अपनी आगे कि पढाई जारी रख सके। और जो बच्चे किसी कंपीटीशन की तैयारी कर रहे वह भी फॉर्म भर सकते है तथा फॉर्म उत्तर प्रदेश के किसी भी ज़िलें का रहने वाला बच्चा भर सकता है और लडका या लड़की जिस भी जिले का रहने वाला हो उसका इम्तेहान उस के हि ज़िलें में होगा तथा श्री तौकिर ने बताया की यह परीक्षा निशुल्क है फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 5 मार्च 2025 हैं। और इम्तेहान की तारीख 13 अप्रैल 2025 है। तथा ये फॉर्म ऑनलाइन भरा जा सकता है उन्होने बताया कीआपको यह जानकर बेहद खुशी होगी कि जनपद आजमगढ़ में तीन सेंटर बनाए गए हैं जिसमें 1) सेंटर शहर आजमगढ़ 2)सेंटर मुबारकपुर 3)सेंटर सरायमीर बनाया गया है तथा ऑनलाइन फॉर्म भरने की साइट नीचे दी गई हैं।

# टैंकर में स्कॉर्पियो ने पीछे से मारी टक्कर

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** झाँसी कानपुर हाइवे पर आटा थाना के आगे एच पी के पेट्रोल पंप के सामने आगे जा रहे टैंकर में स्कॉर्पियो पीछे से भिड़ गई। जिससे कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एनएचएआई की एम्बुलेंस से इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जालौन निवासी 55 वर्षीय अरविंद कुमार का आटा में एच पी का पम्प बना हुया है। सुबह करीब 11 बजे अपने पम्प से काम खत्म करके कार से कालपी की तरफ जा रहे थे जैसे ही वह दूसरे एच पी पम्प के पास पहुचे तभी आगे जा रहे पेट्रोल टैंकर ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे स्कॉर्पियो टैंकर के पिछले हिस्से से टकरा गई और स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त हो गयी।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, गोरखपुर के 10 छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 में हासिल किये 97 पर्सेंटाइल से अधिक अंक



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय नेता, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व से जॉइंट एंट्रेंस एग्ज़ामिनेशन (जेईई) मेन्स 2025 (सत्र 1) में एक असाधारण उपलब्धि की घोषणा की है। गोरखपुर के 10 से अधिक छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 के पहले सत्र में 97 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। छात्रों को बधाई देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक, डी के मिश्रा ने छात्रों को उनके प्रभावशाली परिणामों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, ÷हमें जेईई मेन 2025 में अपने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व है। सही कोचिंग के साथ मिलकर उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने इन उत्कृष्ट परिणामों को जन्म दिया है। आकाश में, हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करता है। हमारे सभी सफल छात्रों को बधाई, और हम उनकी यात्रा में अगले कदमों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वालों में अभय प्रताप सिंह 99.70 पर्सेंटाइल, आदित्य केजरीवाल 99.62 पर्सेंटाइल, हर्षिता शुक्ला 99.19 पर्सेंटाइल, कनिष्क पटेल 99.09 पर्सेंटाइल, यूसुफ कमाल 99.08 पर्सेंटाइल, प्रशांत प्रभाकर 98.62 पर्सेंटाइल, अभिषेक कासुधान 98.38 पर्सेंटाइल, मुस्कान झा 98.26 पर्सेंटाइल, कौस्तुभ 98.18 पर्सेंटाइल, शशांक सिंह 97.90 पर्सेंटाइल नंबर हासिल किये। ये परिणाम भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में छात्रों के समर्पण और अकादमिक उत्कृष्टता को उजागर करते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 11 फरवरी को परिणामों की घोषणा की।

# सिवनी बुजुर्ग फायरिंग मामले में आधा दर्जन गिरफ्तार

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सिवनी बुजुर्ग में मंदिर के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई झड़प और फायरिंग मामले में पुलिस ने पूरी सख्ती दिखाई है। दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना के बाबत जानकारी ली, साथ ही अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। एसपी ने कहा है कि लाइसेंसी असलहा बरामद कर जब्त किया जाएगा और लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि नदीगांव थाना क्षेत्र के गांव सिवनी बुजुर्ग में स्थित एक मंदिर पर स्वामित्व को लेकर पिछले पंद्रह दिनों से दो पक्षों में विवाद की स्थिति बनी हुई है। दोपहर करीब बारह बजे एक पक्ष ने मंदिर का ताला तोड़ दिया जिसके बाद दूसरा पक्ष सामने आ गया। तू-तू-मैं-मैं से शुरू होकर विवाद मारपीट तक जा पहुंचा। इसी बीच फायरिंग भी होने लगी जिससे गांव में दहशत फैल गई और लोग घरों में दुबक गए। ग्रामीणों की अगर मानें तो चार से पांच फायर हुए हैं। असलहे लहराते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं।

# देवर ने भाभी को कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या की

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** पति द्वारा विक्रय किया हुआ मकान खाली न करने की जिद पर अड़ी महिला की देवर ने कुल्हाड़ी से कटकर निर्मम हत्या कर दी है। रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम फतेहपुरा कला निवासी राम श्री पत्नी संतोष कोरी उम्र लगभग 45 वर्ष की उसके देवर शिवकुमार पुत्र रामशंकर कोरी निवासी फतेहपुरा कला ने कुल्हाड़ी से कटकर निर्मम हत्या कर दी है। विवरण के अनुसार रामश्री पत्नी संतोष कोरी के पहले पति (निवासी देवनपुरवा थाना कुठौंद) से तीन संताने पुत्र कृष्णा लगभग 16 वर्ष, दो पुत्रियां भूमि उम्र 11 वर्ष, रीना उम्र 7 वर्ष है। गत लगभग 6 वर्ष पूर्व रामश्री देवनपुरवा निवासी अपने पहले पति को छोड़कर कोंच क्षेत्र के ग्राम भेंढ़ निवासी एक व्यक्ति के संपर्क में आई उसके माध्यम से राम श्री का दूसरा विवाह संतोष पुत्र राम शंकर निवासी फतेहपुरा कला थाना रामपुरा के साथ हुआ। विवाह के कुछ समय बाद अपने दूसरे पति संतोष से राम श्री को नमन नामक पुत्र पैदा हुआ जिसकी वर्तमान में आयु लगभग 4 वर्ष है। अपनी चारों संतानों व पति संतोष के साथ राम श्री आराम से जीवन यापन कर रही थी लेकिन संतोष के अन्य चार भाई कमलेश मिथिलेश जगदीश व शिवकुमार को शायद यह महिला रामश्री रास नहीं आ रही था और सब मिलकर उसे अपने घर से बाहर निकालना चाह रहे थे।

# ज्ञान महाविद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** ज्ञान महाविद्यालय परिसर में गुरूवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। स्थानीय धर्मसमाज महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रोफेसर (डॉ) मुकेश कुमार भारद्धाज इस उत्सव में मुख्य अतिथि रहे। महाविद्यालय के चेयरमैन दीपक गोयल, अवैतनिक सचिव रितिका गोयल, ज्ञान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के निदेशक डॉ0 (इं) गौतम गोयल, मास्टर नेवान गोयल, महाविद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष असलूब अहमद तथा सदस्य अनिल खण्डेलवाल कार्यक्रम में उपस्थित रहे। धर्मसमाज महाविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक जे0पी0 सिंह, निम्स विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ0 के0सी0 सिंघल के साथ-साथ सर्वश्री एस0एस0 जौहरी, एस0सी0 गौड, तथा डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार अस्थाना आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्रबंधक मनोज यादव, प्राचार्य डॉ0 वाई0के0 गुप्ता, अपर प्राचार्या डॉ0 सोनाली गुप्ता, ज्ञान निजी आई0टी0आई0 के प्रधानाचार्य गौरव यादव के साथ-साथ ज्ञान महाविद्यालय तथा ज्ञान निजी आई0टी0आई0 के शिक्षक, विद्यार्थी तथा शिक्षणेतर वर्ग के व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

उद्घाटन की औपचारिकता के बाद सभी अतिथियों का औपचारिक रूप से स्वागत किया गया और महाविद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक नृत्य कर देवी स्तुति की। मेघा अरोरा ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया और छात्राओं ने सामूहिक नृत्य कर शिव जी की स्तुति की, मुख्य अतिथि तथा गणमान्य व्यक्तियों ने टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में आयोजित लोकगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले महाविद्यालय के छात्र गोविन्द प्रकाश एवं विश्वविद्यालय की महिला क्रिकेट टीम में चयनित महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान सिंह एवं मेघा जादौन के साथ-साथ विश्वविद्यालयी परीक्षा में बी0कॉम0 में प्रथम स्थान लाकर स्वर्णपदक प्राप्त करने वाले महाविद्यालय के छात्र अंश को सम्मानित किया। गत्वर्ष विश्वविद्यालय की परीक्षा में महाविद्यालय में अपनी-अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

# डॉ एस अहमद स्टार ऑफ मेडिसिन से दिल्ली में सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** डॉ एस अहमद स्टार (डायरेक्टर रॉयल हर्बल क्लीनिक लखनऊ) ऑफ यूनानी मेडिसिन के अवार्ड से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो हर साल की तरह मिनिस्ट्री ऑफ आयुष (भारत सरकार) की तरफ़ से 12 फरवरी को वर्ल्ड यूनानी मेडिसिन मनाया जाता है इसी कर्म मे आल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस वर्ल्ड यूनानी मेडिसिन डे का भी आयेजन करती है और देश भर मे यूनानी मेडिसिन फील्ड में काम करने वालो को सम्मानित करती है। इस बार अपने शहर के डॉक्टर एस अहमद का भी चयन हुआ। अवार्ड दिल्ली मे एक्स डिरेक्टर (सी सी आर यु एम) और सेक्रेटरी जनरल आल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के डॉ सय्यद अहमद खान और प्रोफेसर मुश्ताक अहमद फार्मर डायरेक्टर (सीसी आर आर यू एम) और प्रोफेसर मोहम्मद इदरीश पूर्व प्रिंसिपल आयुर्वेदिक और युनानी कॉलेज (करोल बाग दिल्ली) द्वारा दिया गया। डॉक्टर अहमद जी को यह अवार्ड उनके डिब्बी खिदमत और सामाजिक कार्य को देखते हुए दिया गया है। डॉक्टर अहमद जी को अवार्ड मिलने पर अपने शहर लखनऊ से और टिब्बी दुनिया से बहुत से डॉक्टर और हकीमो ने आपकी लंबी उम्र और सेहत की दुआएं दी और लोगों में खुशी का माहौल भी रहा।

# चीनी सेना का मनोबल बढ़ाते हैं राहुल गांधी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के यूपी प्रेस क्लब में वार्ता करते हुए बीआरओ से रिटायर्ड डायरेक्टर उदय शंकर श्रीवास्तव ने राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाया है जिसके चलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने तलब कर लिया है। भूतपूर्व डायरेक्टर बीआरओ उदय शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि 16 दिसम्बर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर भारतीय सेना और चीनी सेना के बीच हुई झड़प को लेकर विवादास्पद बयान दिया था जिससे भारत और भारतीय सेना का अपमान हुआ।



राहुल गांधी ने हंसते हुए कहा था कि लोग चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय सैनिकों की पिटाई के बारे में सवाल नहीं पूछेंगे। जबकि भारतीय सेना ने 12 दिसम्बर को ही आधिकारिक बयान जारी करके बता दिया था कि चीनी सेना भारत में अतिक्रमण कर रही थी जिसका हमारी सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया था। भूतपूर्व डायरेक्टर बीआरओ उदय शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि एक तरफ तो भारतीय सेना ने अपने दमखम से चीनी सेना को खदेड़ा दूसरी तरफ राहुल गांधी जैसे नेता अपनी सेना का मनोबल बढ़ाने की जगह उसकी जग हंसाई करवा रहे हैं। राहुल गांधी के इस शर्मनाक बयान ने श्री श्रीवास्तव को सार्वजनिक रूप से आहत किया और उन्होंने अगस्त 2023 में राहुल गांधी पर वाद प्रस्तुत किया था। भूतपूर्व डायरेक्टर बीआरओ उदय शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया था जिसमें अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय (एमपी एमएलए कोर्ट) आलोक वर्मा ने कांग्रेसी सांसद तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अपना पक्ष रखने के लिए लखनऊ तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को है जिसमें राहुल गांधी को आना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि देश में देशद्रोही इकोसिस्टम बनाम गवर्नमेंट सिस्टम बनाम राष्ट्रवादी लोग चल रहा है। राहुल गांधी चीनी सेना का मनोबल बढ़ाते हैं और भारतीय सेना को हतोत्साहित करते रहते हैं।

# लक्ष्मी नारायण चौधरी 15 फरवरी को अलीगढ़ में

**अलीगढ़।** प्रदेश के मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें एवं जनपद प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा 15 फरवरी को जनपद भ्रमण कर आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण एवं स्मार्ट क्लास का उद्घाटन करने के साथ ही कलैक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि मंत्री 15 फरवरी को प्रातः 10 बजे ब्लॉक इगलास के आंगनबाड़ी केंद्र साथिनी एवं 10:35 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इगलास का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि मंत्री जी द्वारा 11:45 बजे नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में नवनिर्मित स्मार्ट क्लाय का उद्घाटन किया जाएगा। 12:30 बजे सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक एवं विचार-विमर्श करेंगे और अपरान्ह 01 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो, कानून व्यवस्था, उद्यमी मित्रों एवं स्थानीय बैंकर्स के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

# लेखपाल व ग्राम प्रधान की मिलीभगत से हरे पेड़ो पर चल रहा आरा

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड टांडा ग्राम सभा फैकुलिया में साफ सफाई खलिहान की भूमि पर हरे भरे पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही हैं। जहां पर वर्तमान सरकार जनजीवन और पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए पेड़ों को लगातार वृक्षारोपण तथा संगठनो के माध्यम से गांव गांव तक पहुंच रही हैं। वहीं ग्राम सभा फैकुलिया खलिहान के जमीन पर किसानों के लगाये गये पेड़ों को, बगैर अनुमति के जेसीबी लगाकर धड़ल्ले से काटे जा रहे हैं वहीं ग्रामीण किसान भाइयों का कहना है कि उन्हें पेड़ वृक्षारोपण के दौरान मिले थे जिन पेड़ों को खलिहान भूमि पर लगाए गए थे अब उन पेड़ों को चंद रुपयो के लिए ग्राम प्रधान तथा लेखपाल के मिली भगत से जेसीबी लगा कर हरे भरे पेड़ों की अवैध कटाई कि जा रही हैं। जिसमें ग्रामीणों का कहना हैं कि पर्यावरण अस्त-व्यस्त होने से मानव जनजीवन को खतरा हैं। जिनके के संबंध में उपजिलाधिकारी टांडा को शिकायत करते हुए प्रार्थी ने दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग की हैं।

# नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के कब्रिस्तान रहे गुलज़ार

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शब-ए-बरात का त्योहार अकीदत व एहतेराम के साथ मनाया गया।इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान व दरगाहों एवं मस्जिदो में पूरी रात्रि इबादत कर मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी।शाम होते ही लोगों का परिवार के साथ कब्रिस्तान पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया दिवंगतो को याद कर उनकी आंखें नम हो गईं।नगर स्थित रौज-ए-हजरत कासिम,रुहाबाद, उस्मानपुर, जाफराबाद,नगपुर, मालीपुर, आदि कब्रिस्तानों में अकीदतमंदों ने पूर्वजों की कब्रों पर कुरान की तिलावत कर उनकी मगफिरत के लिए दुआएं मांगी। वहीं शिया समुदाय के लोगों ने 12 वे इमाम के जन्म दिवस पर पटाखे छोड खुशियां मनाई। शब -ए-बरात के अवसर पर घरों में बनने वाले हलुआ का बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। जाफराबाद स्थित मरहूम हाजी अमजद सेठ के इमाम बाड़े में रात्रि को ज़श्न-ए-कायम का आयोजन किया गया।

## सूचना

(न्याय.सूचना धारा 7 गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट 1890) न्याया. मा.प्रधान न्यायधीश परिवार न्याया.सहारनपुर प्रकीर्ण वाद सं.78 सन 2023 नवशीष श्यौरान पुत्र राजपाल श्यौरान नि. ग्राम मालैण्डी जिला शामली हाल निवासी शाकुम्भरी विहार तह. सदर थाना सदर बाजार सहारनपुर(प्रार्थी) बनाम श्रीमति साक्षी देवी पत्नी नवशीष श्यौरान पुत्री मनोज कुमार नि. गांव झबीरण तह. नकुड थाना सरसावा जिला सहारनपुर। हाल नि. मौहल्ला सरसावा थाना सरसावा जिला सहारनपुर 2- आम जनता विपक्षीगण....इत्तिला दी जाती है कि नवशीष श्यौरान ने प्रार्थना पत्र नाबालिग आयांश की अभिरक्षा दिलाये जाने हेतु गुजारी है लिहाजा यह इत्तिलानामा बामुराद उजरदारान दरपेशी मुकदमा बतायुन दी.11/3/2025 जारी किया जाता है कि अगर आपको या किसी को निस्बत दरखास्त के उज़र हो तो अन्दर मियाद मजकूर स्वयं या वकालतन 10 बजे दिन मेरे न्याया.में हाजिर होकर अपना उज्र करे/करावें इनकजाए मियाद मजकूर फिर उजर आपका किसी का न सुना जायेगा और हुकम मुनासिब निस्ब दरखास्त के सादिर होगा,मेरे हस्ताक्षर व न्याय.की मुद्रा से जारी किया गया।

**आज्ञा से प्रशा.अधिकारी प्रधान न्याया.परि.सहारनपुर**

# 15 फरवरी तक करें आवेदन

**अलीगढ़।** उप श्रम आयुक्त सियाराम ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि अटल आवासीय विद्यालय, टमकोली में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा-06 (70 बालक व 70 बालिका) एवं कक्षा-09 (70 बालक व 70 बालिका) की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में पात्र अभ्यर्थियों से अलीगढ़, हाथरस, एटा एवं कासगंज जिले में 15 फरवरी तक आवेदन-पत्र (ऑफलाइन) आमंत्रित किये जा रहे हैं।

# इंडियन बैंक द्वारा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इंडियन बैंक द्वारा होटल रेनेंसा में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री ब्रजेश कुमार सिंह द्वारा दिनांक 10.02.2025 को किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री सिंह ने राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में इंडियन बैंक की उपलब्धियों को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. हरि ओम आईएएस, प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने संबोधन में भाषा को जनता के साथ जोड़ने की बात कही। उन्होंने आम जन की भाषा को कार्यालयीन भाषा के रूप में व्यवहार किए जाने पर बल दिया। उद्घाटन के दौरान श्री गणेशरामन ए, मुख्य महाप्रबंधक, इंडियन बैंक एवं मनोज कुमार दास, महाप्रबंधक, इंडियन बैंक भी उपस्थित थे। ब्रजेश कुमार सिंह ने एफजीएमओ परिसर के नरही बाजार की तरफ स्थापित नए एटीएम का उद्घाटन भी किया। उद्घाटन के दौरान सीजीएम लखनऊ श्री सुधीर कुमार गुप्ता, डीजीएम श्री श्याम शंकर और जोनल हेड लखनऊ श्री प्राणेश कुमार भी उपस्थित थे। यह यात्रा बैंकिंग क्षेत्र में डिजिटलीकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जेपीसी के रिपोर्ट में संवैधानिक खामियां : शमसुल हसन उमरा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार करने के लिए बनाई गई संयुक्त संसदीय कमेटी की रिपोर्ट गुरुवार को राज्यसभा में पेश की गई। इसे लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महासचिव शमसुल हसन उमरा ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर भड़के कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महासचिव शमसुल हसन उमरा ने एक भेंट वार्ता के दौरान कहा कि जेपीसी की इस रिपोर्ट में गंभीर संवैधानिक खामियां हैं।



वक्फ एक्ट संशोधन विधेयक का विरोध करते हैं, क्योंकि वक्फ मुसलमानों का धार्मिक मामला है और उसमें गलत नीयत के साथ जो संशोधन किए जा रहे हैं, उसका मुसलमान विरोध करते हैं। सरकार को इस बात की इजाजत नहीं देंगे कि वे उनके धार्मिक मामलों में दखल अंदाजी करें। संविधान मुसलमानों को इस बात की इजाजत देता है कि वे अपने धर्म के अनुसार आचरण करें. वक्फ की संपत्ति पर गलत तरीके से कब्जा करने की किसी भी कोशिश का हम विरोध करेंगे और इसके लिए अगर हमें सड़कों पर उतरना पड़ेगा तो वो भी हम करेंगे. जहां तक बात बोर्ड में गैर मुसलमान को शामिल करने की बात है, तो मैं इसका पुरजोर विरोध करता हूं. क्या किसी मंदिर के ट्रस्ट में कोई गैर हिंदू रहता है? अगर किसी मुसलमान को हिंदू मंदिर के ट्रस्ट या फिर सिखों के गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी में जगह मिल जाती है, तो हमें भी वक्फ बोर्ड में किसी गैर मुसलमान को शामिल करने में कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन सच्चाई यह है कि सरकार की नीयत ठीक नहीं है, इसलिए हम इसका विरोध करते हैं। कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महासचिव शमसुल हसन उमरा ने कहा कि जेपीसी रिपोर्ट को मजाक बना रखा है। आगे कहा, याद रखिएगा इतिहास हमें माफ नहीं करेगा। ये आज शुरुआत है। आगे गुरुद्वारों की जमीन भी कब्जा करने का बिल लाएंगे, चर्च की जमीन पर भी कब्जा करने का बिल लाया जाएगा। ये सारी जमीनें कब्जा कर के वो चंद पूंजीपतियों को दे देंगे। सरकार मूलभूत समस्याओं से लोगों का ध्यान भटका रही है।

## NOTICE

hitherto known as Amit Srivastava S/O Ramdass residing at Village Jahagirpur, Firozabad Uttar Pradesh - 283203, have changed my name and shall hereafter be known as Sumit kumar.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this correction.

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स, बुन्टा भारत गैस, खसरा नं.283 ग्राम बुन्टा प्र. थानाभवन तह.ऊन ज़िला शामली का रजिस्ट्रेशन सहायक निबन्धक फर्म सोसायटी एवं चिट्स सहारनपुर मण्डल सहारनपुर के द्वारा दि.3.6.2023 को हुआ था। फर्म में रजिस्ट्रेशन के समय 1.अजय बिन्दल पुत्र जी.सी. बिंदल निवासी वी.वी. इण्टर कालेज रोड शामली जिला शामली 2. श्रीमती अंशु चौधरी पत्नी अनुज चौधरी निवासी माजरा रोड शामली जिला शामली साझीदार थे दि.11.10.2024 को फर्म में से श्रीमती अंशु चौधरी उपरोक्त ने अपनी साझेदारी समाप्त कर ली है अर्थात श्रीमती अंशु चौधरी ने फर्म उपरोक्त से अपना हिसाब किताब चुकता कर लिया है तथा अजय बिन्दल एक मात्र पार्टनर रह गया है और इस प्रकार दि. 11.10.2024 को फर्म डिजोल्ड हो गई।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरी संतान में दूसरे नंबर का पुत्र सुनील कुमार विगत कई वर्षों से हमारे कहने में नहीं है और वह अराजक तत्वों के साथ रहता है और उनके साथ ही अपने कार्यकलापों को संपादित करता है सुनील कुमार से हमने अपने सभी सामाजिक संबंध को समाप्त कर उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। सुनील कुमार किसी से लेन देनकर्ता है या वाद विवाद करता है तो वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी या मेरे परिजनों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सत्य प्रकाश पुत्र मोतीराम**
**निवासी प्रेम नगर कला थाना**
**तहसील महावन जिला मथुरा उत्तर प्रदेश**

# उत्तर प्रदेश में एग्री टूरिज्म को मिले बढ़ावाः राज्यपाल



**भारत में कृषि पर्यटन के माध्यम से कृषि शिक्षा एवं ग्रामीण विकास विषय पर कुलपतियों के 48 वें सम्मेलन को किया संबोधित**

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या एक जनपद ही नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की श्रद्धा का स्थल है। शहरों में रहने वाले ऐसे पर्यटक जो ग्रामीण जीवन के बारे में नहीं जानते वे गांव की परंपराओं संस्कृति और रीति रिवाज में भाग लेकर ग्रामीण जीवन के बारे में जान सकते हैं। महाराष्ट्र कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने वाला पहला राज्य है जहां सतारा, पुणे, नागपुर और नासिक में कई सफल एग्री टूरिज्म केंद्र विकसित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में कृषि का एक मजबूत आधार है और यहां एग्री टूरिज्म को बढ़ावा देकर पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य प्रदान किया जा सकता है। विश्वविद्यालय शोध प्रशिक्षण, जागरूकता नीति निर्माण और तकनीकी सहायता प्रदान कर किसानों को सशक्त बना सकते हैं। कृषि विश्वविद्यालयों को एग्रो टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित कर सकते हैं जहां छात्र किसान और आम जनता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और वेबसाइटों के माध्यम से किसानों को उनके एग्रो टूरिज्म व्यवसाय के प्रचार प्रसार में मदद कर सकते हैं। भारत में जीडीपी को बढ़ाने में सबसे बड़ा योगदान माताओं और किसानों का है। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों को ईमानदारी से कार्य कर अपने संकल्पों को पूरा करना चाहिए। अयोध्या का आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि पहली बार में ही नैक में A++ हासिल किया जो सराहना के योग्य है। प्रदेश की राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में कही। वह ÷भारत में कृषि पर्यटन के माध्यम से कृषि शिक्षा एवं ग्रामीण विकास÷ विषय पर भारतीय कृषि विश्वविद्यालयों के 48वें कुलपति सम्मेलन को संबोधित कर रहीं थीं।

राज्यपाल ने कहा कि भारत के सभी कृषि विश्वविद्यालय भारत में कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर कार्य करें। कहा कि आचार्य कृषि एवं प्रौद्योगिक परियोजना की मदद से कृषि पर्यटन केंद्र स्थापित कर रहा है। ग्रामीण युवाओं को कृषि आधारित पर्यटन में कौशल प्रदान करने और आय के अवसरों को बढ़ाने के लिए कृषि पर्यटन पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की भी जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि बजट अच्छे विश्वविद्यालयों को मिलना चाहिए जो कार्य करें। जो काम नहीं करें उन विश्वविद्यालयों में बजट का पैसा छात्र-छात्राओं को दे देना चाहिए जिससे वे शोध एवं शिक्षा के कार्यों को कर सकें। विदेशों के साथ एमओयू करने की जरूरत है और उनके यहां हो रहे कार्यों को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोग छुट्टियां मनाने विदेशों में जाते हैं लेकिन उन्हें अपने देश के पर्यटन स्थलों पर ही जाना चाहिए जिससे व्यवस्थाओं में और सुधार किया जा सके। छात्र-छात्राओं में जो भी प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएं उनमें चार से पांच विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को शामिल करना चाहिए जिससे कि उनकी सही प्रतिभा की पहचान हो सके। आईएयूए के उपाध्यक्ष व केयू. गांधीनगर के कुलपति डा. एन.एच. केलावाला ने सम्मेलन के बारे में सभी को अवगत कराया तो वहीं दूसरी तरफ आईएयूए के अध्यक्ष व भरसार के कुलपति डा. परविंदर कौशल ने भारतीय कृषि विवि संघ नई दिल्ली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर एग्री टूरिज्म पर सोमनियर, प्राकृतिक खेती, नवाचार सहित अन्य पुस्तकों का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं जल भरो के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने विवि कुलगीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। कुलपति ने राज्यपाल व समस्त अतिथियों को पौधा व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। जीपीबी विभागाध्यक्ष डा. संजीत कुमार के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 48वां कुलपति सम्मेलन इस बार आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि व भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। स्वागत संबोधन आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह एवं कुलसचिव डा. पी.एस प्रमाणिक ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. सुप्रिया ने किया।

एग्री टूरिज्म को बढ़ावा देने में कृषि विश्वविद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण-शाही

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि भारत दर्शन कर रहा हूं जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यह उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक एवं पौराणिक धरोहरों से भरी हुई है। उन्होंने कहा की एग्री टूरिज्म में अपार संभावनाएं हैं और विश्वविद्यालय उसके महत्वपूर्ण केंद्र हैं। आचार्य नरेंद्र देव एग्री टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए नए-नए पाठ्यक्रमों व डिप्लोमा कोर्सों की शुरुआत करने जा रहा है जो सराहना के योग्य है।

# अयोध्या में राज्य महिला आयोग की जनसुनवाई, 38 प्रकरणों का निस्तारण




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश॰ उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ऋतु शाही की उपस्थिति में सर्किट हाउस अयोध्या में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 38 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 18 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि अन्य मामलों के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, मार-पीट, पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार, पुलिस विभाग से सम्बंधित मामलों, कब्जे व दहेज उत्पीड़न सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुईं। मा. सदस्य ने सभी मामलों को गम्भीरता से सुना और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए तत्परता से कार्यवाही की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ इन महिलाओं को शीघ्र दिलवाया जाएगा।

श्रीमती ऋतु शाही ने प्रेसवार्ता में बताया कि महिलाओं के उत्पीड़न से सम्बंधित प्रकरणों का तुरन्त निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर प्रकरणों को सुलझाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, कई मामलों को आपसी समझौते के माध्यम से भी निस्तारित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में महिलाओं के मामलों में संवेदनशीलता से सुनवाई की जाती है, और अगर किसी महिला को लगता है कि कार्यवाही में देरी हो रही है, तो राज्य महिला आयोग उनके साथ है और त्वरित कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। जनसुनवाई के आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के उत्पीड़न को रोकना और उन्हें न्याय दिलवाना है। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, शिकायतकर्ता और उनके परिजन उपस्थित रहे।

# झुनझुनवाला पीजी कॉलेज में हेरिटेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्थानीय झुनझुनवाला पी0जी0 कॉलेज में प्राचीन इतिहास विभाग के तत्वाधान में ÷भारत की बहुमुखी विरासत÷ को उजागर करने और छात्रों में अपने इतिहास की परंपरा के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से एक हेरिटेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 65 छात्रों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में बी0ए0 की छात्रा श्रेष्ठा शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, द्वितीय स्थान बी0ए0 की छात्रा श्रद्धा और बी0बी0ए0 की छात्रा बुतुल फातिमा ने साझा किया। तृतीय स्थान पर बी0ए0 की छात्रा लायबा खान, रिषभ राज और बी0बी0ए0 के छात्र राज यादव रहे।इस प्रतियोगिता के संयोजक प्राचीन इतिहास विभाग के सहायक आचार्य विमल सिंह यादव रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. सी0बी0 सिंह, सुनील आनंद और श्याम भरत पाठक ने प्रतियोगिता का संचालन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरिता मिश्रा ने विजेता छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।विमल सिंह यादव ने इस अवसर पर कहा, छात्रों को समय-समय पर जागरूकता का कार्य करना चाहिए ताकि प्राचीन इतिहास व ऐतिहासिक धरोहर के बारे में जानकारी मिल सके। हम यही कामना करते हैं कि छात्रों का भविष्य उज्जवल हो और वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के बीच भारतीय संस्कृति और इतिहास के प्रति जागरूकता को और बढ़ाया और उनके भविष्य के लिए एक प्रेरणा स्रोत साबित हुआ।

# विद्युत चोरी रोकने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

## बिजली चोरी करने पर लगेगा जुर्माना, होगी जेलः जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशानुसार विद्युत विभाग द्वारा पीएसी बल के साथ जनपद में विद्युत चोरी के प्रकरणों को रोकने के लिए चैकिंग अभियान चलाया गया। चोरी के प्रकरणों को रोकने से न केवल पोषक पर भार घटेगा अपितु सरकार के राजस्व में भी बढोत्तरी होगी। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि कि विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 138 (बी) बिजली की लाइन के साथ मीटर को अनधिकृत रूप से फिर से जोड़ने के अपराध से संबंधित है, जिसका अर्थ है कि अगर कोई व्यक्ति बिजली की आपूर्ति कट जाने के बाद अवैध रूप से फिर से जोड़ता है, तो उसे तीन साल तक की कैद या 10,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। अनधिकृत रूप से फिर से कनेक्शन के माध्यम से बिजली चोरी को अनिवार्य रूप से अपराध माना जाता है। विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 बिजली चोरी के अपराध से संबंधित है। इसमें कहा गया है कि बिजली चोरी करने पर कारावास, जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। 15 जनवरी से 11 फरवरी तक विभिन्न खण्डों में चलाए गये चैकिंग अभियान के दौरान 3201 रेड डाली गयी जिसमें 801 विद्युत चोरी के प्रकरण पकडे गये। इन विद्युत चोरी के 381 प्रकरणों में 135 एवं 420 प्रकरणों में 138बी के अनुसार एफआईआर दर्ज करा दी गयी है। इस दौरान जनपद के 1466 बडे बकायादारों को विच्छेदित किया गया जिन पर कुल 761.10 लाख की धनराशि बकाया है। चैकिंग से पूर्व पोषक पर 1318 एम्पीयर का भार था जो अब घटकर 1090 एम्पीयर रह गया है। चैकिंग अभियान में 109 लाख की विद्युत चोरी पकड़ी गयी। चैकिंग अभियान के दौरान 15 जनवरी को विद्युत नगरीय वितरण खण्ड जनकनगर के 11 केवी पोषक किशनपुरा, पुलखुमरान एवं हुसैनबस्ती में चैकिंग अभियान चलाया गया। 16 जनवरी को विद्युत नगरीय वितरण खण्ड प्रथम के ढोली खाल एवं दाउद सराय में, 17 जनवरी को विविख नकुड़ के गंगोह प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय में, 18 जनवरी को विविख द्वितीय के मनानी में, 20 जनवरी को विविख सरसावा के नवादा एवं रायपुर में, 21 जनवरी को विविख सरसावा के पंचकुआ, लालवाला, पठेड में, 22 जनवरी को विविख बेहट के कमेशपुर, छुटमलपुर में, 23 जनवरी को विविख द्वितीय के फिरहेडी, 24 जनवरी को विविख नकुड़ के सरसावा रोड़, 25 जनवरी को विविख नकुड़ के खारीबांस, 27 जनवरी को विविख देवबन्द के नागल, 28 जनवरी को विविख देवबन्द के नन्हेडा एवं बुड्ढाखेडा, 29 जनवरी को विविख सरसावा के संकरपुर एवं हसनपुर, 30 जनवरी को विनविख प्रथम के गोटेशाह बरेलियों का मदरसा, 31 जनवरी को विनविख जनकनगर के जैनबाग, वर्धमान, धोबीघाट एवं निसार रोड पर चैकिंग अभियान चलाया गया।

इसी प्रकार 01 फरवरी को विद्युत वितरण खण्ड बलियाखेडी के घाटेडा, 03 फरवरी को विविख बलियाखेडी के लण्ढौरा, 04 फरवरी को विविख बलियाखेडी के बडेडी, 05 फरवरी को विविख बेहट के गणेशपुर, 06 फरवरी को विविख बेहट के खुजनावर, 07 फरवरी को विविख देवबन्द के खेडामुगल, 10 फरवरी को विनविख प्रथम के मेहंदी सराय, गढी चुंगी, 11 फरवरी को विनविख द्वितीय के किशनपुरा, पुलखुमरान एवं हुसैनबस्ती में चैकिंग अभियान चलाया गया।

# घर-घर जाकर जनता को कराये पीडीए से अवगतः महजबी

**सहारनपुर।** सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष महजबी खान ने कहा कि केन्द्र व उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार समाज को जाति व धर्म के नाम पर बांटने का काम कर रही है, जबकि समाजवादी पार्टी दलितों, पिछड़ो व अल्पसंख्यकों को एक जुटकर उनके अधिकारों की सुरक्षा करने का काम कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर पीडीए के बारे में जागरूक करने का आह्वान किया। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष महजबी खान आज नकुड़ विधान सभा क्षेत्र के गांव बान्दुखेड़ी महिला सभा की विधान सभा अध्यक्ष मुशय्यदा के आवास पर समाजवादी पार्टी द्वारा चलाये जा रहे पीडीए अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि महिला सभा की कार्यकर्ता घर-घर जाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के पीडीए के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें, क्योंकि समाजवादी पार्टी में ही पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों का हित सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि जब तक पिछड़े, दलित व अल्पसंवख्यक एक जुट नहीं होंगे, तब तक पूंजीवादी ताकतें उनके अधिकारों को इसी तरह दबाने का काम करते रहेंगे। नकुड़ विधान सभा अध्यक्ष मुशय्दा ने कहा कि महिला सभा की कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं को पीडीए के बारे में जागरूक करने का काम करेगी। सपा के राष्ट्रीय महासचिव चौ.रूद्रसैन के प्रतिनिधि चौ.प्रवीन बान्दुखेड़ी ने कहा कि महिलाएं समाजवादी पार्टी के संदेशवाहक के रूप में घर-घर जाकर महिलाओं को जागरूक करने का काम करें, ताकि आगामी विधान सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाये जाने का काम किया जा सकें। इस दौरान जिला सचिव साबरीन, गंगोह विधान सभा अध्यक्ष जिंदी बेगम आबदा, सईदा, शमीम, मनीषा, जयबुन, सोम्मी, मेहराज, राजदा, मनीषा, नूरजहां, छम्मो, संजिदा, सारिका, हिना, अफसाना, लतीफन, शाईस्ता, इसराना आदि मौजूद रहे।

# पीएनबी एमएसएमई आउटरीच लोन एक्सपो एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन हुआ

**अयोध्या।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा एक दिवसीय एमएसएमई लोन एक्सपो कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित एवरग्रीन लॉन में आयोजित हुआ, जहां बैंक से जुड़े विभिन्न लाभों और सरकारी योजनाओं के प्रति ग्राहकों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में बैंक हेड ऑफिस के अधिकारी अवधेश तिवारी और जिला उद्योग कमिश्नर अमरेश पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। लोन और बैंकिंग से संबंधित सभी आवश्यक सेवाओं के लिए एमएसएमई कार्यालय में विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जहां बैंक के पदाधिकारियों ने ग्राहकों की शंकाओं का समाधान किया और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया, इसके साथ ही डेढ़ सौ करोड़ की लीड प्राप्त हुई। इस कार्यशाला में सात शाखों के ग्राहक और शाखा प्रमुख मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान इवेंट मैनेजमेंट कंपनी द्वारा कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। अंजलि और प्रीति ने राम स्तुति पर नृत्य प्रस्तुति दी।अंकित सिंह ने सदाबहार गीत गाकर समां बांधा। वेद तिवारी, मानस शर्मा, देव निरंजन और राज गौतम ने अपने म्यूजिकल बैंड के साथ शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान बैंक के मंडल प्रमुख नीरज गुप्ता, अवधेश तिवारी , अशोक पांडेय सहित कई बैंक के अधिकारी मौजूद रहे।

# जल्द मिलेगा ड्रग वेयर हाउस,9.18 करोड़ की लागत से बीकापुर में तैयार हो रहा ड्रग वेयर हाउस

**अयोध्या।** अयोध्या को जल्द ही एक ड्रग वेयर हाउस मिलने वाला है। यह लगभग तैयार हो चुका है। मार्च के बाद तक इसका संचालन किया जाना है। इसके निर्माण से क्षेत्र में दवाइयों की उपलब्धता बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के हर जिले में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ड्रग वेयर हाउस बनाया जा रहा है। इस व्यवस्था से जनपद स्तर तक दवाओं की किल्लत समाप्त होगी। अयोध्या में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत आवास विकास परिषद द्वारा बीकापुर में ड्रग वेयर हाउस निर्माण कराया जा रहा है। यह दो तल का है। इसमें गोदाम, कार्यालय के साथ-साथ कोल्ड चेन कक्ष भी शामिल हैं।

**9.18 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण**

ड्रग वेयर हाउस के निर्माण की लागत 9 करोड़ 18 लाख रुपये है। इसका निर्माण मार्च 2023 में शुरू किया गया था। दिसंबर 2024 तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य था। हालांकि अब डेडलाइन मार्च 2025 कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के जेई एसबी सिंह ने बताया कि मार्च के अंत तक कार्य के पूरा होने की संभावना है।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर होगी सीधी आपूर्ति**

ड्रग वेयर हाउस का निर्माण कार्य लगभग 95 फीसदी पूरा हो गया है। इसका संचालन सीधे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से होगा और यहां बाकायदा फार्मासिस्टों और अन्य स्टाफ की तैनाती की जायेगी। इतना ही नहीं यहां भी जिला स्तरीय ड्रग वेयर हाउस की तरह सभी जीवन रक्षक और अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहेंगी। खास बात यह है कि बीकापुर में इस ड्रग वेयर हाउस के बनने से हैदरगंज, तारुन, बीकापुर सीएचसी समेत अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की सीधी आपूर्ति होगी।

# महाविद्यालय में स्मार्टफोन-टैबलेट वितरण का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा एम.एड. और एम.ए.के विद्यार्थियों के लिए आयोजित स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण योजना के तहत श्री विनायक स्नातकोत्तर महाविद्यालय खजुराहट , अयोध्या में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए गए।प्राचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷उत्तर प्रदेश सरकार ने विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित करने की योजना शुरू की है ताकि वे डिजिटल शिक्षा से जुड़ सकें और अपने अध्ययन में और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। यह कदम उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।÷उन्होंने आगे कहा, ÷इस डिजिटल युग में तकनीकी संसाधनों का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। टेबलेट प्राप्त करने से छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा, शैक्षिक सामग्री, और अन्य डिजिटल संसाधनों तक पहुंच में मदद मिलेगी, जो उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होंगे।÷इस योजना से छात्रों में बहुत उत्साह था, क्योंकि यह उनके लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वि वि द्वारा 50 वें स्थापना दिवस के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में दिनांक 13 फरवरी 2025 को विश्वविद्यालय के 50वें स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर साहित्य गतिविधि समिति द्वारा ÷वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संत कबीर की प्रासंगिकता÷ विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समिति के संयोजक प्रो अनूप कुमार ने बताया की इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संत कबीर के विचारों एवं शिक्षाओं को आधुनिक संदर्भ में समझने, उनके महत्व पर विचार करने और वर्तमान समाज में उनकी प्रासंगिकता पर विमर्श करने के लिए प्रेरित करना था।उन्होंने साहित्य गतिविधि समिति के सदस्यों व सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि ÷संत कबीर सामाजिक सौहार्द के प्रतीक माने जा सकते हैं इसलिए आज के सन्दर्भ में वे बड़े प्रासंगिक हैं।डी एस डबल्यू प्रो नीलम पाठक ने कहा कि संत कबीर ने अपने दोहों के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों, पाखंड और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई थी। उनके विचार केवल धार्मिक या दार्शनिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक जीवन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बायोकेमेस्ट्री के विभागाध्यक्ष प्रो फारूख जमाल ने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज में एकता, सहिष्णुता और नैतिक मूल्यों की आवश्यकता अधिक महसूस की जा रही है, तब कबीर के विचार हमें एक समरस समाज की ओर अग्रसर करने में सहायक हो सकते हैं। समिति के सह संयोजक डॉ सुरेंद्र मिश्रा ने विद्यार्थियों को संत कबीर के विचारों की व्यापकता को समझने और उन्हें अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता के संचालन में डा महेन्द्र सिंह,डॉ प्रतिभा त्रिपाठी, डा प्रतिभा, रत्नेश यादव ,विनय शर्मा , दीक्षा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# मुस्लिमों ने शबएबरात अकीदत से मनाई



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** बृहस्पतिवार को शबएबरात के मुतल्लिक अवधनामा की टीम मदरसा जामिया रिजविया नुरुलूलूम सिविल लाइन महराजगंज के प्रिंसिपल मौलाना मोहम्मद शहाबुद्दीन मिस्बाही कामिल से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शाबान का महीना इस्लाम के लाने वाले हजरत मोहम्मद (स,अ,व ) का महीना है इसको आपने फरमाया रमजान अल्लाह का महीना है और शाबान मेरा महीना है। इसकी फजीलत( फायदे) यह है कि इस महीने की इस्लामिक तारीख 15 वीं शाबान की रात में दिन डूबते ही अल्लाह पाक की तजल्लियां पहले आस्मां पर बिखर जाती है और अल्लाह पाक खुद फरमाता है कि बंदों आज की रात में जो सवाल करोगे तुमको सवाल के मुताबिक हर चीज आता की जाएगी जैसे किसी के पास औलाद नहीं है तो औलाद आता की जाएगी। कोई बीमार है तो उसको शिफा दी जाएगी। कोई लाचार व मजबूर है तो उसको लाचारी से निकालकर खुशहाली अता की जाएगी।किसी के पास रोजी की कमी है तो उसे भरपूर रोजी अता की जाएगी। मौलाना मिस्बाही ने बताया कि इस रात में इस रात में ज्यादा से ज्यादा नफ़ल नमाजे व जिक्र व विरद पढ़नी व करनी चाहिए व बक्शीस की दुआ करनी चाहिए ताकि अल्लाह की रहते ज्यादा से ज्यादा बंदों पर उतरे । इस रात में रूहें आजाद हो जाती हैं और अपने अपने रिश्तेदारों से गुनाहों की बक्शीस की दुआएं मांगती हैं मौलाना मिस्बाही ने मुस्लिमों से यह इल्तज़ा किया कि इस मुबारक रात में नबी करीम सल्लालाहों अलैहे वसल्लम खुद कब्रिस्तान गए और अपने सभी कब्रिस्तान वालों के लिए दुआएं मगफिरत मांगी इसलिए सभी मुसलमानों को उपरोक्त बयान की गए चीजों पर अमल करना चाहिए।

# रोजगारपरक योजनाओं पर कलेक्ट्रेट सभागार में हुई चर्चा



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

जिसमें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी सहित विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी ली।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में भौतिक लक्ष्य 127 के सापेक्ष 321 आवेदन विभाग द्वारा विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए जा चुके हैं। इनमे अलग-अलग बैंकों द्वारा 170 आवेदनों को स्वीकृत किया गया है और 134 मामलों में ऋण वितरित भी किया जा चुका है। योजना में जनपद की प्रगति सीएम डैशबोर्ड पर निर्धारित लक्ष्य 117.70 प्रतिशत के सापेक्ष 221.08 प्रतिशत रही। उन्होंने बताया कि ओडीओपी योजना के तहत 24 लक्ष्य के सापेक्ष 36 आवेदन बैंको को भेजे गए हैं, जिसमे 25 आवेदनो को स्वीकृत करते हुए विभिन्न बैंकों द्वारा सभी मामलों में ऋण का वितरण किया गया जा चुका है। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर ऋण वितरण का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने व्यापारियों को जीएसटी रिटर्न भरने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। इस संदर्भ में सभी व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक कर जीएसटी प्राप्ति बढ़ाने के लिए कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, उपायुक्त राज्यकर अजीत कुमार सिंह, सहायक आयुक्त उद्योग राकेश जयसवाल सहित उद्योग और व्यापार मंडल के प्रतिनिधि एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

# माघी पूर्णिमा के अवसर पर महाआरती का आयोजन



**निचलौल (महराजगंज)।** भारत-नेपाल सीमा स्थित बेलवा घाट पर में माघी पूर्णिमा और संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर 139वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिमरी नौतनवा के मुखिया खूब लाल बड़घडिया ने रहे। उन्होंने कहा कि नारायणी गंडकी महाआरती के माध्यम से हम पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति जन जागरूकता फैलाने का काम किया जा रहा है। सत्यनारायण शुक्ल ने कहा कि हमें संत शिरोमणि रविदास जी के आदर्शों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा विशिष्ट कार्य हेतु कई महत्वपूर्ण व्यक्तित्वों को अंग वस्त्रम से सम्मानित किया। कथा, पूजा-पाठ, और हवन द्वारा विश्व शांति की कामना किया गया। इस मौके पर प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान भगदड़ में दिवंगत आत्माओं के प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया गया।

# यूनानी चिकित्सा पद्धति की योगदान पर हुई चर्चा




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** मशीहुल मुल्क हकीम अजमल खान के जन्मदिवस पर नगर के लिग्रैंड होटल में यूनानी डे भव्य रूप से मनाया गया। जिसमें जनपद के यूनानी चिकित्सक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सक मौजूद रहे। इस दौरान यूनानी चिकित्सा पद्धति पर विस्तार से चर्चा हुआ।

डॉ0 हिफजुर्रहमान ने यूनानी चिकित्सा के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि यह चिकित्सा की प्राचीन पद्धति हैं। यूनानी संघ के अध्यक्ष डा. जावेद अली अन्सारी ने बताया कि यूनानी चिकित्सा पद्धति एक प्राचीन उपचार प्रणाली है, जिसकी उत्पत्ति लगभग 2500 वर्ष पूर्व ग्रीस (यूनान) में हुई थी। इसकी नींव हिप्पोक्रेट्स ने रखी थी, जिन्हें आधुनिक चिकित्सा का जनक माना जाता है। इस पद्धति के अनुसार, मानव शरीर चार प्रमुख तत्वों से मिलकर बना है॰ दम (रक्त), बलगम (कफ), पीला पित्त (सफ़रा), और काला पित्त (सौदा)। इन तत्वों के संतुलन से स्वास्थ्य निर्धारित होता है, जबकि असंतुलन रोगों का कारण बनता है।

आप सभी चिकित्सकों का स्वागत किया। इस दौरान डा सैयद जैनुल आबेदीन, डा सलीम खान आईएमए संघ के अध्यक्ष डा ठाकुर भरत श्रीवास्तव, बरिष्ठ महिला चिकित्सक डा रश्मि श्रीवास्तव, डा एएच खुसरो, डा अबरार खान, डा एसके वर्मा, डा राकेश राय कौशिक, डा अहसन एजाजी, डॉ तरन्नुम सुल्ताना सहित काफी संख्या में चिकित्सक मौजूद रहे।

## समाजवादी पीडीए जन चौपाल का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झूलनीपुर सेक्टर में सपा द्वारा समाजवादी पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष हरिनरायन यादव ने की। पीडीए जन चौपाल में पूर्व सपा प्रत्याशी उग्रसेन प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा की तानाशाही एवं अलोकतांत्रिक सरकार को हटाने का समय आ गया।पीडीए समाज को एकजुट होकर इस सरकार को हटा देना चाहिए। समाजवादी सरकार में पेंशन, लोहिया आवास, फ्री लैपटॉप पर चर्चा हुई। और उन्होंने कहा पीडीए एकता ही शोषण करने वालों और अपमानजनक व्यवहार से बचाएगी पीडीए आरक्षण को बचाने की ढाल बनेगा आपके बच्चों के भविष्य को अच्छा बनाने का एक अकेला रास्ता है पीडीए का एक भी वोट बटा तो उसका नुकसान आपको ही भुगतना पड़ेगा एक भी वोट ना तो बट पाए और ना ही घट पाये ।आपकी आवाज देश की सबसे बड़ी सदन में उठाई जा सके। भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा किसान परेशान हैं। पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम का संचालन छात्रसभा के जिलाध्यक्ष विष्णु उमर ने किया। इस दौरान उग्रसेन सिंह, हरिनारायण यादव, रामू यादव, आज्ञाराम यादव, दिनेश यादव, तेजे, टेकई काका, अलाउद्दींन प्रधान, अबूबकर, गुड्डू सिंह, विष्णु उमर आदि ग्रामीण मौजूद रहें।

# डीएम ने की मुख्यमंत्री डैश बोर्ड की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में गुरुवार को मुख्यमंत्री डैश बोर्ड (विकास कार्यो) की समीक्षा बैठक कलक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम कुसुम योजना, फसल अवशेष प्रबन्धन, फसल बीमा योजना व अन्य सभी योजनाओ के समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि लाभार्थियो को इसका लाभ दिलाना सुनिश्चित करे। फसल बीमा के अन्तर्गत प्रत्येक तहसील में कैम्प लगाकर अधिक से अधिक पंजीकरण कराकर इसमें प्रगति लाये। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि मध्यान्ह भोजन प्रत्येक विद्यालय पर गुणवत्तापूर्ण बनना चाहिए जितने बच्चे उपस्थित उतने ही दर्शाये जाये। इसके साथ ही नामांकन के सापेक्ष शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराये। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जो भी पंचायत भवन का निर्माण हो रहा है उसे मानक अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण कराये। जिन ग्रामो में पंचायत भवन निर्माण हेतु धनराशि प्रेषित की गयी है उन ग्रामो में पंचायत भवन का निर्माण कराना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही टाइल्स, फर्नीचर व अन्य सभी कार्य कराना सुनिश्चित करे। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत ट्रान्सफार्मर बदलवाना सुनिश्चित करे। कोई भी ट्रान्सफार्मर खुले में न रहे जाली लगाने का निर्देश दिया। शेड्यूल अनुसार विद्युत आपूर्ति करने का निर्देश दिया। माध्यमिक विद्यालय के भवन निर्माण की समीक्षा की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि एम्बुलेस समय से लाभार्थी तक पहुँचे। इसके साथ ही आवश्यक उपकरण एम्बुलेंस में होना चाहिए। लाभार्थियों का फीडिंग समय से पूर्ण कराये तथा अनुदान समय से प्रेषित कराने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो एवं कनेक्शन का कार्य की प्रगति कम पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। फैमिली आईडी0 बनवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया। कृषि रक्षा रसायन का अनुदान डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खाते में प्रेषित करने का निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्यो को समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री डैश बोर्ड (विकास कार्यो) की समीक्षा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय सोलर लाइट योजना, सोलर स्ट्रीट लाइट बीकेएस ग्राम उन्नति योजना, विद्युत विभाग द्वारा खराब ट्रांसफार्मर को बदलने में, कृषि रक्षा रसायन डी0बी0टी0, एम्बूलेंस सेवा(102), टेली रेडियोलाजी, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, मोबाइल मेडिकल यूनिट, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग, सामाजिक वनीकरण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, कन्या विवाह सहायता योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन आदि की समीक्षा की। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा नेडा विभाग, उद्यान, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, जल निगम, पंचायती राज, पर्यटन, वन विभाग, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण विभाग (सामूहिक विवाह), फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, लोक निर्माण, श्रम एवं सेवायोजन, आदि विभागों के कार्यो की समीक्षा की गयी।

## लोटन ठोठरी मार्ग के चौड़ीकरण के लिए पूजन हुआ



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोटन-ठोठरी मार्ग सड़क के चौडीकरण को लेकर बृहस्पतिवार को सदर विधायक श्यामधनी राही ने भूमि पूजन कर कार्य को प्रारम्भ करा दिया। भूमिपूजन के दौरान विधायक ने बताया कि विधिवत कार्यक्रम सांसद जी के आने पर होगा।चूंकि सड़क बनाने के लिए ठेकेदार को एक वर्ष मिला हुआ है। कार्य में देरी होने के कारण भूमिपूजन जल्दी कर दिया गया। जिससे कार्य प्रारम्भ हो सके।आगे उन्होंने कहां कि यह सड़क नेपाल व भारत के सीमा से जुड़ी हुई काफी लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही थी।इस लिए सांसद जी और मेरे संयुक्त प्रयास से माननीय मुख्य मंत्री जी ने सड़क निर्माण के लिए 175.49 लाख रुपये प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग सिद्धार्थनगर को मंजूर कर अवमुक्त कर दिया है। जिसमें 6 किलो मीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा। इस दौरान ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह,मुसे सिंह दिग्विजय सिंह, राम नेवास यादव,निरंजन चौरसिया सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## क्रिकेट क्लब ने किया प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बानगंगा किक्रेट क्लब द्धारा आयोजित बानगंगा प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मैच में मुख्य अतिथि आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया और क्वार्टर फाइनल में प्रतिभाग कर रही नीबी किक्रेट क्लब व झरुआ किक्रेट क्लब टीम के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किक्रेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नीबी किक्रेट क्लब की टीम ने 8 ओवर में तीन विकेट खोकर 145 रन बनाये।दीपू चौरसिया 60 रन , कप्तान महेंद्र चौरसिया 27 रन व शिवम् 24 रनों का योगदान दिया। जबाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी झरुआ किक्रेट क्लब की टीम ने 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 89 रन ही बना पाई। और 56 रनों से हर गयी। नीबी किक्रेट क्लब ने यह मैच 56 रनों से जीत दर्ज किया।मैन ऑफ द मैच नीबी किक्रेट क्लब के खिलाड़ी दीपू चौरसिया को मिला। अंपायर सुग्रीव व पल्लू रहे। इस दौरान नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सभासद अनूप कसौधन, मनीष श्रीवास्तव, रोहित गुप्ता, विक्रांत सिंह, आयोजन समिति अध्यक्ष महेंद्र चौरसिया, सोनू, कलीम, दीपू, अल्ताफ आदि लोग मौजूद रहें।

# आठ मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता को लेकर बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विरजेन्द्र कुमार सिंह के दिशा-निर्देश में 8 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु बीरेन्द्र कुमार नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में जिले के प्रशासनिक अधिकारीगण व बैक के अधिकारीगण के साथ विशेष बैठक किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमाशंकर द्वारा बताया गया कि विगत दिवस से अधिक मामले निस्तारित किये जाने हेतु प्रयास किया जा रहा है तथा अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ द्वारा बताया गया कि 10582 मामले लोक अदालत हेतु चिन्हित किये जा चुक है तथा न्यायालय द्वारा निर्गत नोटिसों का सम्यक तामीला कराया जा रहा है।

श्रम विभाग द्वारा 1000 मामले, जिलापूर्ति कार्यालय द्वारा 6624 मामले, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 800 मामले, बाटमाप विभाग द्वारा 1829 मामले, वन विभाग द्वारा 40 मामले, सोनाटा फाइनेन्स द्वारा 105 मामले, नगर पालिका परिषद द्वारा 533 मामले, भारतीय दूर संचार निगम लि0 द्वारा 353 मामले, सहायक आयुक्त स्टाम्प कार्यालय द्वारा 30 मामले, इण्डियन बैंक द्वारा 250 मामले, बैंक आफ इण्डिया द्वारा 220 मामले, बड़ोदा यू0पी0 बैंक द्वारा 4200 मामले, यूनियन बैंक द्वारा 480 मामले व विद्युत विभाग द्वारा 2100 मामले चिन्हित किये गये है। बैंक अधिकारीगण को यह निर्देशित किया गया कि वे एनपीए व ऋण वसूली संबंधी ऐसे मामले जो लोक अदालत में निस्तारित किये जा सकते हैं को चिन्हित कर उनके निस्तारण हेतु प्रयास किये जाये। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि वे तहसील विधिक सेवा समितियों के माध्यम से जिला मुख्यालय तथा विभिन्न तहसीलों में ऐसे स्थान जहां जनसामान्य की अधिकाधिक संख्या मौजूद हो जैसे न्यायालय, कलेक्ट्रेट, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, हाट बाजार तहसील मुख्यालय, बैंक आदि जगहों पर लोक अदालत की भव्य सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु लोक अदालत एवं उसमें नियत की जा सकने वाले वादों की अधिकाधिक जानकारी व प्रचार-प्रसार हेतु प्रयास करे व जनसहभागिता सुनिश्चित करें।

## महोत्सव में देश व प्रदेश के कलाकार लेंगे भाग

**अंबेडकरनगर।** आगामी 22 से 24 फरवरी तक राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर पर अंबेडकरनगर महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। इसमें देश व प्रदेश के कई कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। तैयारियों को लेकर मंगलवार को डीएम अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट में बैठक कर रूपरेखा तैयार की। एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता ने प्रस्तावित रूप रेखा व प्रत्येक विभाग को महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सौंपे गए दायित्वों की जानकारी प्रदान की। डीएम ने संबंधित विभागों के अफसरों को तत्काल महोत्सव की तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। बच्चों के लिए झूले, खान-पान के स्टॉल, लोकल स्टॉल, बच्चों के कार्यक्रम, मिनी मैराथन व अन्य कार्यक्रमों की बेहतर ढंग से तैयारी करें। स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए मंच उपलब्ध कराया जाए। बॉलीवुड नाइट, भोजपुरी नाइट के लिए कलाकारों का चयन समय से कर लिया जाए।

## 40 ट्राई साइकिल 8 व्हील चेयर तीन बैसाखी दिव्यांगों में वितरित

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** ब्लाक परिसर इटवा में नेता विरोधी दल व विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय व जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी संदीप मौर्य, कर्मचारी रमेश कुमार, सौरभ कुमार श्रीवास्तव, अनिल राय राजेश मिश्रा, सियाराम जिला समाज कल्याण साहित पदाधिकारी आदि ने दिव्यांग व बुजुर्गों के बीच 8 व्हील चेयर, 40 ट्राई साइकिल व 3 वैशाखी का वितरण किया। इस मौके पर नेता विरोधी दल व विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि दिव्यांग के सशक्तीकरण के योजना के तहत विशेष उपकरण वितरण के लिए शिविर लगाया गया। अगर कोई जरूरतमंद दिव्यांग छूट गए हों उसे भी शीघ्र उपकरण दिलाया जाएगा। कहा कि जरूरत पड़ी तो विधायक कोटे से भी दिव्यांग को उपकरण दिया जाएग। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारियों ने कहा कि उक्त योजना के तहत जिले के विभिन्न ब्लाकों के दिव्यांगों को उपकरणों को मुहैया करवाया जा रहा है। नेता विरोधी दल ने कहा इस तरह के शिविर हमेशा लगते आया है। लोगों से अपील की क आपके आसपास अगर कोई जरूरतमंद दिव्यंग है तो उसे मोटिवेट कर उपकरण दिलाने का काम करें। मौके पर राहुल श्रीवास्तव, बब्लू खान, प्रिंस आदि मौजूद रहे।

## लकड़ी ठेकेदार व वन विभाग के अधिकारियों का नोंकझोंक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मोहाना थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पननी गांव के पूरब लकड़ी काटने का वन विभाग द्वारा परमिट जारी होने के बाद कटान की जांच करने गये रेन्जर के द्वारा ठीकेदार के लड़के को मारने पीटने व गाली गलौज देने का विडियो हो वायरल हो रहा है।वायरल विडियो बुधवार की है।ग्राम पननी निवासी प्रभात पाण्डेय ने अपने जरूरत के लिए वन विभाग से आम के पेड़ की परमिट बनाने का आवेदन 12 दिसम्बर को किया था।जिस पर वन विभाग ने 10 फरवरी को परमिट जारी कर दिया था।प्रभात पाण्डेय द्वारा कटान करने के लिए ठीकेदार को बेच दिया गया था। पेड़ की कटान चल रहा था कि रेन्जर राजेश कुशवाहा अपने हम राहियों के साथ मौके पर पहुंच कर कुछ पूछताछ करने लगे। घटना की जानकारी के बाद परिजनो द्वारा रेन्जर से बात होने के दौरान मारने पीटने की बात विडियो में स्वीकार की है।वहीं पीड़ित पक्ष थाने पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही कराना चाह रहा है।वहीं पेड़ के मालिक प्रभात पाण्डेय ने बताया कि मैं अपने जरूरत के लिए नव पेड़ का परमिट बना कर बेच दिया था। जिसकी कटान हो रहा था कि अचानक रेन्जर पहुंच कर ठीकेदार के लड़के से बाद विवाद करने लगे और लकड़ी काटने से मना कर दिये।वहीं वायरल विडियो में मामले को लेकर रेन्जर राजेश कुशवाहा का कहना है कि मैं परमिट कैंसिल कर दिया था। कैसे फिर जारी हो गया उसी का जांच करने आया था मारने पीटने वाली बाद गलत है।

## सपा ने किया पीडीए पंचायत एवं जन जागरूकता अभियान का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सागर पाठक के द्वारा शोहरतगढ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुजहना में पीडीए पंचायत एवं जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गयाद्य इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए सागर पाठक ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनविरोधी एवं पीडीए विरोधी है जबसे भाजपा की सरकार आई है तबसे पीडीए के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है द्य बेरोजगारी महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। सागर पाठक ने चौपाल में कहा कि हमारा लक्ष्य संविधान रचयिता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों को पिछड़े, अगड़े और दलितों तक पहुंचाने का है। संविधान में दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक होने का समय आ गया है। पीडीए पर चर्चा के दौरान सपा नेता ने गृह मंत्री अमित शाह के संसद में अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान की भी याद दिलाई। कहा भाजपा संविधान की सबसे बड़ी दुश्मन है। जैसे- जैसे वह ताकतवर होगी, संविधान को कुचलने का प्रयास करेगी। सपा पीडीए समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है। सपा मुखिया अखिलेश यादव भाजपा के मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी सुभाष तिवारी, प्रधान मुजीबुर्रहमान, दिनेश पाल, राजन पाल, निर्विकार गौतम, राजकुमार यादव, पप्पू नगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, सपा नेता बदरे आलम, अब्दुर्रहमान, वीरेंद्र गौतम, दिन दयाल, निजाम अहमद, महबूबुल्लाह, अमरेश पाठक, समेत सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई टाक्स फोर्स की बैठक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील टॉक्स फोर्स की बैठक उपजिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में तहसील परिसर में आहूत की गई। जिसमें सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई। उपजिलाधिकारी टीबी मुक्त अभियान, टीकाकरण सत्र पर 100 प्रतिशत आंगनबाड़ी की उपलब्धता, कोटेदारों का सहयोग विकास एवं पंचायती विभाग, नगर पंचायत सहित सहयोग करने का निर्देश दिया साथ ही सहयोगात्मक पर्यवेक्षक निरंतर करते हुए टीकाकरण अभियान में पूर्ण सहयोग देने का निर्देश दिया। बढ़नी चांफा, जलालपुर, सिरसिया क्षेत्र की आंगनबाड़ियों को टीकाकरण में सहयोग करने हेतु सक्रिय करने का निर्देश बाल विकास परियोजना अधिकारी को दिया और यह भी निर्देशित किया गया की लापरवाहों को सूचीबद्ध कर उनको कार्यक्रम में रुचि लेने हेतु गंभीरता से आदेशित किया जाए। वही शोएब अख्तर ने विभिन्न विभागों का सहयोग एवं फीडबैक पर चर्चा करते हुए रिपोर्ट प्रेषित की गई। बैठक में मुख्य रूप से अधीक्षक डॉक्टर विकास चौधरी, डॉक्टर शैलेंद्र मणि ओझा, खंड विकास अधिकारी कार्तिकेय मिश्रा, अधिशासी अधिकारी महेश श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार मुख्य सेविका विमला पांडे डा हरिकेश यादव, सूर्यदेव सिंह, सप्लाई इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, हरिराम चौधरी, नुसरत फातिमा,आबिद रिज़्वी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बृजेश पाठक ने बांटे कंबल

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ आज लखनऊ कैंट विधानसभा स्थित केसरी खेड़ा और इको गार्डन में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

# जन युद्ध की 30वीं वर्षगांठ पर प्रचंड ने कहा अभी अधूरा है यह क्रांति

(यशोदा श्रीवास्तव)



**काठमांडू।** नेपाल के लिए 13 फरवरी की तारीख बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन को महान जन युद्ध के नाम से जाना जाता है इस दिन कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी केंद्र जन युद्ध में मारे गए शहीदों को श्रद्धांजलि के लिए हर साल मनाता है। यह नेपाल क्रांति की शुरुआत का भी दिन है। प्रचंड के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी केंद्र का मानना है कि तीन दशक पहले, 13 फरवरी 1996 को, नेपाली जनता ने अपने अधिकारों की बहाली और शोषण के खिलाफ एक ऐतिहासिक संघर्ष की शुरुआत की।

यह आंदोलन अत्याचार, शोषण और दमन के विरुद्ध एक अभूतपूर्व विद्रोह था, जिसने न केवल हजारों लोगों का बलिदान लिया, बल्कि नेपाल के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को नया रूप दिया। इस ऐतिहासिक दिन की 30 वीं वर्षगांठ पर, नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड ने महान जन युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस संघर्ष को नेपाल की क्रांति का सबसे बड़ा मील का पत्थर बताया। यह केवल राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति थी काठमांडू में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रचंड ने उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने इस संघर्ष में अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि महान जन युद्ध केवल राजनीतिक परिवर्तन की लड़ाई नहीं थी, बल्कि यह नेपाल में शोषण और दमन की व्यवस्था को समाप्त करने और एक नए आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचे की नींव रखने की शुरुआत थी। तीस साल पहले, नेपाल वर्गीय भेदभाव, जमींदारी व्यवस्था और सामाजिक अन्याय का शिकार था। लेकिन जनता के इस साहसिक संघर्ष ने पुरानी शोषणकारी व्यवस्था को चुनौती दी और नेपाल को एक आधुनिक, संघीय गणराज्य में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह क्रांति थी, जिसने उन वर्गों को, जो सदियों से दमन का शिकार थे, अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का हौसला दिया।

**संविधान, संघीयता और समावेशीता की सबसे बड़ी जीत-** प्रचंड ने कहा कि जन युद्ध की सबसे बड़ी उपलब्धि नेपाल में संविधान सभा के माध्यम से नया संविधान बनाना, संघीय प्रणाली लागू करना और समावेशी शासन को संस्थागत करना रहा।

आज नेपाल में दलितों, महिलाओं, मधेशियों, मुसलमानों और आदिवासी समुदायों के अधिकारों को न केवल मान्यता दी गई है, बल्कि राज्य की संरचना में उनका प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि÷हमें संघीयता को और मजबूत करना होगा, समावेशी शासन को जमीनी स्तर पर लागू करना होगा और सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करना होगा। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस क्रांति को अधूरा न छोड़ें। इसी क्रम में कृष्णानगर में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व पीएम प्रचंड के प्रमुख सहयोगी व लुंबिनी प्रदेश के माओवादी केंद्र के नेता मौलाना महमूद खां ने कह यह केवल राजनीतिक परिवर्तन की लड़ाई नहीं थी, बल्कि यह एक सामाजिक और नैतिक क्रांति थी, जिसने नेपाली जनता के भविष्य को बदल दिया। इस संघर्ष ने हमें सिखाया कि जब कोई राष्ट्र एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए खड़ा होता है, तो कोई भी शक्ति उसे रोक नहीं सकती। यह क्रांति दलितों, महिलाओं, मुसलमानों, मधेशियों और आदिवासी समुदायों की साझा लड़ाई थी, जिसने हमें अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का साहस दिया और एक नए युग की शुरुआत है।

महान जन युद्ध केवल नेपाली जनता के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के शोषितों के लिए एक संदेश है कि न्याय की मांग कभी व्यर्थ नहीं जाती। आज हम सभी के लिए एक नए युग की शुरुआत हो चुकी है, जहां हर व्यक्ति का स्थान और अधिकार सुरक्षित है। हमें इस क्रांति की आत्मा को जीवित रखना होगा और आगे बढ़ना होगा, ताकि यह सामाजिक परिवर्तन हमें एक बेहतर, न्यायसंगत समाज प्रदान कर सके। उन्होंने कहा कि संघर्ष की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन हमारी यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई है। हमें मिलकर इस राह को पूरा करना होगा, ताकि यह क्रांति पूरी तरह सफल हो सके।

# महिलाओं के संरक्षण एवं कल्याण व महिला स्वच्छता संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देश तथा जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनोज कुमार तिवारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गुरुवार को श्री सिहेंश्वरी इंटर कालेज तेतरी बाजार में छात्राओं के मध्य लैंगिक समानता के प्रावधानों का प्रचार-प्रसार, महिलाओं के संरक्षण एवं कल्याण से संबंधित कानूनों के प्रति जागरूकता, महिला स्वच्छता एवं सेनेटरी नैपकिन से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिविर में वक्तागणों द्वारा उपस्थित छात्राओं को बताया गया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना, महिलाओं के संरक्षण एवं कल्याण से संबंधित कानूनों की जानकारी देना, तथा महिला स्वच्छता व मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है। वक्तागणों ने लैंगिक समानता के महत्व, महिलाओं के अधिकारों, उनके सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका पर चर्चा की। वक्ताओं ने छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि लैंगिक समानता केवल महिलाओं की नहीं, बल्कि समाज के संपूर्ण विकास की कुंजी है। महिलाओं को समान अवसर, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा प्रदान करना एक विकसित समाज की पहचान है। महिलाओं को अपने अधिकारों और कानूनों की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। जागरूकता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है। जब महिलाएँ आत्मनिर्भर होंगी, तो पूरा राष्ट्र आगे बढ़ेगा। महिला संरक्षण एवं कल्याण से संबंधित कानूनों की जानकारी देते हुए महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों के बारे में जानकारी दी गयी, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थे- घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005, यौन उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम 2013, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, मेटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1961 व दहेज निषेध अधिनियम, 1961के प्राविधानों के बारे में विस्तार से बताया गया।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने छात्राओं को बताया कि महिला स्वच्छता पर जागरूकता बढ़ाने से न केवल स्वास्थ्य समस्याएँ कम होंगी, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता के लिए उचित संसाधन उपलब्ध हों। मासिक धर्म कोई वर्जित विषय नहीं है, बल्कि यह एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है। सत्र में सेनेटरी नैपकिन का नियमित उपयोग और सही निपटान। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के उपाय। समाज में मासिक धर्म से जुड़े मिथकों और गलत धारणाओं को दूर करना।

उक्त विशेष जागरूकता शिविर में विमल अनमोल प्रधानाचार्य, नवीन प्रकाश श्रीवास्तव नायब तहसीलदार नौगढ, अनंत प्रकाश डी.ई.आई.सी. प्रबंधक कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी सिद्धार्थनगर, डा0 आरती कुमारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ, सुश्री संध्या सिंह फार्मासिस्ट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ, सतेन्द्र चौरसिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ, शीतल प्रसाद द्विवेदी राजस्व निरीक्षक, राजीव गुप्ता राजस्व लेखपाल, कृष्णानन्द चौधरी क्षेत्रीय लेखपाल व श्री सिहेंश्वरी इंटर कालेज तेतरी बाजार के अध्यापकगण तथा अनेको छात्राएं उपस्थित रही।

## आपके दरवाजे पर एआई

कृत्रिम बौद्धिकता (एआई) नए युग का यथार्थ है। वह नए किस्म का इनसान है, लिहाजा मानवता का पूरक है। एआई से हमारे युवाओं की नौकरियां छिनेंगी, यह धारण मिथ्या है। एआई मानवता के लिए कोडिंग रच रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि से लेकर राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज में एआई कारगर भूमिकाएं निभा रही है। यह प्रौद्योगिकी सिर्फ अमरीका और यूरोपीय देशों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि चीन 71,000 करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है। चीन के एआई प्रयोग ने अमरीका की नींद उड़ा दी है। भारत में भी राष्ट्रीय एआई मिशन के जरिए एआई का भाषायी मॉडल तैयार किया जा रहा है। भारत अपना अनुभव और विशेषज्ञता दुनिया से साझा करने को तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने एआई के पेरिस शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि तकनीक कभी भी इनसानों की जगह नहीं ले सकती। जिस तरह कम्प्यूटर इनसान का विकल्प नहीं बन पाया, बल्कि इनसान का एक तकनीकी हथियार है। एआई तकनीक को लोकतांत्रिक बनाना होगा। इतिहास गवाह है कि तकनीक से नौकरियां और काम कभी विलुप्त नहीं हुए। अलबत्ता उनकी प्रकृति जरूर बदल रही है। नए किस्म की नौकरियों और रोजगार का सृजन हो रहा है, लिहाजा निवेश के साथ-साथ लोगों के कौशल को भी निखारना होगा। एआई भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, तभी प्रधानमंत्री मोदी को पेरिस शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करने का अवसर मिला। अगला शिखर सम्मेलन भारत में ही, इसी साल के अंत में, आयोजित किया जाएगा। एआई से आम आदमी खुद को अछूता न समझे, क्योंकि यह प्रौद्योगिकी किसी भी दिन आपके दरवाजे पर दस्तक दे सकती है।

आपकी जिंदगी की सारथी बन सकती है, लिहाजा एआई को ग्रहण करने की मानसिकता बना लीजिए। प्रधानमंत्री मोदी ने एआई के खतरों, जोखिमों, साइबर अपराध और सुरक्षा, आपसी विश्वास की बात भी कही है। उन्होंने एआई के क्रियान्वयन और पहुंच को सभी के लिए खुली और उपलब्ध रखने का आह्वान भी किया। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने 'ग्लोबल साउथ' की पैरवी की कि एआई उन देशों तक जरूर पहुंचनी चाहिए। बेशक उनकी क्षमताएं कम हैं, कम्प्यूटर पॉवर कम है, प्रतिभाओं और डाटा का अभाव है और आर्थिक संसाधन भी पर्याप्त नहीं हैं, लेकिन एआई का सर्वव्यापी, विकसित, ओपन सोर्स के तौर पर तभी विस्तार संभव है। फ्रांस के राष्ट्रपति एवं शिखर सम्मेलन के सह-अध्यक्ष इमैनुअल मैक्रों और अमरीका के उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस सरीखे वैश्विक नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की बात पर सहमति जताई, लेकिन मैक्रों 'ग्लोबल नॉर्थ बनाम ग्लोबल साउथ' के तौर पर दुनिया को बांट कर देखने के पक्ष में नहीं हैं, लिहाजा तय किया गया कि एआई का वैश्विक तंत्र तैयार किया जाए। एआई फाउंडेशन और टिकाऊ परिषद बनाने पर निर्णय लिया गया। तंत्र विश्वसनीय, पारदर्शी और पूर्वाग्रहों से मुक्त होना चाहिए। इसके गवर्नेंस के लिए मानक बनाने को एकजुट होना चाहिए, ताकि एआई के खतरों को चिह्नित कर विश्वास कायम किया जा सके। एआई ओपन सोर्स बनाम क्लोज्ड सोर्स में बंटी है। दरअसल क्लोज्ड सोर्स में एआई कोड पर किसी का मालिकाना हक होता है। वह केवल डेवलपर्स या उसे तैयार करने वाली कंपनी के लिए ही सुलभ होता है, लिहाजा एआई की पहुंच और नियंत्रण के दो अलग आयाम हैं। इन सबके अलावा कार्बन फुटप्रिंट का मुद्दा बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। एआई की खपत से कार्बन उत्सर्जन होते हैं। जैसे-जैसे डाटासेट और मॉडल जटिल होते जाते हैं, एआई को प्रशिक्षित और संचालित करने के लिए बहुत अधिक ऊर्जा की जरूरत पड़ती है। यह डिजीटल का युग है, तो एआई का स्वागत करना चाहिए।

## प्रेम को समर्पित है वैलेंटाइन डे


ओमप्रकाश

वैलेंटाइन डे 14 फरवरी को मनाया जाएगा विश्व के कई देशों में मनाया जाने वाला त्यौहार अपना अलग महत्व रखता है वैसे यह क्रिश्चियन संस्कति पर आधारित पर्व है। वैलेंटाइन डे (सप्ताह)7 फरवरी से 14 फरवरी तक मनाया जाने वाला यह सप्ताह पर्व 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाता है। वैसे यह पर्व वेस्टर्न कल्चर पर आधारित है विश्व के अलग-अलग देशों में अपने ढंग से ही मनाया जाता है।

यह बहुत प्राचीन समय से मनाया जाने वाला पर्व है कुछ जानकारों के अनुसार यह वर्ष 496 ईसवी में पहला वैलेंटाइन डे मनाया गया था। इसकी शुरुआत रोमन फेस्टिवल से हुई थी पांचवी शताब्दी के अंतमें पोप गैलेसियस ने 14 फरवरी को सेंट वेलेंटाइन डे घोषित कर दिया था। तभी से यह त्यौहार मनाया जाने लगा था। प्रेम का प्रतीक प्रेम पर आधारित यह पर्व रोम के पादरी संत वैलेंटाइन को समर्पित है उन्हीं की याद में ही मनाया जाता है। कहा जाता है की रोम के सम्राट क्लाउडियस द्वितीय ने युवा सैनिकों की शादी पर रोक लगाई थी उसका विचार था की सैनिक शादी और विवाह हो जाने पर अपना ध्यान परिवार पर लगाएंगे और उनका ध्यान भंग होगा। वह अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन नहीं कर पाएंगे यह राजा का मानना था । पर संत वैलेंटाइन ने राजा के इस आदेश का विरोध किया , उसका कहना था कि प्रेम एक स्वाभाविक भावना है इसे रोका नहीं जा सकता है। सेंट वैलेंटाइन का यह भी मानना था कि शादी विवाह न करने से समाज का ढांचा चरमरा जाएगा। इसके लिए संत वैलेंटाइन ने कुछ सैन्य अधिकारियों एवं सैनिकों की शादी करवा दी। इससे सम्राट क्लाउडियस बहुत क्रोधित हो गया उसने संत वैलेंटाइन को गिरफ्तार करवा कर 14 फरवरी को फांसी पर लटका दिया। इससे रोम सहित पूरे यूरोप में शोक की लहर व्याप्त हो गयी। तभी से ही सेंट वैलेंटाइन की याद में यह महापर्व वैलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाने लगा और धीरे-धीरे दुनिया के अलग-अलग देशों में भी इस पर्व का प्रचलन हो गया । इस संबंध में रोम में लुपर्केलिया नामक त्योहार फरवरी के मध्य में मनाया जाता है इस दिन वहाँ सामूहिक विवाह भी संपन्न होते हैं। वैलेंटाइन डे पर दंपति जोड़ें एक दूसरे को गुलाब, कार्ड देकर अपनी प्रेम की दृढ़ भावना का समर्पण करते हैं। क्रिसमस पर्व के बाद सबसे अधिक कार्ड या गुलाब भेजे/ दिये जाने वाला यह दूसरा पर्व है। पूरे सप्ताह भर चलने वाले इस वैलेंटाइन डे में सात दिनों तक इस प्रकार से कार्यक्रम चलते हैं। फरवरी को रोज डे- मनाया जाता है । इस दिन गुलाब देकर के प्रेम का प्रदर्शन किया जाता है लाल गुलाब प्रेम का प्रतीक माना जाता है जोड़ें दंपति ऐसे ही एक दूसरे को भेंट करते हैं। दूसरे दिन 8 फरवरी को प्रपोज डे मनाया जाता है इसे प्रपोज डे के नाम से जाना जाता है ।अगर आप किसी से शादी करना चाहते हैं तो 8 फरवरी का दिन विशेष खास होता है इसे प्रपोज डे के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर केक बुके आदि भी भेंट किए जाते हैं। सप्ताह पर्व का तीसरा दिन 9 फरवरी को मनाए जाने वाले दिन को चॉकलेट डे -कहते हैं इसे एक दूसरे को चॉकलेट भेंट करते हैं वेलेंटाइन वीक पर्व का और अधिक महत्वपूर्ण दिन जो 10 फरवरी को टेडी डे के नाम से मनाया जाता है कहा जाता है यह पर्व बचपन की यादों को तरोताजा करने वाला दिन भी माना जाता है। ज्यादातर लड़के अपनी प्रेमिका को टेडी भेंट करते हैं यह लड़कियों को काफी पसंद होता है टेडी बेयर में अमेरिका के राष्ट्रपति रूजवेल्ट का निक नाम टेडी था और उन्होंने एक बेयर (भालू) की शिकार न कर जान बचाई थी। बेयर के रूप में सुंदर कपड़े का एक भालू बनाया जाता है और अपनी दुकान पर टेडी बेयर के नाम से रखा जाता है यह टेडी बेयर दंपति या जोड़े एक दूसरे को भेंट करते हैं । यह बच्चों के लिए सुंदर खिलौना भी है। इस सप्ताह का का पांचवा दिन 12 फरवरी को प्रॉमिस डे- के रूप में मनाया जाता है। इस दिन प्रत्येक साथी हमेशा साथ निभाने का वादा करते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है।**

# भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व करें


ललित गर्ग

पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) एक्शन समिट ने जहां दुनिया के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के महत्व को उजागर किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरे इसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है। लेकिन इस नई तकनीक से जीवनशैली, शिक्षा, चिकित्सा, युद्ध, सेना, शासन-प्रशासन, चुनाव, व्यापार, विचार आदि में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भारत एआई को लेकर बहुत उत्साहित है और दुनिया में एआई का सबसे बड़ा केन्द्र बनने को भी तैयार है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है।




भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व तले दबी हुई है। मोदी ने एआई तकनीक के संतुलित एवं विवेकसम्मत उपयोग एवं विकास की आवश्यकता को भी व्यक्त किया। क्योंकि यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती हुई भी दिख रही हैं। इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावी कदम उठाने होंगे। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसीक दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है।

भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जबकि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों जैसे कुछ मामलों में किया गया है, उनका उपयोग विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से देखा जा रहा है। डीपफेक के अलावा, एआई से जुड़े अन्य जोखिम भी हैं। इनमें गोपनीयता, पूर्वाग्रह, पारदर्शिता, जवाबदेही और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई के संभावित दुरुपयोग से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। भारत सरकार इन मुद्दों को सलाह और विनियमों के माध्यम से नियोजित एवं नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है जो पारदर्शिता, सामग्री मॉडरेशन, सहमति तंत्र और डीपफेक पहचान पर जोर देते हैं ताकि जिम्मेदार एआई तैनाती सुनिश्चित हो और चुनावी अखंडता की रक्षा हो सके। यह एक सतत प्रयास है और जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे, इन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक मजबूत तंत्र के विकास के साथ सक्षम होने की अपेक्षा रहेगी। एआई विकसित होता रहेगा, नये-नये करिश्माई एवं चमत्कारी आयाम उससे जुड़ते रहेंगे और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह ऐसे तरीके से हो जो सभी के लिए सुरक्षित, नैतिक और लाभकारी हो। आवश्यक बुनियादी ढांचे, हार्डवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमताओं के विकास में सहायता के लिए निवेश महत्वपूर्ण है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग से आवश्यक पूंजी जुटाई जा सकती है। यह संयुक्त प्रयास एआई नवाचार, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सकेगा और जिससे भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व कर सकेगा।

इसी पहलू को रेखांकित करती है यह पेरिस की तीसरी एआई एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक स्वतंत्र मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। इनोवेशन में भारत को हर जोखिम को उठाने के लिये स्वयं को सक्षम करना होगा। एआई का समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं, जो अब तक मनुष्य करते रहे हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है। अब यदि डाटा ही सटीक न हो तो नतीजे भी नुकसान पैदा करने वाले हो सकते हैं। इस पर हैरानी नहीं कि अति उन्नत एआई को मानव सभ्यता के लिए संकट के रूप में भी देखा जा रहा है। इस आशंका को निर्मूल साबित करने वाले उपाय करना समय की मांग हैं और उन पर ज्यादा फोकस करना होगा। इस तरह की तकनीक तभी लाभकारी सिद्ध होती है, जब उसका उपयोग समझदारी, नैतिकता एवं विवेकपूर्ण होता है। ज्यादा जरूरी है उसके दुरुपयोग की आशंकाओं पर प्रभावी ढंग से लगाम लगाने की स्थितियों एवं तंत्र को विकसित करने की। एआई के मामले में ऐसा इसलिए अनिवार्य रूप से करना होगा, क्योंकि यह मानव जीवन को कहीं गहराई से प्रभावित करने की क्षमता रखती है।

# केजरीवाल ने खुद डुबोई आम आदमी पार्टी की लुटिया

**अगर देखा जाए तो दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे सिर्फ भाजपा की सफलता की नहीं बल्कि यह उस पार्टी के पतन की भी कहानी कह रहे हैं जिसके आईने में लाखों लोगों ने बदलाव का सपना देखा था। दरअसल बड़ा कड़वा सच है कि रेत की नींव पर राजनीतिक महल की उम्र कितनी होती है? आम जनता एक अच्छी सरकार और विकास चाहती है, लेकिन राजनीति की धुंध में विकास ऐसा शब्द है,जो हमेशा खो जाता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, पीने का साफ पानी जैसे मुद्दे राजनीतिक अखाड़े में दम तोड़ देते हैं। आपको याद होगा कि 2005 के आसपास सूचना के अधिकार पर अरविंद केजरीवाल सक्रिय थे।**


शाहिद नकवी

भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना आंदोलन से जन्मी आम आदमी पार्टी का दिल्ली विधानसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन ने उस सपने को भी चकनाचूर कर दिया, जिसमें देश की जनता ने कभी साफ-सुथरी राजनीति की उम्मीद देखी थी।अन्ना आंदोलन के वक्त देश के लोगो को लगा कि एक नया प्रयोग है और वैकल्पिक राजनीति की धारा बहेगी।इसी लिए लोग अपने काम धंधे छोड़ कर इससे जुड़े। बच्चों ने अपने गुल्लक तोड़ कर इसे बढ़ाने के लिए चंदा दिया। लेकिन आप के गठन के बाद से 2025 तक वह अपने वास्तविक उद्देश्य को भूलने के साथ ही प्रचलित राजनीति का हिस्सा बन गई। शराब घोटाला और शीश महल में रहने की बात छोड़ भी दिया जाए तो भी अरविंद केजरीवाल उस किसी मानदंड पर खरे नहीं उतरे,जो उन्होंने रामलीला मैदान में महात्मा गांधी की फोटो के नीचे तय किए थे। केजरीवाल का आम आदमी झुग्गी झोपड़ी वालों, रेहड़ी पटरी वालों, आटो ड्राइवर और दलितों के लिए वजूद में आया था। उनके आम आदमी ने वादा किया था कि धर्म की राजनीति से उसका कोई वास्ता नहीं रहेगा।

सरकारी सुविधाएं नहीं लेंगे,जो बाद में उन्होंने दूसरों से ज्यादा ली।उनका आम आदमी जल्दी ही मजहबी हो गया।धार्मिक स्थल उसके ऐजेंडा में शामिल हो गए। वह शिक्षा, चिकित्सा,विकास एवं बदलाव के मुद्दों को भूल कर वादों की खानापूर्ति पर उतर आया। आम आदमी पार्टी के और उसके नेताओं के दफ्तरों से बापू की तस्वीर ही उतर गई।

अगर देखा जाए तो दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे सिर्फ भाजपा की सफलता की नहीं बल्कि यह उस पार्टी के पतन की भी कहानी कह रहे हैं जिसके आईने में लाखों लोगों ने बदलाव का सपना देखा था। दरअसल बड़ा कड़वा सच है कि रेत की नींव पर राजनीतिक महल की उम्र कितनी होती है? आम जनता एक अच्छी सरकार और विकास चाहती है, लेकिन राजनीति की धुंध में विकास ऐसा शब्द है,जो हमेशा खो जाता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, पीने का साफ पानी जैसे मुद्दे राजनीतिक अखाड़े में दम तोड़ देते हैं।आपको याद होगा कि 2005 के आसपास सूचना के अधिकार पर अरविंद केजरीवाल सक्रिय थे। एक गंभीर लड़ाई लड़ रहे थे वह। तब सबने सोचना शुरू कर दिया कि काश, ऐसे लोग सक्रिय राजनीति में आ जाएं तो समाज, राज्य और देश की काया पलट सकती है।

सूचना के अधिकार पर सक्रिय लोग कुछ वर्ष के बाद अन्ना हजारे के आंदोलन के साथ लोकपाल के लिए सक्रिय दिखे। नौकरी करने वाले ढेर सारे लोगों ने नौकरी छोड़ दी।क ॉलेज के विद्यार्थी तक अपनी पॉकेट खर्च बचाकर उन्हें ऑनलाइन चंदा भेज रहे थे।तब सब कुछ साफ-साफ था। लेकिन क्या करें सत्ता का गणित कुछ ऐसा है कि उसमें सारी पारदर्शिता शून्य में बदल जाती है।आप पार्टी के प्रचंड बहुमत में दिल्ली



कितनी सुखी और साफ-सुथरी हुई, इस पर बहस सालों से हो रही है। आगे भी होती रहेगी। बेहतर की उम्मीद में जनता ने एक नई पार्टी को मौका दिया था। ऐसी पार्टी, जिसका कोई राजनीतिक इतिहास न था। लेकिन आम जनता ने समझ लिया कि ईमानदार होने का दावा करना और ईमानदार होना, दोनों अलग-अलग बातें हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार का गहरा असर अरविंद केजरीवाल की राजनीति पर पड़ेगा।चार हजार से अधिक वोटों से हारने वाले ये वही केजरीवाल हैं जिन्होंने मंच से कहा था,मेरे जिंदा रहते भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में कभी चुनाव नहीं जीत सकती। ये अहंकार.वो भी राजनीति में।हालांकि जनता में या कहिए समर्थकों को शुरू-शुरू में ये रास आया।केजरीवाल खुद को आंदोलन से उपजे नेता और कट्टर ईमानदार कहा करते थे।लेकिन अन्ना को दगा, राजनीति में न आने की कसम और मजबूत करीबियों का 'विश्वास' तो उन्होंने पहले ही खो दिया।

इससे पहले सत्ता के लिए कांग्रेस से हाथ मिला ही चुके थे।वो भी तब जब राष्ट्रमंडल खेलों में भ्रष्टाचार ने कांग्रेस पर लगे दागों की संख्या बढ़ा दी थी। फिर दूसरे टर्म शराब घोटाला, लो फ्लोर बस, मोहल्ला क्लिनिक,जल बोर्ड के घपले सामने आए। मतलब वैकल्पिक राजनीति के अगुआ और उनकी पूरी टीम कठघरे में खड़ी हो गई। फिर आम आदमी सोचने लगा कि परम्परागत राजनीति और केजरीवाल की वैकल्पिक राजनीति में क्या फर्क है। बड़े दावे करने वाले केजरीवाल जांच एजेंसी को अपनी ईमानदारी का सबूत नहीं पेश कर सके। जिससे उनको जेल की हवा खानी पड़ी। यानी जिस भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर केजरीवाल का आम आदमी अस्तित्व में आया था,वह खुद उसी भ्रष्टाचार के दलदल में गहरे तक धंस गया। दूसरी तरफ मोदी मार्का राजनीति आप के हर दावे को झूठ बताकर तार तार कर रही थी। पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनावों में कहीं भी मोदी गारंटी का जिक्र नहीं किया। लेकिन उन्होंने दिल्ली चुनाव के प्रचार में बार बार मोदी गारंटी का जिक्र किया।एक चुनावी सभा में तो उन्होंने एक दर्जन बार से विधायक मोदी गारंटी का जिक्र किया। शायद यही वजह रही कि चुनाव मतदान तक मोदी बनाम केजरीवाल हो गया।

दिल्ली की सड़कों की हालत,हवा में घुलता जहर आम आदमी पर सीधा असर डाल रहा था।वहीं बिना रोजगार दिए मुफ्त बिजली-पानी केजरीवाल के बेस वोटर यानी मिडल क्लास और स्लम के युवाओं को भी नागवार गुजरा। भाजपा ने दांव खेला और केजरीवाल की मुफ्त योजनाओं को जारी रखते हुए उसका टाप अप प्लान पेश कर दिया। हालांकि हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस की गारंटी फेल हो चुकी थी। क्यों कि जो पार्टी सत्ता में हो उसी की गारंटी पर भरोसा ज्यादा रहा है।ये झारखंड में भी हुआ जहां हेमंत सोरेन की गारंटी पर ही जनता ने भरोसा जताया।लेकिन दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के अहंकार, उन पर भ्रष्टाचार के लगे आरोपों के देख कर जनता ने तय कर लिया वो यहां अब ऐसा नहीं होने देगी।अरविंद केजरीवाल की पार्टी भ्रष्टाचार आंदोलन से निकलकर आई थी,लेकिन 10 साल बाद ही पार्टी के बड़े नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को तो शराब घोटाले में जेल तक जाना पड़ गया।आप पर जो गंभीर आरोप लगे,उसके नैरेटिव को पार्टी खत्म नहीं कर पाई। इसके अलावा कैग की रिपोर्ट में भी आप पर हॉस्पिटल निर्माण आदि में भ्रष्टाचार के आरोप लगे।

आप ने कैग की रिपोर्ट पर बहस कराने की बजाय इसे इग्नोर करने की कोशिश की। पूरे चुनाव में भ्रष्टाचार के मुद्दे की गूंज रही। वहीं केजरीवाल सिर्फ लाभार्थी वोटरों के भरोसे थे। केजरीवाल पिछले दो चुनाव से फ्री बिजली और पानी के जरिए अपनी राजनीति को आगे बढ़ा रहे थे। इसका ज्यादा फायदा उठाने वाला वर्ग मिडिल और लोअर क्लास के थे। दिल्ली के दंगल से पहले बीजेपी ने इन वोटरों को साध लिया।

# 'वैलेंटाइन डे' प्यार के उत्सव का नया 'बाजार'

**कैथोलिक चर्च की एक अन्य मान्यता के अनुसार एक दूसरे संत वैलेंटाइन की मौत प्राचीन रोम में ईसाईयों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें बचाने के दरमियान हो गई। यहाँ इस पर नई मान्यता यह है कि ईसाईयों के प्रेम का प्रतीक माने जाने वाले इस संत की याद में ही वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। एक अन्य किंदवंती के अनुसार वैलेंटाइन नाम के एक शख्स ने अपनी मौत से पहले अपनी प्रेमिका को पहला वैलेंटाइन संदेश भेजा जो एक प्रेम पत्र था। उसकी प्रेमिका उसी जेल के जेलर की पुत्री थी जहाँ उसको बंद किया गया था।**


हर्षवर्धन पाण्डे

पिछले कुछ समय से ग्लोबलाइज्ड समाज में प्यार भी ग्लोबल ट्रेंड का हो गया है। आज जहाँ इजहार और इकरार करने के तौर तरीके बदल गए हैं वहीं इंटरनेट के मौजूदा दौर में प्यार भी बाजारू हो चला है। पहली बार शहरी चकाचौंध से इतर प्यार का यह उत्सव एक बड़ा बाजार को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। हर जगह वैलेंटाइन की संस्कृति पसरती जा रही है। आज युवा भी इसकी गिरफ्त में पूरी तरह से नजर आते है तभी तो शहरों से लेकर कस्बों तक वैलेंटाइन का जलवा देखते ही बनता है। आलम यह है ये बड़ा उत्सव बन चुका है जो भारतीयों में तेजी से अपनी पकड़ बना रहा है।

वैलेंटाइन के चकाचौंध पर अगर दृष्टि डालें तो इस सम्बन्ध में कई किस्से प्रचलित हैं। रोमन कैथोलिक चर्च की माने तो यह वैलेंटाइन अथवा वलेंतिनस नाम के तीन लोगों को मान्यता देता है जिसमें से दो के सम्बन्ध वैलेंटाइन डे से जोड़े जाते है लेकिन बताया जाता है इन दो में से भी संत वैलेंटाइन खास चर्चा में रहे । कहा जाता है संत वैलेंटाइन प्राचीन रोम में एक धर्म गुरू थे। उन दिनों वहाँ पर क्लाउडियस दो का शासन था। उसका मानना था अविवाहित युवक बेहतर सैनिक हो सकते हैं क्योंकि युद्ध के मैदान में उन्हें अपनी पत्नी या बच्चों की चिंता नहीं सताती। अपनी इस मान्यता के कारण उसने तत्कालीन रोम में युवकों के विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया।

किन्दवंतियो की मानें तो संत वैलेंटाइन के क्लाउडियस के इस फेसले का विरोध करने का फैसला किया। बताया जाता है कि वैलेंटाइन ने इस दौरान कई युवक युवतियों का प्रेम विवाह करा दिया। यह बात जब राजा को पता चली तो उसने संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी को फाँसी की सजा दे दी । कहा जाता है संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा वैलेंटाइन डे मनाते हैं। 1260 में संकलित की गई ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन नामक पुस्तक में भी सेंट वेलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस के अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने फरमान जारी किया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वेलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए। कैथोलिक चर्च की एक अन्य मान्यता के अनुसार एक दूसरे संत वैलेंटाइन की मौत प्राचीन रोम में ईसाईयों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें बचाने के दरमियान हो गई। यहाँ इस पर नई मान्यता यह है कि ईसाईयों के प्रेम का प्रतीक माने जाने वाले इस संत की



याद में ही वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। एक अन्य किंदवंती के अनुसार वैलेंटाइन नाम के एक शख्स ने अपनी मौत से पहले अपनी प्रेमिका को पहला वैलेंटाइन संदेश भेजा जो एक प्रेम पत्र था। उसकी प्रेमिका उसी जेल के जेलर की पुत्री थी जहाँ उसको बंद किया गया था। उस वेलेंनटाइन नाम के शख्स ने प्रेम पत्र लिखा फ्रॉम यूअर वेलेंनटाइन। आज भी यह वैलेंटाइन पर लिखे जाने वाले हर पत्र के नीचे लिखा रहता है। क्लॉडियस ने 14 फरवरी को संत वेलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाता है। कहा जाता है कि सेंट वेलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसमें अंत में उन्होंने लिखा था तुम्हारा वेलेंटाइन। 14 फरवरी के बहाने जिसे बाद में इस संत के नाम पूरे विश्व में निःस्वार्थ प्रेम से मनाया जाने लगा।

यही नहीं वैलेंटाइन के बारे में कुछ अन्य बातें भी है। इसके अनुसार तर्क यह दिए जाते हैं कि प्राचीन रोम के प्रसिद्ध पर्व ल्युपरकेलिया के ईसाईकरण की याद में मनाया जाता है । यह पर्व रोमन साम्राज्य के संस्थापक रोम्योलुयास और रीमस की याद में मनाया जाता है। इस आयोजन पर रोमन धर्मगुरु उस गुफा में एकत्रित होते थे जहाँ एक मादा भेड़ियों ने रोम्योलुयास और रीमस को पाला था इस भेड़िये को ल्युपा कहते थे और इसी के नाम पर उस त्यौहार का नाम ल्युपर केलिया पड़ गया। इस अवसर पर वहां बड़ा आयोजन होता था। लोग अपने घरो की सफाई करते थे, साथ ही अच्छी फसल की कामना के लिए बकरी की बलि देते थे। कहा जाता है प्राचीन समय में यह परम्परा खासी लोकप्रिय हो गई।

एक अन्य किंदवंती यह कहती है 14 फरवरी को फ्रांस में चिडियों के प्रजनन की शुरुआत मानी जाती थी जिस कारण खुशी में यह त्यौहार वहा प्रेम पर्व के रूप में मनाया जाने लगा। प्रेम के तार रोम से भी सीधे जुड़े नजर आते हैं। वहाँ पर क्यूपिड को प्रेम की देवी के रूप में पूजा जाने लगा जबकि यूनान में इसको इरोश के नाम से जाना जाता था। प्राचीन वैलेंटाइन संदेश के बारे में भी लोगो में एकरूपता नजर नही आती । कुछ ने माना है कि यह इंग्लैंड के राजा ड्यूक ने लिखा जो आज भी वहां के म्यूजियम में रखा हुआ है। आज युवाओं में वैलेंटाइन की खुमारी सर चढ़कर बोल रही है। इस दिन के लिए सभी पलके बिछाये बैठे रहते हैं। भईया प्रेम का इजहार जो करना है? वैलेन्टाइन प्रेमी इसको प्यार का इजहार करने का दिन बताते है। यूँ तो प्यार करना कोई गुनाह नहीं है लेकिन जब प्यार किया ही है तो इजहार करने मे देर नही होनी चाहिए लेकिन अभी का समय ऐसा है जहाँ युवक युवतिया प्यार की सही परिभाषा नहीं जान पाये है। वह इस बात को नहीं समझ पा रहे कि प्यार को आप एक दिन के लिए नहीं बाँध सकते। वह तो प्यार को हंसी- मजाक का खेल समझ रहे हैं। आज का प्यार मैगी के नूडल जैसा बाजारू बन गया है जो दो मिनट चलता है। सच्चे प्रेमी के लिए तो पूरा साल प्रेम का प्रतीक बना रहता है लेकिन आज के बाजार ने प्यार की परिभाषा बदल दी है । इसका प्रभाव यह है 14 फरवरी को प्रेम दिवस का रूप दे दिया गया है जिसके चलते संसार भर के कपल प्यार का इजहार करने को उत्सुक रहते हैं । जहां चीन में यह दिन नाइट्स ऑफ सेवेन्स प्यार करने वालों के लिए खास होता है, वहीं जापान व कोरिया में इस पर्व को वाइट डे का नाम से जाना जाता है। इतना ही नहीं, इन देशों में इस दिन से पूरे एक महीने तक लोग अपने प्यार का इजहार करते हैं । आज 14 फरवरी का कितना महत्त्व बढ़ गया है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है इस अवसर पर बाजारों में खासी रौनक छा जाती है।

दुर्घटना

## हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर स्थित नगर पंचायत मथौली में हुआ हादसा

# सवारियों से भरी ऑटो ट्रक से टकराई, चार मरे

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली में गुरुवार की सुबह तड़के सवारियों से भरी ऑटो दुर्घटना की शिकार हो गई। वह सड़क के किनारे खड़ी एक ट्रक में अनियंत्रित होकर जा भिंडी जिसमें चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

घायलों को सीएचसी मोतीचक लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि बिहार के बाल्मीकि नगर के मदनपुर मंदिर से दर्शन कर सभी लोग कप्तानगंज रेलवे स्टेशन से ऑटो पकड़ कर लौट रहे थे कि मथौली नगर के किसान इंटर कालेज के पास खड़ी ट्रक में ऑटो जा भिंडी। इस हादसे में मंशा चौहान पत्नी छबिलाल उम्र (40) निवासी पगरा हाटा स्कूल टोला, कांता चौहान पुत्र जगदेव उम्र (65) वर्ष निवासी फर्द मुंडेरा थाना कप्तानगंज, अवधेश चौहान पुत्र राम इकबाल उम्र (45) निवासी पड़ौली थाना महुआडीह देवरिया की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ऑटो चालक गगन कुशवाहा पुत्र गामा कुशवाहा उम्र (36) निवासी सेमरा थाना कप्तानगंज ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों में कलवाशरी देवी पत्नी राम अवतार उम्र (45) निवासी हरपुर बरवां थाना कप्तानगंज, रामभवन प्रजापति पुत्र राम अवध उम्र (60) निवासी परसौनी कोतवाली हाटा, दिवाकर चौहान पुत्र छबिलाल उम्र (10) निवासी पगरा स्कूल टोला हाटा, बुल्ला चौहान पत्नी अवधेश चौहान उम्र (40) निवासी पगरा स्कूल टोला हाटा शामिल है। सभी घायलों को सीएचसी मोतीचक लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। ये सभी लोग कप्तानगंज रेलवे स्टेशन से अपने अपने घर को जाने के लिए ऑटो पकड़े थे। ऑटो अभी हाटाक्कप्तानगंज मार्ग पर स्थित नगर पंचायत मथौली के किसान इंटर कालेज के पास पहुंचा ही था कि वही सड़क के किनारे खड़ी गन्ना लदी ट्रक में पीछे से जा भिंडा। ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और सवारी छिटककर सड़क पर गिर पड़े। ऑटो चालक गगन भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सुबह टहल रहे आस पास के लोग दौड़कर घटना स्थल पर पहुंचे तब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को निकालने में जुट गए और आनन फानन में अस्पताल पहुंचाए।


मृतका मंशा चौहान


मृतक कांता चौहान


मृतक गगन कुशवाहा


मृतक अवधेश चौहान


क्षतिग्रस्त ऑटो में फंसे लोग

उधर सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक व घायलों के कुछ परिजन अस्पताल की निकल पड़े जहां शव देखते ही दहाड़े मारकर रोने लगे। वहां मौजूद लोगों ने परिजनों को काफी समझाया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर ट्रक चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। इस संबंध में सीओ कसया कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि उक्त प्रकरण में थाना कप्तानगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

■ **गमदनपुर मंदिर से दर्शन कर कप्तानगंज रेलवे स्टेशन से पकड़े थे ऑटो**

### पत्नी के सामने पति और बेटे के सामने मां ने तोड़ा दम

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** गुरुवार की सुबह नगर पंचायत मथौली में जो हादसा हुई बेहद दुखदायक है। हादसा ने लोगों को झंकझोर कर रख दिया है। इस हादसे ने किसी के बाप का साया तो किसी के मां के सर का साया उजाड़ दिया है। हादसे में कई परिवारों की जिंदगी तबाह हो गई। पूर्णिमा के अवसर पर खड्डा स्नान करने बिहार के वाल्मिकीनगर स्थित मदनपुर मंदिर का दर्शन करने के बाद सभी श्रद्धालु भोर में कप्तानगंज पहुंचे थे। यहां एक ऑटो से घर की तरफ लौटे रहे थे। नियति को कौन टाल सकता है जो लिखा रहेगा है वह हो कर ही रहता है। सभी लोग अपनी मनोकामनाएं लिए गए थे वापस लौटते समय किसको क्या पता आज की सुबह जीवन की पहली सुबह होगी। चंद

(पूरी खबर पेज-13 पर)

# शादी में बिन बुलाए मेहमान को अब दुधवा छोड़ने की तैयारी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पारा क्षेत्र में बुधवार की रात विवाह समारोह में आए तेंदुआ को रात में ही सवा तीन बजे के बाद पकड़ लिया गया। इसके बाद ही शादी से जुड़ी रस्में शुरू हो पाई। वहीं लोगों ने डिनर किया। उधर, पकड़े गए तेंदुए को दुधवा नेशनल पार्क ले जाया जा रहा है, जहां उसे छोड़ा जाएगा।

शादी की सभी रस्में पूरी होने के बाद गुरुवार की सुबह 11 बजे दुल्हन की विदाई की गई। इस मामले में डीएफओ अवध सितांशु पांडेय ने बताया कि तेंदुए को कई घंटे बाद ट्रैंकुलाइज किया जा सका। बेहोशी की हालत में उसे पिंजरे में रखा गया। हालांकि तेंदुआ घायल नहीं हुआ है तो उसे उसके प्राकृतिक वास दुधवा नेशनल पार्क में ले जाया जा रहा है, जहां उसे छोड़ा जाएगा।

आपको बता दें कि बुधवार की रात तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग के साथ ही पुलिस की टीम भी मौजूद रही। तेंदुए के हमले में घायल सिपाही का इलाज चल रहा है तो छत से कूद कर भागने वाले कैमरामैन को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने रात में ही लॉन को खाली करा दिया था।

बारात आने के समय ही लॉन में तेंदुआ होने की सूचना से हड़कंप मच गया और हर कोई सुरक्षित होने के लिए इधर उधर भागने लगा। तेंदुआ छलांग लगाकर लॉन की दूसरी मंजिल पर पहुंच गया था। इस दौरान वीडियोग्राफी कर रहा शरद गौतम इतना डर गया कि उसे दूसरी मंजिल से छलांग लगानी पड़ गई। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं तेंदुए ने सिपाही मुकद्दर अली को पंजा मार दिया। वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। भगदड़ में लोग आपस में टकरा गए। साथी कर्मियों ने सिपाही को उठाया और उपचार के लिए गए। पुलिस ने लॉन खाली कराया। तेंदुए को पकड़ने के लिए

# कराटे चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्रा ने जीता गोल्ड

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन की कक्षा-2 की प्रतिभाशाली छात्रा अंशिवी अरोड़ा ने चतुर्थ वर्ल्ड मार्डन शोटोकॉन कराटे कप-2025 में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। चैम्पियनशिप का आयोजन वर्ल्ड मार्डन शोटोकॉन कराटे फेडरेशन एवं वर्ल्ड मार्डन शोटोकॉन कराटे फेडरेशन, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

यह जाकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन, ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर कराटे में अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी खेल



प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते गोल्ड मेडल अर्जित कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है।

सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय की इस होनहार बाल खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

## आयुष सिंह ने 97 फीसदी अंक प्राप्त कर किया जिले का नाम रोशन



**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** आयुष सिंह पुत्र विमल प्रकाश सिंह निवासी मेघमऊ तहसील बल्दीराय ने ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त संसाधन नहीं होने बावजूद भी कड़ी मेहनत करके

आईआईटी 2025 परीक्षा में 97 फीसदी अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। आयुष के पिता श्री विमल प्रकाश सिंह खुद एक शिक्षक है। आयुष की इस उपलब्धि पर परिवार, इष्ट-मित्रों और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयुष सिंह की सफलता ने क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है।

# महाकुंभ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एसडीएम सदर ने किया पयागीपुर रैन बसेरे का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** महाकुंभ श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी ने पयागीपुर रैन बसेरा और आसपास के क्षेत्रों का दौरा किया।

इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने मातहत अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। एसडीएम सदर लगातार भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को आवास, सफाई और अन्य जरूरी सुविधाओं की कोई कमी न हो।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ) लाल चंद सरोज, समाजसेवी डॉक्टर सुधाकर सिंह सहित कई सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और तहसील राजस्व कर्मी भी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा महाकुंभ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा पूरी कर सकें।



### आईआईटी में सफलता मिलने पर दी बधाई

**सुल्तानपुर।** जिले के दूबेपुर ब्लॉक अंतर्गत गांव पूरे रामदास का पुरवा निवासी ग्रामीण क्षेत्र के निवासी आर्यन को आई आई टी में सफलता मिलने पर शुभचिंतकों ने बधाई दी है।पर्याप्त संसाधन नहीं होने बावजूद कड़ी मेहनत से आर्यन तिवारी ने आईआईटी परीक्षा 2025 मे सफलता हासिल किया। परिजनों और ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। आर्यन तिवारी के पिता अखिलेश तिवारी आदर्श शिक्षामित्र वेल्फेयर एसोशिएशन सगठन के दूबेपुर ब्लॉक के अध्यक्ष है।

# सीएमएस छात्रा को 86,700 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्रा आरना चोपड़ा को उच्चशिक्षा हेतु कैनडा की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफटोरंटो द्वारा 86,700 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। आरना ने इस सफ्लता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा की सफ्लता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि



सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं।

## फरह मैं किसान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**मथुरा।** जिले के ब्लॉक फरह में नैनो मॉडल कलस्टर परियोजना के अंतर्गत ग्राम छड़गांव में किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसके मुख्य अतिथि अश्वनी कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ योगेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र दुवासु, मथुरा रहे। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र सिंह चौधरी, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता विभाग रहे।

उक्त कार्यक्रम में उप क्षेत्र प्रबंधक इफको द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारी व किसानों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उप क्षेत्र प्रबंधक इफको द्वारा सभी किसानों को खेती की नवीन तकनीकी के साथ-साथ इफको नैनो उर्वरक के लाभ के विषय में बताते हुए नैनो यूरिया प्लस व नैनो डीएपी प्रयोग करने की सलाह दी गई। किसानों को बताया कि नैनो डीएपी और नैनो यूरीया प्लस के प्रयोग से कम लागत में अधिक पैदावार ली जा सकती है व दानेदार यूरिया एवं डीएपी के प्रयोग से जो मृदा की उर्वरा शक्ति दिन प्रतिदिन घटती जा रही है।

# सिमोन व शाश्वत ने बढ़ाया जनपद का मान




अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जनपद की संगीता शुक्ला की बिटिया सिमोन शुक्ला को तायक्वोंडो चैंपियनशिप में बतौर रेफरी के तौर पर अपनी भूमिका निभाने के लिए जम्मू और कश्मीर की तायक्वोंडो फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से आमंत्रित किया गया। जो कि 7 फरवरी से 9 फरवरी के बीच सम्पन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में जहां रेफरीशिप की भूमिका में बिटिया सिमोन शुक्ला ने अपना सफल योगदान दिया।वहीं उनके बेटे शाश्वत शुक्ला ने खेल ऑफिशियल की भूमिका में अपनी सशक्त पहचान बनाई। बता दें कि यह एक ऑफिशियल स्टेट चैंपियनशिप थी जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जम्मू स्टेट के स्पोर्ट मिनिस्टर भी मौजूद रहे।

# टैरिफ रेगुलेशन के खिलाफ उपभोक्ता परिषद ने खोला मोर्चा

अवधनामा संवाददाता

■ **उपभोक्ता परिषद ने सभी आपत्तियों आयोग में किया दाखिल**

**लखनऊ।** विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित मल्टी ईयर डिस्ट्रीब्यूशन टैरिफ रेगुलेशन- 2025 प्रस्तावित मसौदे पर आम जनता की आपत्ति की आज अंतिम दिन उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने अपनी सभी आपत्तियों को विद्युत नियामक आयोग में दाखिल कर दिया है और प्रस्तावित मसौदे का कडा विरोध करते हुए कहा यह मसौदा पास हुआ तो उत्तर प्रदेश का विद्युत उपभोक्ता लालटेन युग में जाने के लिए विवश होगा इससे प्रदेश की बिजली कंपनियों सहित आने वाले समय में जिन निजी घरानो की नजर प्रदेश के वितरण क्षेत्र पर लगी है उनका लाभ होना तय है इसे किसी भी हालत में लागू नहीं होने देंगे यह लागू हुआ तो सबसे ज्यादा उत्तर सरकार की छबि घूमिल होगी। उपभोक्ता परिषद ने सबसे ज्यादा कडा एतराज इस बात पर उठाया की विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली कंपनियों पर प्रदेश के उपभोक्ताओं का सरप्लस लगभग 33122 करोड निकाला गया लेकिन उसकी आदएगी टैरिफ पॉलिसी के तहत अगले 3 वर्षो में किस प्रकार से होगी वह इस रेगुलेशन का पार्ट ही नहीं बनाया गया जो अपने आप में चौंकाने वाला मामला है।उपभोक्ता परिषद जनहित व उपभोक्ता हित में 19 फरवरी को होने वाली आम जनता की सुनवाई में अपनी आपत्तियों के आधार पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित कानून का कडा विरोध करेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश वर्मा ने कहा प्रस्तावित ड्राफ्ट रेगुलेशन लागू हुआ तो वर्तमान में जो प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर प्रत्येक वर्ष लगभग 3000 से 4000 करोड रूपया सर प्लस निकलता है ।

# आहार मुक्ति साधना की कठिन तपस्या

## जैन मुनि का दीक्षा दिवस समारोह सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उपाध्याय श्री विभंजन सागर का 20 वाँ क्षुल्लक दीक्षा दिवस और तीसरा उपाध्याय पदारोहण दिवस आशियाना जैन मन्दिर में गुरुवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। समारोह में शान्तिधारा का सौभाग्य डॉ. संजीव जैन को मिला। मुनिश्री चित्र का अनावरण एवं मुनिश्री का पादप्रक्षालन अविनाश जैन ने किया।

समिति के संरक्षक अभय शाह एवं विपिन जैन ने दीप प्रज्ज्वलन किया। उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष. प्रो. अभय कुमार जैन ने कहा कि सच्चा जैन श्रावक जिसकी जैन धर्म में दृणता और सम्यक्य् श्रद्धान होता है उसी को आचार्य दिगम्बर मुनि दीक्षा प्रदान करतें है। मुनि दीक्षा के बाद पैदल बिहार, चौबीस घण्टे में दिन में एक बार आहार मुक्ति साधना की कठिन तपस्या है। मुनिश्री विभंजन सागर



महाराज ने अपने दीक्षा दिवस पर कहा कि सद्गृहस्थ श्रावकों का छः कार्य - देव पूजा, गुरू उपासना, स्वाध्याय, व्रतादि, तप और दान प्रतिदिन करना तपस्या का प्रारम्भ है। षट्कर्मो से प्राप्त ऊर्जा जब स्थायी हो जाती है तब व्यक्ति साधु बनने का लक्ष्य रखता है। व्यक्ति की दक्षता में ही उसकी दीक्षा का भाव बन जाता है। मुनिश्री विश्व ज्ञेय सागर महाराज की आयु 93 वर्ष है फिर संकल्प के साथ मुनिधर्म का पालन कर रहे हैं।

कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश, मंत्री अजय जैन, कोषाध्यक्ष शरद कुमार जैन, जैन मिलन अध्यक्ष संजीव जैन, पंकज जैन, दिनेश जैन, विकास जैन महिला मण्डल की सदस्य अल्पना जैन,ऋतु जैन, सविता, रिमझिम शाह , स्वीटी, संगीता, मीनू, अनीता, अन् मन्दिरों से अभिषेक जैन, डॉ. संजीव जैन, विनय जैन, नीरज जैन आदि उपस्थित रहे।

# कहता है सज्जाद की जंजीर से बहता हुआ लुहू

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** बुधवार की रात्रि में नूरियो सराय स्थित शिया जामा मस्जिद में महफिले नूर बसिलसिला यौमे विलादत इमाम मेहदी अलै. का आयोजन किया गया जिसमें आये शायरो ने कलाम पेश किये इस अवसर पर कम्बर अब्बास ने कहा कि हम इंतजार न उनका छोडगे हमारी जान ही जायेगी और क्या होगा इमामे अस् के आने पे फैसला होगा हिसाबे खूने शहे कर्बला होगा।

जैंन संभली ने कलाम पेश किया। कहता है सज्जाद की जंजीर से बहता हुआ लुहू अपने जख्म के चमन को सब् की पुरवाई दे तेरे हाथो ने उठाया है शहीदो का अलम इस अलम को मकसदे अब्बास की उचॉई दे। जिया संभली ने कलाम पेश किया या रब हमे भी हौसला मीसम का हो अता इशके अली मे मस्त दमा दम करेगे हम। घर में सजा के मजलिसे शब्बीर दोस्तों जख्मी दिलो के वास्ते मरहम करेगे हम जनाब माजिद



साहब ने कलाम पेश किया एक तरह आले उमया एक तरह आले नबी किस तरफ ले जायेगा अपना मुकद्दर देख लो चौहदा सदिया हो गयी इस इस मौज्जे को मगर आज भी दीवार में मे है दर देख लो। जाने माने शायर नौशाद ने कहा पलट के आ गया कहॉ रूकना गवारा हुआ नबी के हाथ का सूरज को जब इशार हुआ नबी के साथ ही सिर्फ हमने किया जिक् हुसैन तो इस हिसाब से जन्नत पे हंक हमारा हुआ। इनके आलवा महफिल मे डॉ मेराज तनवीर संभली रहबर हुसैन आयान अब्बास शहजाद शहिद आदि ने कलाम पेश किये शाने अब्बास नैय्यर अब्बास अली सादिक कैसर शमाईम रजा शाहा आलम नवाब राजा साजिद हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस-फॉरेंसिक अगोरा में टीएमयू के ईशान जैन का पोस्टर पुरस्कृत

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** बियोंड द एविडेंसः रिफ्लेक्टिंग ऑन फॉरेंसिक इन्नोवेशन्स टू शेप द फ्यूचर ऑफ क्रिमिनल जस्टिस पर गलगोटियास यूनिवर्सिटी, नोएडा में आयोजित दो दिनी 3वीं अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस-फॉरेंसिक अगोरा में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के एमएससी फॉरेंसिक साइंस के स्टुडेंट ईशान जैन ने पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

गलगोटियास यूनिवर्सिटी और तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के संयुक्त रुप से हुई अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नवाचारों और उनकी न्याय प्रणाली में भूमिका के बारे में विस्तार से मंथन हुआ। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन फॉरेंसिक अगोरा में देश-विदेश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों,



शोधकर्ताओं, प्रोफेसर्स और छात्रों ने प्रतिभाग किया। साथ ही आधुनिक फॉरेंसिक तकनीकों, डिजिटल फॉरेंसिक्स, डीएनए विश्लेषण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और न्याय प्रणाली में फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका पर अपने-अपने रिसर्च पेपर्स प्रस्तुति के संग-संग अनुभव भी साझा किए। नोएडा से वापसी पर टीएमयू के स्टुडेंट ईशान जैन ने कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। प्राचार्य ने अपने छात्र ईशान जैन को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कॉन्फ्रेंस में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में हो रहे अत्याधुनिक नवाचारों को बढ़ावा देना, कानून प्रवर्तन और न्याय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

## नौशाद सम्मान संगीतकार मिठुन व गायिका प्रतिभा बघेल को

**लखनऊ।** मशहूर संगीतकार मिठुन शर्मा और गायिका प्रतिभा सिंह बघेल को 23 फरवरी को नौशाद सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। छावनी के 11 जीआरसी पुनीत दत्त ऑडिटोरियम में 23 को शाम छह बजे होने वाले अवध फेस्टिवल के इस आयोजन में प्रतिभा बघेल के संग दुबई की गजल गायिका साक्षी तनेजा गजलों की सुरीली महफिल भी सजाएंगी। कार्यक्रम में अतिथियों के तौर पर मध्य कमान क चीफ ऑफ स्टाफ और अन्य सैन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

हुनर क्रियेशन्स एण्ड क्राफ्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अवध फेस्टिवल श्रृंखला के इस कार्यक्रम के बारे में संयोजक जफर नबी ने बताया कि ये सम्मान फिल्म उद्योग में यादगार संगीत देने वाले लखनऊ के मशहूर संगीतकार नौशाद के नाम पर दिये जाते हैं। एसोसिएशन ने नौशाद सम्मान गदर-2 फेम संगीतकार मिठुन शर्मा को पहले ही अवार्ड घोषित कर रखा था। अब उनके साथ प्रख्यात गायिका प्रतिभा सिंह बघेल को भी ये सम्मान प्रदान किया जाएगा।

# दिव्यांग छात्र ऋषभ को मिली ट्राइसाइकिल



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिले के कुड़वार ब्लॉक संसाधन केंद्र पर समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ द्वारा संचालित दिव्यांग छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए। प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत नोडल टीचर/ प्रधानाध्यापकों की 5 दिवसीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण दिनांक 11 फरवरी से गतिमान है। प्रशिक्षण में ब्लॉक के 51 नोडल टीचर/ प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने एवं लिखाने की गतिविधि तथा विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को विस्तृत रूप से बताया गया। संदर्भदाता सरजू प्रसाद पाठक और अशोक कुमार मौर्य ने अधिगम अक्षमता तथा उनके लक्षणों के बारे विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। प्रशिक्षण के दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान और संदर्भदाता सरजू प्रसाद पाठक ने समग्र शिक्षा के समेकित शिक्षा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चितईपुर में पढ़ रहे कक्षा एक के दिव्यांग छात्र ऋषभ को ट्राई साइकिल प्रदान की गई।

## आरटीआई एक्टिविस्ट बालकृष्ण को जयपुर में किया सम्मानित

**मथुरा।** लीगल अम्बिट वेलफेयर सोसायटी द्वारा रविवार को जयपुर में आयोजित एक राष्ट्रीय सेमिनार में आरटीआई एक्टिविस्ट के रूप में अपना अहम योगदान देते हुए सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचारों व अनियमितताओं के कई मामलों का खुलासा करने पर मथुरा निवासी पत्रकार बालकृष्ण अग्रवाल को राजस्थानी स्वाफ़ा पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके कार्यों की सराहना की गई, लीगल अम्बिट वेलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय महासचिव अक्षय गोस्वामी द्वारा बालकृष्ण अग्रवाल को सेमिनार में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत कार्यरत आरटीआई एक्टिविस्टों के राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय संगठन लीगल अम्बिट वेलफेयर सोसायटी द्वारा बालकृष्ण अग्रवाल को लोकतंत्र का आग़ाज़ वेबन्यूज के चीफ एडिटर के रूप में रविवार को जयपुर स्थित सिगमेट पार्क अजमेर रोड पर आयोजित एक सम्मान किन्नरों के नाम व आरटीआई मामलों में वर्तमान स्थितियों पर चर्चा व समाधान सेमिनार में आमंत्रित किया गया था।

# विद्युत की अघोषित कटौती से सूखने की कगार पर पहुंची फसल

- रबी की फसल को सूखने से बचाने के लिए डीएम से किसानों ने लगाई गुहार
- ज्ञापन भेजकर विद्युत की अघोषित कटौती बंद कराने की उठायी मांग



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिले के कई ग्रामीण अंचलों में निर्धारित समय से अधिक विद्युत कटौती की जा रही है, जिससे किसानों के खेतों में रबी की फसल सूखने की कगार पर पहुंच रही हैं। इस सम्बन्ध में गुरुवार को ग्राम करीटोरन, इमलिया, बरखिरिया, खजरा, गदयाना, डुलावन के किसानों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि उक्त ग्रामीण अंचलों में बांसी फीडर से विद्युत आपूर्ति की जाती है, लेकिन कुछ समय से विद्युत की अघोषित कटौती चरम पर है, जिससे खेतों में रबी की फसल सूखने की कगार पर पहुंच चुकी है। किसानों ने बताया कि यदि यही स्थिति बनी रही तो यहां के किसान पूरी तरह से बर्बाद हो जायेंगे। बताया कि प्रत्येक गांव में 10-10 संयोजन है, जिसकी सबके पास सम्पूर्ण रसीदें हैं कोई भी किसी तरह का कोई बकायेदार नहीं है। बावजूद इसके भी विद्युत कर्मियों की मनमानी व लापरवाही से किसानों को परेशानियां उठानी पड़ रहीं है। इस सम्बन्ध में मौखिक व लिखित शिकायत सम्बन्धित अधिकारियों से की गयी, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। बताया कि 1 फरवरी को सम्पूर्ण तालबेहट के समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया गया, जिस पर भी कार्यवाही नहीं हुयी। आरोप है कि शिकायती पत्र देने के बाद विद्युत की अघोषित कटौती का समय और बढ़ गया, जिससे किसानों को भारी परेशानियां हुयीं। बताया कि विगत दिनों कारीटोरन निवासी कृष्णशंकर पाराशर ने आईजीआरएस पर अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर शिकायत की थी, जिस पर एसडीओ बांसी कार्यालय से अवगत कराया गया था कि रोस्टर के अनुसार कोई भी कटौती नहीं की जा रही है और शिकायत मिलने पर सम्बन्धित लाइनमैन को हटा दिया गया है। ज्ञापन देते समय कृष्णशंकर पाराशर, सुनील शर्मा, माधव सिंह, पहाड़ सिंह, राजकुमार, रामकिशोर, शैलेष, भगुन्ते अहिरवार, हरीबाबू, रामगोपाल, नरेन्द्र सिंह, नाथूराम तिवारी, जयकुमार, रामसहाय पाठक, श्रीराम सिंह, सुजान सिंह, राजू तिवारी, श्यामबाबू, गजराम, खलक सिंह, जगभान अहिरवार, बद्रीप्रसाद, नन्दू, बरजोरे अहिरवार, रविन्द्र कुमार, दरऊ अहिरवार, मनीराम, सियाराम, सुनील, बृजभान, अनिल, रामजी पाठक, पवन कुमार, मेहरबान सिंह आदि मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी की पी डी ए बैठक में गुरु रविदास को पुष्पांजलि अर्पित की

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक व संत रविदास जी की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी की जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सुभाष पाल जी द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सर्वप्रथम संत रविदास जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात मासिक बैठक में राजीव यादव को जिला सचिव के पद पर मनोनीय मनोनयन पत्र सोपा। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने समाजवादी पार्टी के निष्क्रिय पदाधिकारियो को चेतावनी के साथ स्पष्ट निर्देश दिया समाजवादी पार्टी के पीडीए पंचायत कार्यक्रमों को गति प्रदान की जाए ।विधानसभा अध्यक्षों से लेकर जिले की कार्यकारिणी के जिन लोगों को अपनी-अपनी विधानसभा में प्रभारी नियुक्त किया है वह अपनी जिम्मेदारी का सत्य निष्ठा से निर्वहन करें। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि यदि पार्टी के नीति नीति और कार्यक्रमों में पार्टी का कोई पदाधिकारी कार्य नहीं करना चाहता है तो स्वेच्छा से इस्तीफा सौंप दें।

# कचनौंदाकलां ग्राम समूह पेयजल योजना के खोंखरा गुगरवारा में एडीएम ने किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी ने क्रियान्वित कचनौंदा-कलां ग्राम समूह पेयजल योजना जोन-08 कल्यानपुरा टंकी के अन्तर्गत खोंखरा एवं जोन-06 गुगरवारा टंकी के अन्तर्गत गुगरवारा ग्राम का निरीक्षण सहायक अभियन्ता एसडब्ल्यूएसएमए टीम लीडर पीएमसी, डीपीएम, टीपीआई एवं कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक के साथ किया गया। योजना में कुल 59 ग्राम सम्मिलित है। इस योजना के अन्तर्गत 1 इन्टेक वैलए एक 26 एमएलडी का डब्ल्यूटीपीए 8 सीडब्ल्यूआर एवं 17 ओएचटी का निर्माण किया गया है एवं प्रस्तावित पाइप लाइन 457.64 कि.मी. बिछाये जाने के सापेक्ष 457.64 कि.मी. पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। जोन-08 कल्यानपुरा टंकी के अन्तर्गत खोंखरा ग्राम का निरीक्षण किया गया और पाया गया कि ग्राम में जलापूर्ति हो रही है। साथ ही कम्पोजिट विद्यालय की जलापूर्ति का निरीक्षण किया गया। अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कि जा रही जलापूर्ति को ही उपयोग करने के लिए बताया गया एवं यह भी बतया गया कि अपने माता-पिता एवं आस-पड़ौस के लोगो को समझाये कि गृह संयोजन को क्षतिग्रस्त न करें, बर्तन पानी से भर जाने के बाद टोंटी को बंद करें। स्कूल के अध्यापकों द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कि जा रही जलापूर्ति को अपर जिलाधिकारी के समक्ष पीकर बच्चों को भी पीने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के बच्चे ने भी अपर जिलाधिकारी के समक्ष जलापूर्ति किये जा रहे पानी को पिया। ग्रामवासियों को बताया गया कि गृह संयोजन का संरक्षण करें, किये जा रहे जलापूर्ति का प्रयोग पीने, खाना बनाने में उपयोग करे पानी को बर्बाद होने से बचायें एवं पानी का सदुपयोग करें। तत्पश्चात जोन-06 गुगरवारा टंकी के अन्तर्गत गुगरवारा ग्राम का निरीक्षण किया गया और पाया गया कि ग्राम के सभी घरों में कनेक्शन हो गये है एवं जलापूर्ति भी हो रही है। ग्राम में जल कि गुणवत्ता कि जांच के लिए एफटी के प्रशिक्षित महिलाएं प्रीती एवं प्रियंका गुगरवारा स्थित प्राथमिक विद्यालय में अपर जिलाधिकारी, स्कूल के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों के समक्ष जल कि पी एच एवं शेष क्लोरीन कि जांच कि जो कि मानकों के अनुरूप पायी गयी। अपर जिलाधिकारी द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कि जा रही जलापूर्ति को ही उपयोग करने के लिए बताया गया एवं यह भी बतया गया कि अपने माता-पिता एवं आस-पड़ौस के लोगो को समझाये कि गृह संयोजन को क्षतिग्रस्त न करें, बर्तन पानी से भर जाने के बाद टोंटी को बंद करें एवं ग्रामवासियों को बताया गया कि गृह संयोजन का संरक्षण करें, किये जा रहे जलापूर्ति का प्रयोग पीने, खाना बनाने में उपयोग करे पानी को बर्बाद होने से बचायें एवं पानी का सदुपयोग करें। कार्यदायी संस्था को अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कचनौंदा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत सम्मिलित ग्रामों में नियमित एवं सुचारू रूप से जलापूर्ति करें एवं जिन ग्रामवासियों के गृह संयोजन घर के बाहर है उसे घर के अन्दर कराना सुनिश्चित करें।



# सीट बेल्ट और हेलमेट के खिलाफ चलाया अभियान

- यातायात पुलिस ने लोगों को किया जागरूक



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी अनिल कुमार एवं सीओ यातायात कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस शहर के प्रमुख चौराहों तिराहों, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के खिलाफ अभियान चलाया गया। मौके पर वाहन चालकों/परिचालकों को यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसमें दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, आदि के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा यातायात पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया। वहीं प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 87 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया।

# शिकायत के बाद भी नहीं हटाया गया सरकारी जमीन से अवैध कब्जा

- बाहरी व्यक्तियों की सक्रियता दे रही अवैध अतिक्रमण को बढ़ावा



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** शहर के मध्य खाली पड़ी सरकारी जमीन पर बाहरी व्यक्तियों द्वारा अवैध तरीके से टपरा डालकर कब्जा करने का आरोप लगाते हुये भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नसीमुद्दीन कुरैशी ने मुख्यमंत्री से लेकर स्थानीय प्रशासन तक लिखित शिकायत दर्ज करायी थी। इस शिकायत में उन्होंने नगर पालिका प्रशासन के कुछ बाबूओं द्वारा बाहरी व्यक्तियों से सांठगांठ कर सरकारी जमीन पर टपरा डालकर अवैध कब्जे को संरक्षण देने का आरोप लगाया गया था। प्रकरण को लेकर शिकायत किये जाने के बावजूद भी जिम्मेवार अधिकारियों द्वारा कार्यवाही न करना सवालिया निशान खड़े करता है।

गौरतलब है कि शहर के मध्य बनाये गये स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय मेडीकल कॉलेज के पास आईटीआई के पास खाली पड़ी सरकारी जमीन पर बाहर से आये कुछ लोगों द्वारा टपरे डालकर अवैध कब्जा जमा लिया है। इस प्रकरण को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नसीमुद्दीन कुरैशी ने मुख्यमंत्री के अलावा मुख्यालय स्तर पर जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को भी शिकायती पत्र लिखित तौर पर दिया था। शिकायत करने के बाद भी सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा न तो मामला संज्ञान लिया गया और न ही कोई कार्यवाही की गयी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुये नगर पालिका परिषद के नजूल विभाग में तैनात बाबू द्वारा बाहरी व्यक्तियों से मिलीभगत कर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूरे मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

# लाभार्थियों के लिए पीओएस मशीन बनी मजाक

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के अंतिम छोर पर बसे ललितपुर जिले में शासकीय योजनाओं का लाभ सीधे पात्रों तक पहुंचने में भी भारी कठिनाईयां आ रहीं हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण खाद्यान्न है, जो कि उचित दर विक्रेता की दुकान के जरिए लोगों तक पहुंच रही है। प्रत्येक माह गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को वितरण होने वाला खाद्यान्न लेने के लिए भी लोगों को भारी परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। राशन की दुकान पर कोटेदारों द्वारा पीओएस मशीन पर अंगूठे के जरिए पहचान पुख्ता करते हुये खाद्यान्न वितरण किया जाता है, लेकिन खाद्यान्न वितरण के समय ही पीओएस मशीन में नेटवर्क की लगातार बनी रहने वाली समस्या के कारण लोगों को भारी परेशानी भी उठानी पड़ रही है। गौरतलब है कि पूर्व में हस्तलिखित तरीके से रजिस्टरों पर एण्ट्री करते हुये खाद्यान्न का वितरण किया जाता था, लेकिन कोटेदारों द्वारा फर्जी तरीके से लोगों को आने वाली खाद्यान्न सामग्री को कालाबाजारी कर बेच दिया जाता था। इस प्रकार की कालाबाजारी को रोकने के लिए शासन ने पीओएस मशीन के जरिए उपभोक्ताओं को वार्ड वाइज जोड़ दिया। अब पीओएस मशीन पर आधार कार्ड लिंक हुये पात्र लाभार्थी को उसके या उसके परिजनों के अंगूठे के निशान से मशीन पहचान पुख्ता करती है और खाद्यान्न वितरण किया जाता है। पीओएस मशीन को प्रत्येक दुकान पर पहुंचाने की योजना कालाबाजारी रोकने में तो काफी हद तक कामयाब रही।

## डी एम ने राजकीय कृषि रक्षा ईकाई का निरीक्षण किया

**सम्भल ( बहजोई)** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा कलक्ट्रेट परिसर स्थित राजकीय कृषि रक्षा ईकाई का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं एवं पंजिकाओं को चैक किया।जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति लगायी जाए तथा जो कार्मिक आज अनुपस्थित हैं ये देरी से आए हैं उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। स्टॉक रजिस्टर को व्यवस्थित रखने कार्यालय की साफ़ सफाई तथा कार्यालय के बाहर घास फूस आदि की साफ़ सफाई कराने को भी निर्देशित किया

## डीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग नहीं चलाया चेकिंग अभियान

**मथुरा।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आगामी त्योहारों (महाशिवरात्रि एवं होली) के दृष्टिगत जनपद मथुरा में आम जनमानस एवं श्रृद्धालुओं को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु फरवरी माह में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा श्रीकृष्ण जन्मस्थान, वृन्दावन, बरसाना, गोवर्धन, बल्देव, छाता, मांट में संचालित होटल/रेस्टोरेण्ट, मिठाई की दुकानों, डेयरी एवं किराना स्टोर पर विशेष सतर्कता अभियान के अन्तर्गत सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान मिलावट में संदेह के आधार पर नमूनों का संग्रहण, कालातीत तिथि (एक्सपायरी) एवं सड़े-गले खाद्य/पेय पदार्थों का विनष्टीकरण कराया गया। इस अभियान में अब तक खाद्य/पेय पदार्थों जैसे-मिठाई, पेड़ा, मिल्ककेक, बूंदी लड्डू, रिफायण्ड सोयाबीन तेल, सरसों का तेल, पनीर, दूध, सोयाबीन दाल एवं बेसन आदि के नमूने संग्रहित किये गये। साथ ही खाद्य कारोबारकर्ताओं को अपने प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थ की रेट लिस्ट लगाने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने व आस-पास स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रतिष्ठानों पर ढक्क्नयुक्त डस्टबिन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# केएम विश्वविद्यालय का स्वर्ण पदकों पर कब्जा

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के छात्रों ने खेल प्रतियोगिता में जीएलए को हराकर अलग-अलग प्रतियोगिताओं में स्वर्ण और रजत पदक जीत कर खेलों में भी परचम लहराया, इस सफलता के लिए विवि कुलाधिपति किशन चौधरी, वाइस चांसलर डा. एनसी प्रजापति, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए हौंसला वर्धन किया है। इस बाबत केएम विवि के सहायक खेल निदेशक आरके शर्मा ने बताया कि जीएलए विवि में आगाज 2025 के नाम से खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें केएमयू सहित कई विश्वविद्यालयों के खेल प्रतिभागियों ने भाग लिया था। दो दिवसीय प्रतियोगिता में चेस, क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बॉलीबाल, टेबिल टेनिस आदि में केएम विवि के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल करके विवि का नाम रोशन किया है। गोल्ड मेडल पाने वालों में जगमोहन, विवेक, गौरव, भानू, सतेन्द्र, विवेक रहे। इसके अलावा अन्य प्रतियोगिताओं में भी केएमयू के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

विवि के कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने बताया केएमयू के छात्र खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसमें हमारे विवि के छात्र जगमोहन ने अत्याधिक अंतराल में 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अर्जित किया है, इसी प्रकार से शॉर्टपुट में विवेक ने रजत पदक, गौरव ने डिसकस थ्रो में रजत पदक व फेर इन टू 100 मीटर में केएमयू की एथलीटो टीम ने रजत पदक प्राप्त किया है। वहीं बॉलीबाल में केएम विवि की टीम ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। केएम के छात्रों द्वारा पदक हासिल करने पर विवि के सभी संकायों के डींस, प्रोफेसरों ने छात्रों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन और मेहनत की प्रशंसा की।

# शबे बरात में घर घर में हलवा बनाकर दिलाई गई फातिहा

- शबे बरात त्योहार परम्परागत तरीके से मनाया गया
- घर घर में हलवा बनाकर दिलाई गई फातिहा



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिलें में शबे बरात का त्योहार परम्परागत तरीके से मनाया गया। इस त्योहार के प्रति युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। मुस्लिम समुदाए के लोगों ने मजारों और कब्रगाहों में जाकर फूल चढाए और फातिहा पड़ा। देर रात तक नारा ए तक्बीर अल्लाहो अक्बर की सदाओं से शहर गूंज उठा। वहीं युवा बल के लोग देर रात तक पटाके छुड़ाते रहे। घरों में भी बच्चों ने मेहताब, फुलझरी जलाने के साथ पठाके भी छुड़ाए वहीं महिलाओं ने अपने अपने घरों में तरह तरह के हलवा तैयार करके फातिहा दिलाई। शबे बरात त्योहार पर सुबह से ही महिलाएं घरों में तरह तरह के हलवे तैयार करने में जुटी रही। देर शाम तक हलवा बनने के बाद घरों पर फातिहा दिलाई गई। शबे बरात पर हलवा बना कर फतिहा दिलाई जाती है। इस त्योहार पर घर घर में हलवा बनने के बाद शाम तक एक दूसरे के यहां हलवा खाने के लिए आने जाने का सिलसिला चलता रहा। उधर महिलाओं ने भी अपने अपने घरों में शबे बरात की मुकद्दस रात में पूरी रात जाग कर इबादत में गुजारी। शबे बरात पर जहां बच्चे और युवाओ ने कब्रगाहों और मजारों पर जाकर पूरी रात फतिहा पढने में गुजारी, वहीं बुजुर्गों व अन्य लोगों ने मस्जिदों में इबादत तिलावत करके पूरी रात गुजारी। जिसके चलते पूरी रात मस्जिदें गुलजार रही। इस रात को मरहूमों की रूहें घरों पर आती है जिसके चलते लोग घरों और मस्जिदों में इबादत तिलावत करते रहते है। शबे बरात की रात लैलतुल की रात है। इस रात में सभी लोगों का एक साल का हिसाब किताब लिखा जाता है, और अल्लाह तआला अपने बंदों को माफी मांगने पर अल्लाह माफ कर देता है। इसी लिए आज की रात लोग जागकर इबादत में गुजारते है। इस रात की विषेश अहमियत है यह रात गुनाहों से तौबा की रात है। इस रात को शबे बरात भी कहा गया है।

# सीएम डैशबोर्ड पर हुई विकास कार्यक्रमों की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री जी के विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सीएम डैशबोर्ड पर की गयी। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार द्वारा विभाग वार रैकिंग से संबंधित बिन्दुओं के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया। सर्वप्रथम पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की और जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सूर्य घर कनेक्शन की प्रगति में बढ़ोतरी लाई जाए। अल्पसंख्यक विभाग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/ शुल्क प्रतिपूर्ति, एकीकृत बागवानी, पर ड्राप मोर क्रॉप माइक्रोइरीगेशन, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतें, दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटे ग्रामीण में काम रैंकिंग को लेकर अधीक्षण अभियंता विद्युत को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम ऐंचौड़ा कम्बोह को आदर्श ग्राम बनाना है उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में पेंशन कैंप लगाया जाए और जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की ग्राम पंचायत में प्रत्येक दशा में साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना ,पीएम कुसुम, डे एन आर एल एम बैंक क्रेडिट लिंकेज ,मनरेगा पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की जिसको लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्मान निधि में सहयोग न करने को लेकर ई डिस्टिक मैनेजर विपिन कुमार को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री कुसुम योजना की प्रगति को बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। डे एनआरएलएम पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि बैंकों में जाकर सीसीएल की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। मनरेगा में रैकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देशित किया। ओडीओपी टूल किट, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। फैमिली आईडी को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की फैमिली आईडी की प्रगति में बढ़ोतरी लाई जाए ई डिस्टिक मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहां की जन सेवा केंद्र संचालकों के साथ बैठक करते हुए फैमिली आईडी की प्रगति को बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने 15वें वित्त के अंतर्गत क्या-क्या कार्य किए गए हैं उसके विषय में जिला पंचायत राज अधिकारी से जानकारी प्राप्त की और संबंधित को निर्देशित किया उन्होंने कहा कि स्कूल के कार्य को भी प्राथमिकता पर रखा जाए।

बेसिक शिक्षा अधिकारी से ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत किए गए कार्यो के विषय में जानकारी प्राप्त की जिलाधिकारी ने एमडीएम एवं बच्चों की कम उपस्थिति को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को चेतावनी जारी करते हुए आवश्यक दिशा निर्देशित किया। गौ संरक्षण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रगति में सुधार लाया जाए टीकाकरण की प्रगति में बढ़ोतरी लाई जाए मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को जागरूक किया जाए जिस प्रगति में बढ़ोतरी हो सके। मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, एवं समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में 07 दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस मां सरस्वती वंदना एवं एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ नवीन अग्रवाल ने शिविर का शुभारंभ किया। इसके बाद नशा मुक्ति पर एक भव्य रैली का आयोजन कैंप स्थल के आर इंटर कॉलेज से डैंपियन नगर होते हुए म्यूजियम तक गगन भेदी नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली। द्वितीय सत्र में वित्तीय साक्षरता पर अवेयरनेस कार्यक्रम अमित चतुर्वेदी,वरिष्ठ वित्तीय परामर्शक ने सभी स्वयंसेवकों को उदाहरण के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए प्रश्न उत्तर काल में पुरस्कार भी वितरित किए। इसके बाद नारी शक्ति विषय पर जागरूकता कार्यक्रम कोतवाली से पधारी सब इंस्पेक्टर शीतल शर्मा, अपराधिता एवं हेड कांस्टेबल मनीषा ने छात्र-छात्राओं को उनके साथ होने वाली घटनाओं के बारे में जागरुक करते हुए पुलिस विभाग द्वारा दी जा रही सहायताओं के साथ महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपी नेडा द्वारा बैठक से संबंधित मुख्य ऐजेंडा बिन्दुओं के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया। वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपी नेडा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अगर अपने घर 3 किलोवाट का पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत कनेक्शन लगवाता है तो इसको लगवाने में खर्च होने वाले 1.80 लाख रुपये में से 1.08 लाख रुपये की सब्सिडी प्राप्त होगी तथा उसके कुल 72 हजार रुपये ही लगेंगे तथा लगभग 25 वर्ष तक विद्युत बिल में बचत होगी। इसी प्रकार संयत्र की क्षमता के अनुसार लोग सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने जनपद के लक्ष्य तथा प्रगति रिपोर्ट के विषय में जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि इस योजना को लेकर लोगों को जागरूक किया जाए तथा लक्ष्य की प्रगति बढायी जाए।जिलाधिकारी ने वेंडर्स को आ रहीं समस्याओं को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं इसके समाधान के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी एवं समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति बढ़ाएं इसमें किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में ना आए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर आनंद कटारिया, डिप्टी कलेक्टर रमेश बाबू, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपी नेडा एस. के. सिंह, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ में हुआ टेनिस बॉल क्रिकेट के महासंग्राम एलएलसी टेन10 का आगाज, अब 12 टीमें लगाएंगी जोर



**लखनऊ।** उद्घाटन समारोह के बाद लीग का पहला मैच वेंकटेश्वरा लायंस और आईआईएमटी मेरठ इन्वेडर्स के बीच खेला जा रहा है। इस मौके पर लीग की 12 टीमों के सभी खिलाड़ी, कोच और टीम मालिक स्टेडियम में मौजूद हैं। देश में क्रिकेट और एंटरटेंनमेंट का हर कोई दीवाना है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में गुरुवार से एलएलसी टेन10 का महासंग्राम शुरू हो रहा है जिसमें 12 टीमों के 204 खिलाड़ी आमने सामने हैं। अमर उजाला और लीजेंड्स लीग क्रिकेट द्वारा आयोजित किए जा रहे एलएलसी टेन10 के पहले सीजन में 24 मुकाबले होंगे, जिन्हें 13 से 22 फरवरी के बीच खेला जाएगा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, ब्रेट ली और क्रिस गेल ने ट्रॉफी का अनावरण किया। शाम 6 बजे होने वाले उद्घाटन समारोह में युवाओं के सामने वेस्टइंडीज के सिक्सर किंग क्रिस गेल और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ब्रेट ली होंगे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक स्वागत वक्तव्य देंगे। समारोह की शाम को स्वरूप खान अपनी परफॉर्मेंस देंगे। समारोह के बाद लीग का पहला मैच वेंकटेश्वरा लायंस और आईआईएमटी मेरठ इन्वेडर्स के बीच होगा। एलएलसी टेन10 के शुभारंभ समारोह के लिए देश-विदेश से सैकड़ों हस्तियों को आमंत्रित किया है। इस मौके पर लीग की 12 टीमों के सभी खिलाड़ी, कोच और टीम मालिक स्टेडियम में मौजूद रहेंगे।

लीग का बड़ा आकर्षण इसमें दी जाने वाली विजेता राशि है जो 10 लाख रुपये है। साथ ही उप विजेता टीम को 5 लाख रुपये मिलेंगे। फाइनल में मैन ऑफ द सीरीज खिलाड़ी को निसान मैग्नाइट कार मिलेगी। लीग के टॉप 9 खिलाड़ियों को एथर इलेक्ट्रिक बाइक इनाम में मिलेगी। लीग के प्रायोजकों द्वारा विशेष पुरस्कार लीग मैचों के रिजल्ट के बाद श्रेष्ठ खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे।

लीग की शुरुआत में 3 ग्रुप्स में बंटी 4-4 टीमें ग्रुप मैच खेलेंगी। फिर टॉप 3 के मैच होंगे। 21 को 2 सेमीफाइल होंगे जिसमें गायक जावेद अली संगीत का जलवा बिखेरेंगे। 22 फरवरी को फाइनल होगा। मशहूर सिंगर कैलाश खेर फाइनल में प्रस्तुति देंगे। टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर किया जाएगा।

## दो स्वर्ण सहित 11 और पदक मिले, सातवें स्थान पर उत्तराखंड, शतक लगाने के करीब पहुंचा




**देहरादून।** उत्तराखंड की बेटी अंकिता ध्यानी ने महिलाओं की पांच हमार मीटर दौड़ में राज्य को स्वर्ण पदक दिलाया। इस दौड़ में महाराष्ट्र की संजीवनी जाधव दूसरे और इसी राज्य की पूनम सोनुने तीसरे स्थान पर रही। राष्ट्रीय खेलों में मेजबान उत्तराखंड का शानदार प्रदर्शन का सिलसिला बुधवार भी जारी रहा। राज्य ने दो स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक जीते। उत्तराखंड 22 स्वर्ण के साथ पदक तालिका में सातवें स्थान पर बना हुआ है। उत्तराखंड के पदकों की संख्या 97 पहुंच गई है। तमिलनाडु 24 स्वर्ण पदकों के साथ छठवें नंबर पर है। उत्तराखंड की बेटी अंकिता ध्यानी ने महिलाओं की पांच हमार मीटर दौड़ में राज्य को स्वर्ण पदक दिलाया। इस दौड़ में महाराष्ट्र की संजीवनी जाधव दूसरे और इसी राज्य की पूनम सोनुने तीसरे स्थान पर रही। राज्य को दूसरा स्वर्ण पदक कयाकिंग महिला वर्ग की 500 मीटर स्पर्धा में सोनिया और रोजी देवी की जोड़ी ने दिलाया।पुरुष वर्ग की कयाकिंग 500 मीटर स्पर्धा में प्रभात कुमार और हर्षवर्धन की जोड़ी ने रजत पदक जीता। जबकि महिला वर्ग कैनोइंग डबल 500 मीटर स्पर्धा में मीरा दाव व रामकन्या डांगी की जोड़ी ने कांस्य पदक दिलाया। सीएम ने किया कुश्ती-हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ, कहा- खेल भूमि के रूप में स्थापित होगी देवभूमि मॉडर्न पेंटाथलॉन महिला वर्ग टीम स्पर्धा में कोमल चौहान, भार्गवी रावत, ममता खाती ने रजत पदक जीता।

# 400 मीटर दौड़ में विशाल और नेहा अव्वल, कबड्डी प्रतियोगिता में सीएसआईटी ने मारी बाजी



**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स मीट के चौथे दिन बुधवार को कई खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं। 400 मीटर दौड़ में विशाल और नेहा ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं शूटिंग में सौरभ सिंह ने सटीक निशाना साधा। रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर चौथे दिन स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में छात्रों के बीच खेल प्रतियोगिताएं हुई। क्रीड़ा सचिव प्रो. एसएस बेदी ने प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। दौड़ स्पर्धा के साथ ही प्रतियोगिता की शुरुआत हुई और दिनभर आयोजन हुए। समापन पर विजेताओं को कुलपति ने पुरस्कृत किया। पुरुष वर्ग 100 और 200 मीटर दौड़ में अभिषेक प्रथम, रोहित यादव द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ में विशाल बहादुर ने बाजी मारी। इसमें वासुदेव द्वितीय, अमरजीत तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग 100 और 200 मीटर मीटर दौड़ में नेहा पहले, आकांक्षा गुप्ता दूसरे रही। जबकि तीसरे स्थान पर क्रमशः वर्षा पांडेय और तान्या रहीं। 400 मीटर दौड़ में भी नेहा ही पहले स्थान पर रहीं। वैष्णवी मिश्रा ने दूसरा और अंजलि रस्तोगी ने तीसरा स्थान पाया। पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में सीएसआईटी को प्रथम, बी फार्मा को द्वितीय और एमबीए को तृतीय स्थान हासिल मिला। वॉलीबाल प्रतियोगिता में कैंपस की टीम अव्वल रही। फार्मेसी द्वितीय और एमबीए तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष शूटिंग राइफल प्रतियोगिता में सौरभ सिंह ने पहले, अखंड प्रताप सिंह ने दूसरे, सूर्यकांत ने तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। महिला शूटिंग राइफल प्रतियोगिता में दरक्षा खान प्रथम, दिव्या सिंह द्वितीय और मेधावी वर्मा तृतीय रहीं। महिला शूटिंग पिस्टल प्रतियोगिता में फिजा खान को पहला, कशिश यादव को दूसरा और रीता शर्मा को तीसरा स्थान मिला। इस अवसर पर कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव संजीव कुमार, प्रो. एके सिंह, प्रो. संतोष अरोरा, प्रो. सुधीर वर्मा, प्रो. आशुतोष प्रिया, डॉ. पवन कुमार आदि थे। बरेली प्रीमियर क्रिकेट लीग का आयोजन निशांत पटेल क्रिकेट अकादमी में किया जा रहा है। बुधवार को पहला मैच जरिया कलेक्शन और विशाल फर्नीचर के बीच खेला गया। मैच में विशाल फर्नीचर ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 146 रन बनाए। विशाल फर्नीचर से रविंद्र ने 61 रनों की पारी खेली।

## भाला फेंक में सचिन, ऊंची कूद में पूजा और 5000 मीटर में बेरवाल को स्वर्ण पदक



**देहरादून।** यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। यादव का 84.39 मीटर अब चोपड़ा (89.94 मीटर), जेना (87.54 मीटर), शिवपाल सिंह (86.23 मीटर) और देविंदर सिंह कांग (84.57 मीटर) के बाद किसी भारतीय के करियर का पांचवां सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव, हरियाणा की 18 साल की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा सिंह और हिमाचल प्रदेश के लंबी दूरी के धावक सावन बेरवाल ने बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन राष्ट्रीय खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। नीरज चोपड़ा और किशोर जेना जैसे स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में 25 साल के यादव ने अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में भाले को 84.39 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक जीता।

यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। यादव का 84.39 मीटर अब चोपड़ा (89.94 मीटर), जेना (87.54 मीटर), शिवपाल सिंह (86.23 मीटर) और देविंदर सिंह कांग (84.57 मीटर) के बाद किसी भारतीय के कॅरिअर का पांचवां सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। भाला फेंक का रजत और कांस्य भी उत्तर प्रदेश के नाम रहा। रोहित यादव ने 80.47 मीटर के साथ दूसरा जबकि विकास शर्मा ने 79.33 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया। हरियाणा के फतेहाबाद जिले के एक राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने 1.84 मीटर के प्रयास से 2023 सत्र में जीते महिलाओं की ऊंची कूद के स्वर्ण पदक को बरकरार रखा। उन्होंने 2022 में बंगाल की स्वप्ना बर्मन के 1.83 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। पूजा का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1.85 मीटर है जो राष्ट्रीय अंडर-20 रिकॉर्ड भी है। तमिलनाडु की गोबिका के (1.79 मीटर) ने रजत जबकि कर्नाटक की अभिन्या शेट्टी (1.77 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। बेरवाल ने 13 मिनट 45.93 सेकंड के साथ पुरुष 5000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता।

# एडवांस बुकिंग में ही 'छावा' बनी विक्की की मूवी नंबर वन, 'बैड न्यूज' को पीछे छोड़ा



**मुंबई।** निर्देशक लक्ष्मण उतेकर की फिल्म 'छावा' ने अपनी रिलीज के एक दिन पहले ही दहाई के आंकड़े पर दस्तक दे दी है। जिस तरह से 'छावा' की एडवांस बुकिंग हो रही है, उससे लगता है ये फिल्म विक्की के करियर की बिगेस्ट ओपनर बनेगी। निर्देशक लक्ष्मण उतेकर की फिल्म 'छावा' ने अपनी रिलीज के एक दिन पहले ही दहाई के आंकड़े पर दस्तक दे दी है। फिल्म के हीरो विक्की कौशल की अब तक रिलीज सारी फिल्मों में पहले दिन का सबसे ज्यादा कलेक्शन बीते साल रिलीज फिल्म 'बैड न्यूज' का रहा है। फिल्म हालांकि बाद में अपनी मेकिंग की वजह से ज्यादा नहीं चली और औसत कमाई वाली फिल्म ही बनकर रह गई, लेकिन विक्की की शुक्रवार को रिलीज हो रही फिल्म 'छावा' ने इससे ज्यादा रकम एडवांस बुकिंग में ही कमा ली है। अगर ये सारी बुकिंग पहले दिन की ही है तो फिर 'छावा' विक्की कौशल के करियर की बिगेस्ट ओपनर बनने जा रही है।फिल्म 'छावा' के 12,344 शोज की एडवांस बुकिंग बीते सोमवार से चल रही है। इस बीच विक्की कौशल और फिल्म की हीरोइन रश्मिका मंदाना भारत भ्रमण भी कर आए हैं। बुधवार को दोनों शिरडी के साईं बाबा मंदिर में भी दिखे। फिल्म रिलीज के आंकड़ों पर नजर रखने वाली वेबसाइट के अनुसार फिल्म के करीब साढ़े तीन करोड़ टिकट गुरुवार शाम तक बिक चुके हैं और इससे फिल्म ने करीब 9.91 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। ये विक्की कौशल की अब तक सिनेमाघरों में रिलीज किसी भी फिल्म की रिलीज की पहले दिन की गई कमाई से ज्यादा का कलेक्शन है। फिल्म 'छावा' बनाने वाली कंपनी मैडॉक फिल्मस ने हालांकि गुरुवार की शाम दावा किया कि फिल्म की पांच लाख के करीब टिकटें बिक चुकी हैं और इसे रिलीज से पहले ही कमाल का कारोबार करने वाली फिल्म बताने को लेकर एक बयान भी कंपनी ने जारी किया।

फिल्म सिर्फ हिंदी में रिलीज हो रही है या इसे अन्य भारतीय भाषाओं में भी डब किया गया है? इस बारे में पूछे गए सवाल का कंपनी ने उत्तर नहीं दिया और न ही कंपनी ने देश के अलग अलग राज्यों में बिकी टिकटों की संख्या का आधिकारिक आंकड़ा ही दिया है। हाल ही में ट्रेड एनालिस्ट कोमल नाहटा ने मैडॉक फिल्म्स की पिछली फिल्म 'स्काईफोर्स' के बॉक्स ऑफिस आंकड़ों को लेकर अपनी राय जाहिर की थी, जिसके बाद उन्हें फिल्म 'छावा' की प्रेस स्क्रीनिंग में आमंत्रित नहीं किया गया।

# उतरन की तपस्या बन कमाई पहचान




**मुंबई।** टीवी धारावाहिक उतरन की तपस्या यानी अभिनेत्री रश्मि देसाई आज यानी 13 फरवरी को अपना जन्मदिन मना रही हैं। उनके जन्मदिन पर आइए आपको बताते हैं रश्मि के करियर और निजी जीवन से जुड़े उतार चढ़ाव के बारे में। टीवी धारावाहिक उतरन की तपस्या यानी अभिनेत्री रश्मि देसाई आज यानी 13 फरवरी को अपना जन्मदिन मना रही हैं। रश्मि देसाई ने इससे पहले भोजपुरी फिल्मों में भी काफी काम किया, हालांकि उन्हें प्रसिद्धी अपने इसी टीवी धारावाहिक से मिली। अभिनेत्री का नाम दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला के साथ भी जुड़ चुका है। आइए आपको बताते हैं अभिनेत्री से जुड़ी ये सारी खास बातें। दिल से दिल तक के सेट पर उनकी मुलाकात सिद्धार्थ शुक्ला से हुई थी। इस शो के दौरान दोनों नजदीक आ गए थे। हालांकि, निजी कारणों से उनके बीच विवाद हुए और दोनों के रास्ते जुदा हो गए। रश्मि देसाई अपनी लव लाइफ में काफी अनलकी रही हैं। उन्होंने साल 2011 में उन्होंने नंदीश संधू के साथ शादी रचाई थी, 4 साल के बाद ही दोनों अलग भी हो गए थे। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि वे अभी भी सही जीवनसाथी की तलाश कर रही हैं। रश्मि बिग बॉस 13 और बिग बॉस 15 का हिस्सा भी रहीं। इसके अलावा उन्होंने खतरों के खिलाड़ी 6 में हिस्सा लिया था। रश्मि देसाई हिट शोज में काम करने की पूरी कोशिश कर रही थीं, हालांकि पैसों की तंगी के कारण इससे पहले रश्मि देसाई बी ग्रेड फिल्मों में भी काम किया। वे कई सारी भोजपुरी फिल्मों का भी हिस्सा रहीं। रश्मि पहली बार साल 2002 में कन्यादान नामक असम फिल्म में नजर आईं थीं। रश्मि देसाई ने साल 2021 में ओटीटी पर भी डेब्यू किया। अभिनेत्री रश्मि देसाई तंदूर (2021), रात्रि के यात्री (2022), एलएलबी (2023), वूमनिया (2024), हिसाब बराबर (2025) जैसी ओटीटी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। रश्मि देसाई ओटीटी और टीवी के अलावा बॉलीवुड फिल्मों में भी देखा जा चुका है। वह दबंग 2, सुपरस्टार जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

# श्वेता तिवारी से नेहा धूपिया तक, पाकिस्तान में अपने अभिनय का झंडा बुलंद कर चुके हैं ये सितारे




**मुंबई।** पाकिस्तान के कई कलाकारों ने भारतीय फिल्मों में अभिनय कर लोकप्रियता हासिल की है। इस मामले में भारतीय कलाकार भी पीछे नहीं। कई सितारे पड़ोसी मुल्क की फिल्मों और शो में काम कर चुके हैं। कला एक ऐसी चीज है, जो सरहदों से परे मानी जाती है। यही वजह है कि कलाकार अक्सर अपनी सीमाओं से दूर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आते हैं। बॉलीवुड की कई हस्तियां हॉलीवुड फिल्मों में दमखम दिखा चुकी हैं तो वहीं, टीवी जगत के सितारे भी कम नहीं हैं। छोटे पर्दे के कई ऐसे चर्चित कलाकार हैं, जिन्होंने भारतीय टीवी शो में तो अपनी पहचान स्थापित की ही, साथ ही पाकिस्तानी सीरियल्स और फिल्मों में भी अपने अभिनय का जादू चला चुके हैं। आइए जानते हैं... टीवी शो कसौटी जिंदगी की से घर-घर में पहचान बनाने वाली श्वेता सिंह आज एक्टिंग की दुनिया का बड़ा नाम हैं। उन्होंने कई टीवी सीरियल्स और रियलिटी शो के अलावा बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। दिलचस्प बात यह है कि एक्ट्रेस पाकिस्तानी फिल्म में भी काम कर चुकी हैं। श्वेता का एहसान खान समेत कई पाकिस्तानी स्टार्स के साथ एक पाकिस्तानी मूवी 'सल्तनत' में नजर आईं थीं। रिपोट्र्स के मुताबिक इस फिल्म की शूटिंग दुबई में हुई थी।

टीवी शो विदाई के जरिए पॉपुलर हुईं सारा खान ससुराल सिमर का और बिग बॉस में नजर आई थीं। इसके अलावा सारा पाकिस्तानी एक्टर नूर हसन के साथ पाकिस्तानी सीरियल ये कैसी मोहब्बत है में नजर आ चुकी हैं।

अभिनेत्री नेहा धूपिया का नाम भी लिस्ट में शामिल है। नेहा बॉलीवुड के साथ-साथ पाकिस्तानी फिल्म इंडस्ट्री में भी अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। बता दें कि नेहा ने प्यार ना करना फिल्म में आइटम नंबर किया था।

अभिनेत्री किरण खेर भी पाकिस्तानी फिल्म में अपने अभिनय का दमखम दिखा चुकी हैं। वह पाकिस्तानी फिल्म खमोश पानी% ( 2003) में नजर आईं थीं। रिपोट्र्स के मुताबिक इस फिल्म के लिए किरण को स्विट्जरलैंड के लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

एक्टर अरबाज खान पाकिस्तानी फिल्म गॉडफादर में नजर आए थे। इस फिल्म में अरबाज ने शाकीर खान का रोल निभाया था। इसके अलावा दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने भी अपने अभिनय का दमखम पाकिस्तानी फिल्म इंडस्ट्री में दिखाया है। बता दें कि अभिनेता ने पाकिस्तानी फिल्म खुदा में काम किया था। यही नहीं, इसके अलावा अभिनेता ने फिल्म जिंदा भाग में भी लीड रोल निभाया था।

## मेरे हसबैंड की बीवी ने IMDb के पाँच मच अवेटेड भारतीय फ़िल्मों और शो की लिस्ट में बनाई जगह




**मुंबई।** मेरे हसबैंड की बीवी, एक आगामी क्विर्की कॉमेडी पारिवारिक मनोरंजन, ने ढ्ढरूष्ठड्ढ की शीर्ष 5 सबसे मच अवेटेड भारतीय फ़िल्मों और शो में जगह बनाई है। रिलीज से पहले ही, यह कॉमेडी फिल्म फिल्म प्रेमियों के बीच काफी चर्चा बटोर रही है। फिल्म को लेकर लोगों में जो उत्साह है, उसने इसे विक्की कौशल की आने वाली फिल्म छावा, सलमान खान की एक्शन फिल्म सिकंदर और सोहम शाह की क्रेजी के साथ IMDb की सूची में शामिल कर दिया है।

IMDb से मिली यह मान्यता विभिन्न विधाओं में फैली कई फिल्मों के प्रति उत्सुकता और उत्साह को दर्शाती है। मुदस्सर अजीज की मेरे हसबैंड की बीवी ने खास तौर पर रोमांस के साथ कॉमेडी के कारण लोगों का ध्यान खींचा है। फिल्म में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि हर्ष गुजराल, शक्ति कपूर और डिनो मोरिया ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाकर इसका भरपूर समर्थन किया है। मेरे हसबैंड की बीवी% हिंदी फिल्म की कॉमेडी विधा में नए आयाम स्थापित करती है, जिसमें ऐसे चुटकुले और हास्य हैं जो दर्शकों को गुदगुदाने का वादा करते हैं। फिल्म के ट्रेलर ने नेटिज़न्स को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया है और फिल्म की बड़े पर्दे पर रिलीज़ के लिए माहौल तैयार कर दिया है। ट्रेलर से परे, इसका गाना गोरी है कलाइयाँ सभी सही कारणों से वायरल हो रहा है, और नेटिज़न्स की म्यूज़कि लाइब्रेरी पर राज कर रहा है। वाशु भगनानी और पूजा फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत और वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख द्वारा निर्मित, %मेरे हसबैंड की बीवी 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## अदाणी समूह को लेकर निचले सदन में विपक्ष ने किया जोरदार हंगामा



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष की तरफ से अदाणी समूह से जुड़े एक खबर को लेकर हंगामा किया गया। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष की तरफ से बार-बार समझाने के बाद भी विपक्षी सदस्यों के हंगामा न बंद करने पर आखिरकार उन्होंने लोकसभा की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा में गुरुवार को कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने अदाणी समूह से जुड़ी एक खबर को लेकर हगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही शुरू होने के लगभग पांच मिनट बाद इसे दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी करना शुरू कर दिया। विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया और जलशक्ति मंत्रालय से संबंधित कुछ पूरक प्रश्न पूछे गए। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से नारेबाजी बंद करने और कार्यवाही चलने देने की अपील की।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, आप प्रश्नकाल के दौरान नियोजित तरीके से गतिरोध करते हैं, यह अच्छी परंपरा नहीं है। आप (कांग्रेस) ने इतने साल शासन किया है....आप सदन में व्यवधान पैदा करना करते हैं। स्पीक का कहना था, %मैंने कहा है कि दोपहर 12 बजे विषय को रखने देंगे, लेकिन आप चर्चा नहीं चाहते। आप महत्वपूर्ण विषयों को सदन में नहीं लाना चाहते हैं। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, प्रश्नकाल में सरकार की जवाबदेही तय होती है। यह सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। आप सदस्यों का अधिकार छीनना चाहते हैं।

# मशीन चोरी मामले में आजम खान और उनके बेटे को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**आदेश**

> आजम खान और उनके बेटे ने हाईकोर्ट के 21 सितंबर के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था।



**नई दिल्ली।** आजम खान और उनके बेटे ने हाईकोर्ट के 21 सितंबर के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। आजम, उनके बेटे और पांच अन्य के खिलाफ 2022 में आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने सड़क साफ करने वाली मशीन चुरा ली थी, जिसे नगर पालिका परिषद, रामपुर जिले ने खरीदा था। सुप्रीम कोर्ट ने मशीन चोरी के एक मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान को जमानत दे दी। मामले में जमानत से इनकार करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पीठ ने कहा, मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखा गया है। इसमें अपीलकर्ताओं की ओर से जेल में बिताई गई अवधि भी शामिल है। ऐसे में हम आदेश को खारिज करने और अपीलकर्ताओं को जमानत देने के लिए तैयार हैं। इस संबंध में आरोप पत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, इसलिए आदेश को रद्द किया जाता है और अपीलकर्ताओं को उन शर्तों व नियमों के अधीन जमानत प्रदान की जाती है, जो अधीनस्थ अदालत की संतुष्टि के अनुरूप हों।शीर्ष अदालत ने अधीनस्थ अदालत से अपीलकर्ताओं पर यह शर्त लगाने को कहा कि वे मुकदमे की कार्यवाही खत्म होने तक सहयोग करेंगे और गवाहों को प्रभावित करने या उन्हें अपने पक्ष में करने का कोई प्रयास नहीं करेंगे। पीठ ने कहा, अपीलकर्ताओं पर लगाई गई किसी भी शर्त के उल्लंघन के मामले में प्रतिवादी को जमानत रद्द करने का अनुरोध करने की स्वतंत्रता भी दी जाती है। आजम खान और उनके बेटे ने हाईकोर्ट के 21 सितंबर के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। आजम, उनके बेटे और पांच अन्य के खिलाफ 2022 में आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने सड़क साफ करने वाली मशीन चुरा ली थी, जिसे नगर पालिका परिषद, रामपुर जिले ने खरीदा था। यह भी आरोप लगाया गया था कि यह मशीन बाद में रामपुर स्थित खान के जौहर विश्वविद्यालय से बरामद की गई थी। उत्तर प्रदेश में सरकार बदलने के बाद वकार अली खान नामक व्यक्ति ने 2022 में सात लोगों के खिलाफ कोतवाली, रामपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### गौरव गोगोई की पत्नी का आईएसआई से कनेक्शन? सीएम सरमा ने घेरा तो कांग्रेस सांसद ने किया पलटवार



**नई दिल्ली।** भाजपा की तरफ से कांग्रेस नेता और लोकसभा में उपनेता गौरव गोगोई पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इससे पहले भाजपा ने दावा किया था गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तान और आईएसआई से कनेक्शन है। भाजपा के इन सभी दावों पर गौरव गोगोई ने कहा कि भाजपा झूठ और भ्रम फैला रही है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि गौरव गोगोई ने अपनी ब्रिटिश पत्नी से शादी के बाद संसद में रक्षा मामलों से जुड़े संवेदनशील सवाल उठाए। हालांकि, गौरव गोगोई ने इन आरोपों को झूठा बताया और कहा कि भाजपा झूठ और भ्रम फैलाने में लगी हुई है। भाजपा का दावा है कि गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तान और आईएसआई (इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस) से संबंध हैं। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि एलिजाबेथ कोलबर्न का पाकिस्तान प्लानिंग कमिशन के सलाहकार अली तौकीर शेख और आईएसआई से जुड़ाव सामने आया है। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने आरोप लगाया कि 2015 में गौरव गोगोई ने अपनी संस्था पॉलिसी फॉर यूथ के जरिए पाकिस्तान उच्चायोग का दौरा किया, जबकि वे तब संसद की विदेशी मामलों की समिति के सदस्य भी नहीं थे, जिससे उनकी भागीदारी के पीछे की मंशा पर सवाल उठे।

एक विरोधी देश के राजदूत के साथ इस तरह की उच्च-स्तरीय बातचीत के लिए विदेश मंत्रालय की मंजूरी और बैठक के बाद की जानकारी की आवश्यकता होती है। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि गौरव गोगोई ने संसद में भारतीय तटरक्षक रडार प्रणाली, हथियार कारखाने, रक्षा उपकरण, और भारत-ईरान व्यापार मार्ग जैसे मुद्दों पर सवाल पूछे।

# आंध्र प्रदेश पुलिस ने वल्लभनेनी वामसी को किया गिरफ्तार



**हैदराबाद।** वल्लभनेनी वामसी गन्नावरम के पूर्व विधायक और वाईएसआरसीपी नेता को आंध्र प्रदेश पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया है। वमासी की ये गिरफ्तारी पूर्ववर्ती वाईएसआरसीपी शासन के दौरान टीडीपी के गन्नावरम कार्यालय पर हुए हमले से जुड़ी मामलों के तहत हुई है। गन्नावरम कार्यालय पर हुए हमले से जुड़े मामले में आंध्र प्रदेश पुलिस ने कार्रवाई के तहत गुरवार को वाईएसआरसीपी नेता वल्लभनेनी वामसी को हैदराबाद में गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी पूर्ववर्ती वाईएसआरसीपी शासन के दौरान टीडीपी के गन्नावरम कार्यालय पर हुए हमले से जुड़ी हुई है।

गन्नावरम के पूर्व विधायक वामसी को गिरफ्तारी का नोटिस अतिरिक्त डीसीपी रैंक के अधिकारी ने भेजा था। वामसी को हैदराबाद के हाई-टेक सिटी के रायदुर्गम इलाके में एक आलीशान अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ बीएनएस और एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि वामसी को विजयवाड़ा स्थानांतरित किया जा रहा है। इस बीच, पूर्व विधायक के गिरफ्तारी को लेकर वाईएसआरसीपी ने आरोप लगाया कि वामसी की गिरफ्तारी अवैध है, क्योंकि उन्हें अग्रिम जमानत मिली हुई थी। वाईएसआरसीपी ने %एक्स% पर पोस्ट करते हुए कहा कि वामसी गन्नावरम टीडीपी कार्यालय पर हमले के मामले में अग्रिम जमानत पर हैं। हाल ही में सत्यवर्धन ने अपनी याचिका भी वापस ले ली है।

इतना ही नहीं वईएसआरसीपी ने मामले में आगे कहा कि शिकायत वापस लेने के बावजूद टीडीपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के नेता वामसी को झूठे मामलों में फंसा रहे हैं। साथ ही विपक्षी पार्टी ने मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से सवाल किया कि इस तरह की प्रतिशोध की राजनीति कब तक चलेगी।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई, तीन प्रतिबंधित संगठनों के छह सदस्यों को किया गिरफ्तार

**सहयोगी**

> वह अपने सहयोगी के दिए गए मोबाइल फोन से सिंगजामेई क्षेत्र में लोगों से पैसे मांगने में शामिल था।



**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई के तहत तीन प्रतिबंधित संगठनों के छह एक्टिव सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनपर जबरन वसूली, पत्थर बाजी समते कई सारे मामले दर्ज है। दूसरी ओर मणिपुर पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों पर सक्रिय सिम कार्ड बेचने के मामले में भी एफआईआर दर्ज किया है। मणिपुर में फैले अराजकता के बीच बुधवार को सुरक्षाबलों नें पश्चिम इंफाल और काकचिंग जिले से तीन प्रतिबंधित संगठनों के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया। ये छह सदस्य प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी), प्रेपक (पीआरओ) और केसीपी (सिटी मैतेई) संगठन के बताए जा रहे है। इनपर जबरन वसूली, पत्थरबाजी समेत कई आरोप हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार को इंफाल पश्चिम जिले के कामेंग सबल इलाके में एक शिविर से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए पीडब्ल्यूजी सदस्य ताखेलमायम विक्टर, हुइड्रोम विकास सिंह, ओइनम नाओचा और अवंगशी जॉन जबरन वसूली में शामिल थे। ये लोग इंफाल और आसपास के इलाकों में दुकानदारों, सरकारी कर्मचारियों और फार्मेसियों से पैसे वसूलते थे। उनके पास से पांच आग्नेयास्त्र और कुछ अन्य वस्तुएं भी बरामद की गईं। इसके अलावा, एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिंगजामेई ओकराम लेईकाई से प्रेपक (पीआरओ) संगठन के एक सक्रिय सदस्य पेबम ढाकेशोर सिंह को गिरफ्तार किया गया। वह अपने सहयोगी के दिए गए मोबाइल फोन से सिंगजामेई क्षेत्र में लोगों से पैसे मांगने में शामिल था। इसके साथ ही, काकचिंग जिले के एरुम्पल इलाके से केसीपी (सिटी मैतेई) के सदस्य मोइरंगथेम गोबिन को गिरफ्तार किया गया। वह काकचिंग और थौबल जिलों में जबरन वसूली करता था।

एक और मामले के तहत मणिपुर पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों पर सक्रिय सिम कार्ड बेचने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने सभी मोबाइल सेवा प्रदाताओं से अनुरोध किया है कि वे उचित सत्यापन प्रक्रिया को सुनिश्चित करें, अन्यथा इसके लिए सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि फर्जी पहचान पत्रों पर सिम कार्ड बेचने के मामले में पोरोमपत पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। ऐसे सिम कार्ड का उपयोग असामाजिक और भूमिगत तत्व आम जनता से जबरन वसूली और धमकाने के लिए करते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने क्यों उठाए रेवड़ी योजनाओं पर सवाल

सुप्रीम कोर्ट की पूरी टिप्पणी क्या थी? अदालत ने किस मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की? सुप्रीम कोर्ट ने किन राज्यों की योजनाओं को लेकर मुफ्त एलानों पर निशाना साधा? इसके अलावा यह जानना भी अहम है कि किन राज्यों में वैसी ही योजनाएं लागू की गई हैं? आइये जानते हैं...सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को शहरी बेघरों के लिए आश्रय की मांग वाली जनहित याचिका को लेकर सुनवाई की। इस मामले में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय के जज जस्टिस बीआर गवई ने इशारों-इशारों में राजनीतिक दलों की रेवड़ी योजनाओं पर निशाना साधा। जस्टिस गवई ने कहा कि बेहतर होगा कि लोगों को परजीवी (दूसरों पर निर्भर रहने वाला) बनाने के बजाय समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाए ताकि वे भी देशहित में अपना योगदान दे सकें।सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद देशभर में रेवड़ी संस्कृति और मुफ्त की योजनाओं को लेकर चर्चा जारी है।

## अमेरिका में पीएम मोदी की पहली अहम बैठक




**अमेरिका।** अमेरिका दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली उच्च स्तरीय बैठक तुलसी गबार्ड के साथ की। दोनों की यह मुलाकात इसलिए भी अहम रही क्योंकि पीएम मोदी से मुलाकात के ठीक पहले तुलसी गबार्ड ने अमेरिकी खुफिया एजेंसी के निदेशक के रूप में शपथ ली। उनके शपथ ग्रहण के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मौजूद रहे।

अमेरिका में तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) के रूप में शपथ दिलाई गई। अमेरिकी समयानुसार बुधवार शाम को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में तुलसी को शपथ दिलाई गई। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम गोंडी ने ओवल ऑफिस में गबार्ड को शपथ दिलाई। गबार्ड के शपथ ग्रहण समारोह का वीडियो एक्स पर शेयर किया। व्हाइट हाउस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी शपथ ग्रहण की तस्वीरें और वीडियो शेयर की गई। इस शपथ ग्रहण के बाद तुलसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने तुलसी के साथ बैठक की तस्वीरें साझा कीं। यूएस डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस (डीएनआई) तुलसी गबार्ड से मिले पीएम मोदी ने एक-दूसरे का गर्मजोशी से अभिवादन किया। उन्होंने गबार्ड को नई जिम्मेदारी संभालने को लेकर शुभकानाएं और बधाई दी। शपथ लेने के कुछ ही घंटों बाद हुई इस अहम मुलाकात में भारत अमेरिका दोस्ती के अलग-अलग पहलुओं पर विस्तार से बातचीत हुई। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, वाशिंगटन में तुलसी गबार्ड से मुलाकात कर उनकी नियुक्ति के लिए उन्हें बधाई दी। वे हमेशा से भारत-अमेरिका दोस्ती की प्रबल समर्थक रही हैं।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से की गई तमाम नियुक्तियों में तुलसी गबार्ड को सबसे विवादास्पद चयन माना गया। तुलसी को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में शपथ दिलाए जाने से पहले सीनेट में औपचारिक मतदान हुआ। वोटिंग के दौरान तुलसी के पक्ष में 52 वोट पड़े। केंटकी के रिपब्लिकन सीनेटर मिच मैककोनेल ने उनका विरोध किया। तुलसी के विरोध में 48 वोट पड़े। शपथ ग्रहण की वीडियो भी व्हाइट हाउस ने एक्स हैंडल पर शेयर की गई।

### ताइवान में डिपार्टमेंटल स्टोर में विस्फोट; चार व्यक्ति की मौत

**ताइपे।** ताइचुंग की मेयर लू शिओ-येन ने घटनास्थल पर संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने पास में स्थित अपने कार्यालय में भी झटका महसूस किया। उन्होंने कहा कि अग्निशमन ब्यूरो पहले बचाव अभियान पर फोकस करेगा। इसके साथ ही सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच भी की जा रही है।

ताइवान में गुरुवार को एक डिपार्टमेंटल स्टोर यानी बड़ी दुकान में हुए विस्फोट में चार व्यक्तियों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। दमकल अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट ताइचुंग शहर के शिन कोंग मित्सुकोशी डिपार्टमेंट स्टोर की 12वीं मंजिल पर स्थित फूड कोर्ट यानी खाने पीने के स्थान पर हुआ। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

# ट्रंप से मिलने अमेरिका पहुंचे पीएम मोदी

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय अमेरिका की यात्रा पर हैं। इस दौरान वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के साथ बैठक करेंगे। इससे पहले, उन्होंने फ्रांस की यात्रा की। जहां उन्होंने एआई एक्शन मीट की राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ सह-अध्यक्षता की। इस दौरे के दौरान कई समझौतों पर सहमति बनी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अन्य देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह एक दिन के भीतर उनके लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। यह एक ऐसा कदम है जो व्यापार युद्ध में नए मोर्चे खोल सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि पारस्परिक शुल्क में अमेरिकी आयात पर टैरिफ दरों में वृद्धि शामिल है, जो निर्यातक देशों द्वारा अमेरिकी उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्क से मेल खाती है। बुधवार को ओवल ऑफिस में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि वह दिन के अंत में

**घोषणा**

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अन्य देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की।

या गुरुवार की सुबह पारस्परिक शुल्क के लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से पहले ब्लेयर हाउस में अमेरिकी ध्वज की जगह भारतीय ध्वज लगाया गया। आज सुबह वाशिंगटन पहुंचने पर प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी 12-13 फरवरी को अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान ब्लेयर हाउस में ठहरेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान एलन मस्क से मिलेंगे और इस दौरान दक्षिण एशियाई




बाजार में स्टारलिंक के प्रवेश पर चर्चा हो सकती है। दरअसल, स्टारलिंक भारत में प्रवेश करना चाहता है। भारत सरकार ने मस्क के इस विचार का समर्थन किया है कि स्पेक्ट्रम की नीलामी के बजाय उसे आवंटित किया जाना चाहिए। हालांकि, स्टारलिंक के लाइसेंस आवेदन की अभी भी समीक्षा की जा रही है। वाशिंगटन, डी.सी. पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। तुलसी गबार्ड से मुलाकात को लेकर ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन डीसी में यूएसए की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक, तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। उनकी नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी। इस दौरान भारत-अमेरिका दोस्ती के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसकी वह हमेशा एक मजबूत समर्थक रही हैं। पीएम मोदी जब अमेरिका पहुंच कर डोनाल्ड ट्रंप से मिलेंगे, तो वह नए राष्ट्रपति से मिलने वाले दुनिया के महज तीसरे नेता होंगे। मोदी से पहले इस्राइल के

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत-अमेरिका के लिए चीन से सबसे बड़ा खतरा, अमेरिकी विशेषज्ञ का दावा

**वाशिंगटन।** पीएम मोदी के अमेरिका दौरे पर दुनिया भर की नजरें हैं, क्योंकि अपने तीसरे कार्यकाल और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से दूसरे कार्यकाल में दोनों नेताओं की पहली मुलाकात है। वहीं ट्रंप की तरफ से दुनिया के तमाम देशों पर लगाए टैरिफ से सभी की हालत खस्ता है। फिलहाल अमेरिकी राष्ट्रपति के कड़े फैसलों से अभी तक भारत में कोई भी असर नहीं पड़ा है। अमेरिका के सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज में भारत और उभरते एशिया अर्थशास्त्र के अध्यक्ष रिचर्ड रोसो ने कहा है कि भारत और अमेरिका दोनों इस बात को समझते हैं कि चीन इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सबसे बड़ा खतरा है। इसके साथ ही, दोनों देश इस बात को लेकर चिंतित हैं कि नई और महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी के लिए चीन पर ज्यादा निर्भरता खतरनाक हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बैठक से पहले रिचर्ड रोसो ने कहा कि दोनों देशों



की चिंताओं का मुख्य केंद्र थोड़ा अलग है - भारत के लिए मुख्य चिंता उसकी सीमा और हिंद महासागर क्षेत्र है, जबकि अमेरिका के लिए ताइवान स्ट्रेट, दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर ज्यादा अहम हैं।

रिचर्ड रोसो ने यह भी कहा कि यह देखना अहम होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत में उत्पादन निवेश को बढ़ाने में मदद करेंगे या अमेरिका में ही निवेश लाने पर जोर देंगे। अमेरिका और भारत के व्यापारिक संबंधों को लेकर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के अच्छे संबंध हैं, लेकिन ट्रंप के पिछले कार्यकाल में व्यापार को लेकर कुछ तनाव भी थे। उन्होंने बताया कि ट्रंप प्रशासन ने कई देशों पर टैरिफ (आयात शुल्क) बढ़ाने की धमकी दी थी, लेकिन भारत को अब तक कुछ हद तक इससे राहत मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर अमेरिका दौरे पर जा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने फ्रांस की तीन दिवसीय यात्रा पूरी की। यह पीएम मोदी की डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में पहली अमेरिका यात्रा होगी। बता दें कि, अपने अमेरिकी दौरे पर रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में हमने भारत-अमेरिका संबंधों को एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाया। अब इस यात्रा के दौरान हम इस सहयोग को और आगे बढ़ाने पर काम करेंगे। इस दौरे में तकनीक, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और सप्लाई चेन मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। इससे पहले, भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया था

### 200 साल पुरानी आलीशान इमारत में दो दिन रहेंगे पीएम मोदी




**वाशिंगटन** ब्लेयर हाउस व्हाइट हाउस के ठीक सामने 1651 पेंसिल्वेनिया एवेन्यू में स्थित है। यह ऐतिहासिक आवास कोई साधारण अतिथि गृह नहीं है, बल्कि यह अमेरिका की आतिथ्य और कूटनीति का प्रतीक है। ब्लेयर हाउस में राष्ट्रपतियों, राजघरानों और वैश्विक नेताओं की मेजबानी की जाती है, इसलिए इसे दुनिया का सबसे विशिष्ट होटल कहा जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे हैं। यहां वह व्हाइट हाउस के पास स्थित 200 साल पुराने ऐतिहासिक अतिथि आवास ब्लेयर हाउस में ठहरे हैं। इसे भारतीय ध्वज से सजाया गया है। पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर अमेरिका की यात्रा कर रहे हैं। ब्लेयर हाउस व्हाइट हाउस के ठीक सामने 1651 पेंसिल्वेनिया एवेन्यू में स्थित है। यह ऐतिहासिक आवास कोई साधारण अतिथि गृह नहीं है, बल्कि यह अमेरिका की आतिथ्य और कूटनीति का प्रतीक है। ब्लेयर हाउस में राष्ट्रपतियों, राजघरानों और वैश्विक नेताओं की मेजबानी की जाती है, इसलिए इसे दुनिया का सबसे विशिष्ट होटल कहा जाता है। ब्लेयर हाउस व्हाइट हाउस का 70,000 वर्ग फीट का आलीशान विस्तार है, जो चार जुड़े हुए टाउनहाउस का समूह है। इसमें 119 कमरे, 14 अतिथि शयन कक्ष, 35 बाथरूम, 3 औपचारिक भोजन कक्ष और एक ब्यूटी पार्लर है। ब्लेयर हाउस अपने मेहमानों को पांच सितारा अनुभव प्रदान करने के लिए सुसज्जित है। इसकी सजावट अमेरिकी इतिहास और शिल्प कला को दर्शाती है, जिसमें प्राचीन फर्नीचर, ललित कला और अनगिनत ऐतिहासिक कलाकृतियां हैं।

## सार्वजनिक-निजी अंतर पाटने के लिए AI प्लेटफॉर्म लॉन्च, मानव केंद्रित नैतिक दृष्टिकोण का किया आह्वान

**पेरिस।** भारत-फ्रांस सह-अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन के बाद साझा बयान में यूरोपीय संघ एवं अफ्रीकी संघ के अलावा कुल 58 देशों ने हस्ताक्षर किए। इसमें एआई की पहुंच बढ़ाने, प्रौद्योगिकी तैनाती में भरोसा व सुरक्षा तय करने का आह्वान किया गया।

एआई शिखर सम्मेलन में एक विविध एआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की जरूरत रेखांकित करते हुए एआई के लिए मानव-केंद्रित, नैतिक दृष्टिकोण पर जोर दिया गया। सुरक्षा-संरक्षा पर केंद्रित शिखर सम्मेलन ने विकासशील देशों में असमानताएं दूर करने का आह्वान किया। सम्मेलन की प्राथमिकताओं के लिए भारत-फ्रांस ने सार्वजनिक-निजी अंतर पाटने को इनक्यूबेटर व एआई प्लेटफॉर्म लॉन्च किया।

भारत-फ्रांस सह-अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन के बाद साझा बयान में यूरोपीय संघ एवं अफ्रीकी संघ के अलावा कुल 58 देशों ने हस्ताक्षर किए। इसमें एआई की पहुंच बढ़ाने,




प्रौद्योगिकी तैनाती में भरोसा व सुरक्षा तय करने का आह्वान किया गया। जनरुचि एआई पहल डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं, तकनीकी सहायता व डाटा, मॉडल विकास, खुलेपन और पारदर्शिता, ऑडिट, कंप्यूट, प्रतिभा, वित्तपोषण आदि में क्षमता निर्माण परियोजनाओं को बनाए रखेगी और उनका समर्थन करेगी। इससे सभी के लिए और सभी के द्वारा सार्वजनिक हित को आगे बढ़ाने वाले एक भरोसेमंद एआई पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन और सह-निर्माण किया जा सकेगा। सम्मेलन में एआई और ऊर्जा, नौकरी बाजार पर एआई के प्रभाव, शासन और सामाजिक प्रभाव पर भी चर्चा हुई। साझा बयान के मुताबिक, हम वेधशालाओं के नेटवर्क निर्माण से नौकरी बाजार में एआई के प्रभावों पर संयुक्त ज्ञान बढ़ाने की जरूरत को पहचानते हैं। इससे कार्यस्थलों, प्रशिक्षण व शिक्षा के लिए एआई निहितार्थों का बेहतर अनुमान लगाया जा सकेगा।

# सबको जोड़कर चलेंगे तभी श्रेष्ठ बनेंगे: कलराज मिश्र



पीयू में नव भारत के निर्माण में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार विषयक संगोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नव भारत के निर्माण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार विषयक संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को रज्जू भईया संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में किया गया,

संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि सबको जोड़कर चलेंगे तभी श्रेष्ठ बनेंगे। इसी विचारधारा से आज हमारा देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। पंडित जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय में यह धारणा समाहित रहीं।

पंडित दीन दयाल जी अध्ययन के दौरान ही अपनी कक्षा के कमजोर विद्यार्थियों को पढ़ाते थे। कमजोरों के प्रति उनकी संवेदनशीलता बचपन से ही रही। उन्होंने कहा कि पारिवारिक स्थिति ठीक ना होने के बाद भी देश के प्रति समर्पण का भाव रहा और नौकरी न करने का निर्णय लेकर उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया। प्रारंभ से ही सामूहिकता की भावना के साथ विपन्न लोगों में आत्मविश्वास पैदा करने का निरंतर कार्य किया।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति आधुनिक विज्ञान के साथ प्राचीन ज्ञान को जोड़कर नए भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका अदा कर रही है। आधुनिक और प्राचीन ज्ञान के समन्वय के साथ अगर काम किया जाए तो हम दुनिया में सबसे आगे रहेंगे और यही पंडित जी का विचार रहा है।

उन्होंने कहा कि आज देश का मेधा स्टार्टअप के माध्यम से देश की तस्वीर को बदल रहा है पहले नौकरियां और अवसर न उपलब्ध होने के कारण लोग विदेश की तरफ रुख करते थे लेकिन अब विदेशों से आकर भारत में नए स्टार्टअप के माध्यम से देश की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करने और उनके सिद्धांतों के माध्यम से नवभारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन संघर्ष से आज के युवा प्रेरणा ले और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत की मुहिम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को धरातल पर उतार रही है।

संगोष्ठी के बीज वक्ता दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने देश की आर्थिक नीति कर व्यवस्था किसने की खेती की स्थिति कैसी हो सामाजिक संरचना कैसी हो नीचे के लोगों को ऊपर कैसे लाया जाए इन सब पर दूर दृष्टि के साथ कार्य किया। अपने संबोधन में श्री मिश्र ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का चिंतन केवल राजनीतिक नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, समाज और अर्थव्यवस्था के उत्थान का मार्गदर्शक है।

संगोष्ठी के संयोजक एवं शोधपीठ अध्यक्ष प्रो. मानस पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का चिंतन भारतीय संस्कृति समाज और राजनीति को नई दिशा देने वाला है। दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशि मिश्र मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ. अनुराग मिश्र ने किया।

इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. प्रमोद यादव, डॉ. विजय सिंह, डॉ. शैलेन्द्र सिंह,डॉ. विजय प्रताप तिवारी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. पुनीत सिंह, डॉ. राहुल राय, डॉ अंकित सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. राजन तिवारी, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव, डॉ. प्रमोद कुमार कौशिक, विश्वविद्यालय के शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## स्टेट बैंक में केवाईसी न होने से उपभोक्ता परे शान

**जौनपुर (खुटहन)** लग्न विवाह का सीजन चल रहा हो किसी के घर में शादी पड़ी हो और वह बैंक से अपना पैसा निकालने बैंक गया हो खाते पर रोक लगी हो और पैसा न मिले तो उस पर क्या गुजरेगा। वाकिया स्टेट बैक खुटहन की है। गुरुवार को दर्ज नो लोगो को के वाई सी फार्म न मिलने से वापस लौटना पडा और के ई लोगों को तो तीन घंटे लाईन में खड़े होने के बाद भी के वाई सी नहीं किया गया कहा गया कल आइये लोगों का कहना है कि फार्म के लिए बार बार दौड़ाया जाता है।इस सम्बन्ध में शाखा प्रबन्धक रोहित रंजन ने बताया कि के वाई सी फार्म कल मिलेगा आज लम्बी लाईन लगी है।

## जेसी मार्डन चिल्ड्रेन स्कूल में बच्चों ने मनाया वार्षिकोत्सव



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** कलापुर गांव में जेसी मार्डन चिल्ड्रेन स्कूल कलापुर में जे. सी. मानव कल्याण सेवा न्यास द्वारा वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि स्ब्ष्ट बृजेश कुमार सिंह (प्रिंसू),विशिष्ट अतिथि मनोरमा मौर्य अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर रही। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को साड़ी, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बृजेश सिंह प्रिंसू से कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतना अच्छा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदर्शन होना अध्यापकों एवं गुरुजनों का सहयोग ही हो सकता है। यही बच्चे आगे चलकर अधिकारी, डॉक्टर, वकील, नेता होंगें बच्चे देश के भविष्य है। आगामी बोर्ड परीक्षा पर उन्होंने कहा कि परीक्षा नजदीक आ रहा है जरूरत है कि आप सभी लोग मन लगाकर पढाई लिखाई करें जिससे अच्छे अंक प्राप्त हो किन्ही कारणों से यदि अंक कम आते हैं या असफल होते है तो गलत कदम कभी न उठाएं आप सभी अपने परिवार की उम्मीद है, आगे मेहनत करें और सफलता हासिल करें, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनोरम मौर्य ने बच्चों एवं बच्चियों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम प्रस्तुति पर खुशी जाहिर किया, प्रबंधन डॉक्टर बइन्द्रसेन मौर्य ने छात्र छात्राओं के अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया।

## आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने किया आशुलिपिक को सम्मानित



**आजमगढ़।** आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में आशुलिपिक पद पर कार्यरत उमाकांत यादव को उनके आवास चक खैरुल्लाह पर सम्मानित किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे ने आशुलिपिक उमाकांत यादव को सम्मान पत्र अंग वस्त्रम एवं बुके देकर सम्मानित किया तत्पश्चात समाजसेवी विपिन कुमार ने बुके देकर सम्मानित किया राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे ने कहा कि उमाकांत यादव ने कोरोना जैसी महामारी के समय गरीबों मजलूमों की मदद करना एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है अपने सम्मान से अभिभूत आंशुलिपिक उमाकांत यादव ने कहा संगठन ने जो हमारा सम्मान किया है उसके प्रति मै आभार प्रगट करता हूं भविष्य में संगठन को जहां हमारी जरूरत पड़ेगी हम हर संभव मदद करने के लिए तैयार रहेंगे।

## वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के छात्र हर्ष सिंह ने जेईई में लहराया परचम



**आजमगढ़।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के छात्र हर्ष सिंह ने जेईई मेंस में 98.47: परसेंटाइल प्रकार सफलता हासिल किया। हर्ष सिंह की इस उपलब्धि पर वेदांता इंटरनेशनल स्कूल को हर्ष के पिता अजय सिंह सहायक अध्यापक भीमकोल कोयलसा ने फोन कर बधाई दी और अच्छे शिक्षण संस्थान की तारीफ की करते हुए कहा की निश्चित रूप से हर्ष की मेहनत के साथ-साथ ही वेदांता इंटरनेशनल स्कूल की शिक्षा पद्धति इस सफलता में सहायक सिद्ध हुई। इसी क्रम में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने अपने स्कूल के होनहार छात्र हर्ष सिंह और उनके परिवरीजन को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना करते हुवे कहा कि हर्ष सिंह निश्चित रूप से एक मेहनती, लगनशील, ईमानदार और अनुशासित छात्र के रूप में थे। विद्यालय परिवार इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना करता है।

# काशी से अयोध्या जा रही मिनी बस ट्रेलर से भिड़ी दो मौत, दस घायल

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के वाराणसी सुल्तानपुर हाइवे पर चकमिर्जापुर गांव के पास बुधवार की रात्रि करीब दो बजे काशी से अयोध्या धाम जा रही मिनी बस सामने से जा रही ट्रेलर के पीछे से जा भिड़ी जिससे मौके पर बस चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि दस श्रद्धालु घायल हो गए। बस में सवार सभी श्रद्धालु फिरोजपुर पंजाब के निवासी है। दुर्घटना होते ही चीख पुकार मच गई। सूचना पर बक्शा थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुँच उच्चाधिकारियों को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पहुँचे लाइन बाजार इंस्पेक्टर ने भी मौके पर पहुँच बुरी तरह फसें घायलों को बाहर निकाल जिला अस्पताल भेज जेसीबी बुलाकर आवागमन को सुचारू रूप से चालू करवाया। थानाध्यक्ष प्रदीप ने बताया कि करीब 24 सीटर वाली मिनी बस से श्रद्धालु वाराणसी से अयोध्या धाम दर्शन को जा रहें थे। घटना स्थल के समीप बस का चालक पहुँचा ही था तभी सामने से जा रही ट्रेलर को ओवरटेक करने के प्रयास में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतना भीषण था कि करीब 37 वर्षीय चालक तर्कशील सिंह बुरी तरह फंस गया। दुर्घटना में जब तक पुलिस पहुँच घायलों को बस से नीचे उतारती चालक तर्कशील व बस में सवार 70 वर्षीय ह्र्दयाल चंद निवासी हरजिलका जनपद फिरोजपुर पंजाब की मौत हो चुकी थी। बस में सवार घायल मधु पत्नी वेदप्रकाश निवासी गोथाल रोड जठिया मोहल्ला थाना फजीलका जनपद फिरोजपुर, कमलेश निवासी बादल कालोनी थाना फाजीलका, सुंतरा देवी व कनिल निवासी जोधपुर कालोनी मुक्तासर, फजीलका पंजाब, राजकुमार डिंडा कालोनी थाना फजीलका, वीरपाल निवासी तिलकनगर गरजी मुक्तासर श्रेधाना, कोमल निवासी बादल कालोनी थाना फजीलका, सुनीता रानी व कमलेश रानी निवासी तिलकनगर जिला मुक्तासर पंजाब, एवं राजकुमार निवासी बादल कालोनी थाना फजीलका गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# ननी सुरक्षा के लाभार्थियों को समय से लाभ दिलाया जाये: अनुपमा सिंह



आंगनबाडी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को पोषाहार वितरण तथा आंगनबाडी केन्द्र में बच्चों के सम्बन्ध में आंगनबाडी कार्यकत्री से पोषण ट्रैकर एप के सम्बन्ध में जानकारी ली

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अनुपमा सिंह लोधी ने आज सर्किट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीडन, बालश्रम, बाल विवाह आदि से सम्बन्धित महिलाओं की समस्याओं को गहनता से सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये। इससे पूर्व उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र गुरेह एवं कस्तूरबागांधी बालिका विद्यालय महोखर का निरीक्षण किया। आंगनबाडी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को पोषाहार वितरण तथा आंगनबाडी केन्द्र में बच्चों के सम्बन्ध में आंगनबाडी कार्यकत्री से पोषण टैऊकर एप के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने तीन गर्भवती महिलाओं को फल पौष्टिक आहार किट का वितरण किया तथा दो बच्चों का अन्नप्राशन कराते हुए फलों का वितरण किया। उन्होंने कस्तूरबागांधी बालिका विद्यालय महोखर में कम्प्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लास, मेस तथा हास्टल आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बालिकाओं से वार्ता करते हुए विद्यालय में दी जा रही शिक्षा, भोजन एवं अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए बालिकाओं को बेहतर शिक्षा एवं सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने महिला थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि महिलाओं से सम्बन्धित समस्या मिलने पर उनकी समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए उनका निस्तारण शीघ्र कराने एवं हरसम्भव सहायता करते हुए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला अस्पतालों एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु समुचित व्यवस्था रखे जाने तथा जननी सुरक्षा के लाभार्थियों को समय से लाभ दिलाये जाने तथा समस्त बच्चों का टीकाकरण कराये जाने एवं गर्भवती महिलाओं की समस्त स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यक जांचे समय से कराये जाने के निर्देश अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। उन्होंने सभी बालिकाओं के विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए महिला आयोग के टोलफ्री नम्बर का प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों से प्राप्त करते हुए सभी पात्र महिला लाभार्थियों को सुरक्षा के साथ योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये।

## महिला आयोग सदस्य की जनसुनवाई, 18 प्रकरण निस्तारित

**आजमगढ़।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य डा0 प्रियंका मौर्या द्वारा जनपद आजमगढ़ के पुलिस लाइन सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के अन्तर्गत कुल 35 प्रकरण प्राप्त हुए महोदया द्वारा 18 प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया गया, शेष प्रकरण को सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। नोडल अधिकारी के रूप में जिला प्रोबेशन अधिकारी डी0सी0 त्रिपाठी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। सदस्या द्वारा बेटी बचाओं-बेटी पढाओं योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन सभागार में समस्त अधिकारियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसुनवाई में उपस्थित समस्त महिलाओं एवं पुरुषों को महिला कल्याण विभाग योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी गयी तथा 02 लाभार्थी को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, 04 लाभार्थी को स्पॉन्सरशिप योजना तथा 02 लाभार्थी को निराश्रित महिला पेंशन योजना से लाभान्वित करने की जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही की गयी। राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा जन सुनवाई में प्राप्त महिलाओं की समस्याओं को गम्भीरता से लेकर निर्धारित समय के अन्दर निस्तारण हेतु समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि हमारा प्रयास है कि जो भी शिकायतें आ रही हैं, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए।

# शिब्ली नेशनल कॉलेज में वॉलीबॉल टीम के चयन हेतु ट्रायल संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जनपद के शिब्ली नेशनल कॉलेज, में वॉलीबॉल टीम के चयन हेतु ट्रायल आयोजित किया गया, जिसमें 50 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन की तिलावत से की गई, जो कॉलेज की परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। इसके उपरांत सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत फूलों के गुलदस्ते एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के मैनेजमेंट के अध्यक्ष डॉ. अबु साद शम्सी साहब ने की। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में सोसाइटी के प्रतिष्ठित सदस्य एवं मशहूर वॉलीबॉल खिलाड़ी डॉ. अब्दुल कवि साहब, जनाब मोहम्मद रईस साहब, जनाब अफ्ज़ल हुसैन साहब, डॉ. शर्फुद्दीन साहब उपस्थित रहे। ये सभी अपने समय के प्रसिद्ध वॉलीबॉल खिलाड़ी रह चुके हैं एवं खेल के क्षेत्र में समृद्ध अनुभव रखते हैं। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन सम्मानित निर्णायकों, अध्यक्ष महोदय एवं कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अफ्सर अली द्वारा रिबन काटकर किया गया। यह पूरा आयोजन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अफ्सर अली ने निर्देशन एवं देखरेख में सम्पन्न हुआ। साथ ही कॉलेज में गेम्स एंड स्पोर्ट्स सचिव डॉ. आसिम खान एवं वॉलीबॉल अध्यक्ष डॉ. मुकर्रम अली की इस चयन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर नवी हसन ने किया। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य डॉ. जफ्र इकबाल साहब, चीफ प्रॉक्टर डॉ. एहतशामुल हक, टीचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद खालिद साहब, वॉलीबॉल के पूर्व खिलाड़ी एवं कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर भी उपस्थित रहे। चयनित वॉलीबॉल टीम अब विभिन्न प्रतियोगिताओं में कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेगी, जिससे खेल के क्षेत्र में कॉलेज की साख और मजबूत होगी।

# जलजीवन मिशन की अनियमितताओं को लेकर सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** बृहस्पतिवार को समाजसेवी सुमित शुक्ला ने सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के आवास में पहुंचकर विधायक जी को ज्ञापन सौंपा तथा गांव के सभी घरों में टोटी लगवाने पानी पहुंचाने तथा लीकेज द्वारा पानी बर्बाद होने से बचाने की गुहार लगाई आपको बताते चलें कि जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर पानी पहुंचाने की योजना गांव में संचालित है किंतु अभी तक टोटी लगाने का कार्य भी पूरा नहीं किया जा सका है जगह-जगह लीकेज होने की वजह से सड़कों व नालियों में पानी बहता रहता है जिसकी वजह से अधिकांश घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है तथा जल जीवन मिशन के कर्मचारी गांव में 20 दिसंबर के बाद घूमने तक नहीं आए हैं और ना ही उनके द्वारा कोई कार्य करवाया जा रहा है समाजसेवी सुमित शुक्ला ने बताया कि इस समस्या को लेकर मैं पूर्व में 14 नवंबर को उप जिलाधिकारी अतर्रा को लिखित प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कुछ भी न होने पर पुनः 13 दिसंबर को जिले के प्रमुख समाचार पत्रों में आंदोलन की चेतावनी के बाद जल जीवन मिशन के कर्मचारी गांव में कार्य शुरू किया वह हमसे संपर्क कर आंदोलन न करने की अपील की तथा कहा कि अब कार्य अनवरत चलेगा व सौ फ़ीसदी कार्य पूरा करने के बाद ही हम लोग गांव से जाएंगे किंतु चार- छः दिन कार्य करने के बाद ठंड का बहाना बनाकर गायब हो गए तब से लेकर आज तक उनका पता नहीं है अतः आज हमने माननीय सदर विधायक जी को ज्ञापन सौंप कर समस्या से अवगत करा दिया है तथा विधायक जी ने भी तत्काल संज्ञान लेते हुए फोन वार्ता कर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई तथा सहेवा गांव में जल्द ही कार्य शुरू करने का निर्देश दिया उनके द्वारा हमें आश्वासन दिया गया है कि जल्दी ही समस्या का पूर्ण निदान हो जाएगा पूर्व में भी तोड़ी गई आरसीसी सड़कों को संज्ञान में लेकर उनके द्वारा तत्काल कार्य कराया गया था हमें भी पूर्ण विश्वास है कि अब गांव को जल्द ही इस समस्या से छुटकारा मिलेगा।

## यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर खड्ड मे गिरी दर्जन यात्री घायल

**आजमगढ।** आजमगढ से प्रयागराज जा रही बस अनियंत्रित हो कर खड्ड मे चली गई। बस मे एक दर्जन यात्री घायल हो गये।पुलिस और नागरिकों ने सभी यात्रियों को बाहर निकाला। सभी घायलों का स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया। आजमगढ से प्रयागराज बस यात्रियों को लेकर बुधवार की रात जा रही थी। बस ज्योंहि शंकरपुर चेकपोस्ट से आगे चल कर नेशनल हाइवे तक पहुचने वाली थी उस से पहले ही खड्ड मे अनियंत्रित होकर चली गई।इसी दौरान आगे जा रहे बाइक सवार भी चपेट मे आ गये। बस खड्ड मे जाते ही यात्रियों मे चीख पुकार मच गई। स्थानीय नागरिक पहुचे और सूचना पुलिस को दी। बस से सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। बस मे एक दूसरे पर गिरने से यात्रियों को चोटे आई थी। सभी घायलो को स्वास्थ्य केन्द्र उपचार हेतु भर्ती कराया गया। जहा से जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया।

# प्राथमिक विद्यालय देवराई का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के द्वारा कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय देवराई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से कठिन शब्द लिखवाया। उन्होंने 16 बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाई। जनपद स्तर पर आयोजित श्रुतलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी साक्षी गौतम को शाल, बुके और 501 रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने एमडीएम के तहत दिए जा रहे भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि बच्चों को नियमित रुप से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अध्यापकों को निर्देशित किया कि विद्यालय में समय से उपस्थित होकर बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद करते हुए उनमें बिस्कुट भी वितरित किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी केराकत सुनील कुमार, तहसीलदार, प्रधानाध्यापक विकास सिंह, सहायक अध्यापक कमलेश कुमार पटेल, सहायक अध्यापिका मनोरमा शैलेंद्र पटेल, प्रशस्ति सिंह, सुनीता, चंदा, अनुदेशक ध्रुव कुमार, सतीश कुमार, पुष्पा, शिक्षामित्र विनय, राम जी, दिनेश पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-25-2024-25 |
| कार्य का नाम | "इंटरलॉकिंग ऑफ एल.सी. गेट्स हैविंग टी.वी.यू. ग्रेटर दैन 30000 इन LKO-SLN-ZBD-BSB-MGS सेक्शन ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थेर्न रेलवे।" |
| अनुमानित लागत | रु. 38427436.05 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु. 342100.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 720 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 06.03.2025 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106–सिग–टेंडर–25/2024–25 दिनांक 11.02.2025 485/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

पत्रांक- 752/EE-6/L.J.S./2024-25 दिनांक- 13.02.2025

(अल्पकालीन निविदा सूचना)

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदियें दिनांक 20/02/2025 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 20/02/2025 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराह्न 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन साय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी/जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद/एफडीआर/सीडीआर के रूप में ''अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ'' के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना करण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेगी एवं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. धन. | अर्नेस्टमनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Reboring of 1.5 H.P. Submersible pump no 02 nos at near Moti Masjid Mohini purwa & near Maya Devi Shivpuri Husainabad Ward. | रू 327720.00 | रु. 6600.00 | रु. 400.00 | 07 दिवस |
| 2 | Reboring of 1.5 H.P. Submersible pump no 02 nos at near Asha Bhawan Bhawaniganj & near Ravi House Joshi tola ward Haiderganj. | रू 327720.00 | रु. 6600.00 | रु. 400.00 | 07 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6



कार्यालय : नगर निगम अयोध्या

पत्रांक : 797/न0नि0अयो0/निविदा/2024-25 दिनाँक : 13/02/2025

सामान्य निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर निगम अयोध्या द्वारा नगर निगम अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत ट्रांसफार्मर में सुरक्षा के दृष्टिगत जाली लगाये जाने हेतु दर प्राप्त किये जाने की सामान्य निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को कार्य हेतु आवश्यक जमानत धनराशि अलग-अलग FDR/NSC के रूप में लेखाधिकारी, नगर निगम अयोध्या के पक्ष मे बन्धक निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। तत्क्रम में सामान्य निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रुप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा खरीदने की तिथि | दिनांक-17.02.2025 को प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 03:30 बजे तक |
| निविदा बॉक्स मे डालने की तिथि | दिनांक-18.02.2025 को प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक-18.02.2025 को अपरान्ह 03:30 बजे |

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम अयोध्या

# उतार-चढ़ाव के बाद लगातार सातवें दिन गिरा बाजार, सेंसेक्स 32 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला

**नई दिल्ली।** 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 32.11 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। सत्र के अधिकांश समय सूचकांक सकारात्मक दायरे में रहा। बेंचमार्क ने दिन के उच्चतम 76,764.53 और निम्नतम 76,013.43 के बीच 751.1 अंक का उतार-चढ़ाव किया। एनएसई निफ्टी 13.85 अंक या 0.06 प्रतिशत गिरकर 23,031.40 पर आ गया। आइए जानें शेयर बाजार का पूरा हाल।

चुनिंदा आईटी और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और विदेशी फंडों की निकासी जारी रहने के कारण गुरुवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती बढ़त खोकर लगातार सातवें दिन गिरावट के साथ बंद हुए।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 32.11 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। सत्र के अधिकांश समय सूचकांक सकारात्मक दायरे में रहा। बेंचमार्क ने




दिन के उच्चतम 76,764.53 और निम्नतम 76,013.43 के बीच 751.1 अंक का उतार-चढ़ाव किया। एनएसई निफ्टी 13.85 अंक या 0.06 प्रतिशत गिरकर 23,031.40 पर आ गया।

30 शेयरों वाले ब्लू-चिप पैक में अडानी पोर्ट्स, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, नेस्ले और टाइटन पिछड़ गए। सन फार्मा, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और जोमैटो में सर्वाधिक लाभ रहा।

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 4,969.30 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची।

बाजार के जानकारों के अनुसार घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी के कारण बाजार में शुरुआती आशावाद के बावजूद, अनिश्चित वैश्विक संकेतों और कॉर्पोरेट आय में कमी के कारण रैली की गति कम हो गई। इसके अलावा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता में बढ़ती रुचि के कारण चीनी प्रौद्योगिकी शेयरों में उछाल ने एफआईआई को अधिक आकर्षक रिटर्न की तलाश में पुनर्निर्देशित किया।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ÷बाजार प्रतिभागी अब संभावित वापसी रैली के लिए व्यापार और टैरिफ रियायतों के लिए ट्रम्प-मोदी वार्ता के परिणाम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।÷

गिरावट का रुख जारी रखते हुए खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में पांच महीने के निचले स्तर 4.31 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण सब्जियों, अंडों और दालों की कीमतों में गिरावट थी। एशियाई बाजारों में सियोल और टोक्यो सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि शंघाई और हांगकांग में गिरावट रही।

यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। बुधवार को अमेरिकी बाजार ज्यादातर गिरावट के साथ बंद हुए।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.94 प्रतिशत घटकर 74.47 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बुधवार को दिनभर में 900 से अधिक अंक लुढ़कने वाला बीएसई सेंसेक्स 122.52 अंक या 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,171.08 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 26.55 अंक या 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ लगातार छठे दिन 23,045.25 अंक पर बंद हुआ था।

# रेडबस ने कुंभ के दौरान प्रयागराज के लिए सीटों में 36 गुना बढ़ोतरी दर्ज की

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाइन बस टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म रेडबस ने कुंभ मेला 2025 के दौरान बस यात्रा की मांग में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है। प्रयागराज के लिए सीट बुकिंग में पिछले महीने की तुलना में 36 गुना बढ़ोतरी हुई है, जबकि उत्तर प्रदेश में कुल यात्रा की मांग 19 गुना बढ़ी है। रेडबस के आंकड़ों के मुताबिक, प्लेटफॉर्म पर रोजाना औसतन 3,600 से अधिक बसें उपलब्ध हैं। यह डेटा दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के लिए बस यात्रा की ऑनलाइन टिकट बुकिंग की बढ़ती मांग को रेखांकित करता है।रेडबस की सीएमओ पल्लवी चोपड़ा ने कहा, कुंभ मेला आस्था और भक्ति का जीता-जागता उदाहरण है। रेडबस को तीर्थयात्रियों की इस महत्वपूर्ण यात्रा को सुगम बनाने का गर्व है। हमारे डेटा से यह स्पष्ट होता है कि प्रयागराज के लिए यात्रा की जबरदस्त मांग के साथ-साथ लंबी दूरी के रूट्स की भी अहम भूमिका है। हम भरोसेमंद और सुविधाजनक यात्रा विकल्प प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि यह आध्यात्मिक यात्रा आसान और सुलभ हो सके। दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों से भी बड़ी संख्या में तीर्थयात्री कुंभ मेला में हिस्सा लेने के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। बिहार और झारखंड से सीट बुकिंग में 500 गुना, महाराष्ट्र से 25 गुना और राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ से 18 गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिल्ली से सीट बुकिंग में 13 गुना वृद्धि देखी गई यात्रियों में पुरुषों की संख्या 76% और महिलाओं की संख्या 24% रही। उम्र के लिहाज से सबसे ज्यादा 21-30 साल के यात्री (38%) कुंभ में शामिल हुए, जबकि 41-60 वर्ष के यात्रियों की हिस्सेदारी 30% और 25 साल से कम उम्र के यात्रियों की 26त्न रही।प्रयागराज के अलावा, लोग लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या और कानपुर जैसे शहरों की यात्रा भी कर रहे हैं। कई यात्रियों ने कुंभ के साथ इन धार्मिक स्थलों की यात्रा को भी अपनी योजना में शामिल किया।

# लखनऊ शहर में फिजिक्सवाला के 11 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए

**लखनऊ।** एजुकेशन कंपनी फ़िजिकसवाला (पीडब्लू) ने जेईई



मेन 2025 सेशन 1 परीक्षा में अपने नतीजे घोषित किये हैं , जिनमें से एक ने गुजरात से 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है 7 साथ ही 612 से अधिक छात्रों ने 99.5 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 1359 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 3548+ छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, और परिणामों की गिनती अभी भी जारी है। लखनऊ में फिजिक्सवाला के 11 छात्रों ने जेईई मेन सेशन 1 2025 के परिणामों में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उत्कर्ष रावत (99.90), राजवर्धन सिंह (99.66), और सौरभ गुप्ता (99.64) लखनऊ में पीडब्लू के शीर्ष 3 छात्रों में शामिल थे।चार राज्य टॉपर्स अपनी शानदार उपलब्धियों के साथ इस सूची में सबसे आगे हैं 7 अलख पांडे, अध्यापक,संस्थापक और सीईओ, फिजिक्सवाला, ने कहा, सभी सफल छात्रों को बधाई! आपकी मेहनत ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं। मैं उन छात्रों पर भी गर्व करता हूं, जिन्होंने अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त किए। हताश न हों, अगले दो महीने आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। सेशन 2 की परीक्षा के लिए नियमित रिवीजन और सेशन 1 के पेपर का अभ्यास करें, क्योंकि परीक्षा का कठिनाई स्तर समान रहेगा। अपने लक्ष्य पर ध्यान दें, निरंतर सुधार करते रहें और प्रक्रिया पर भरोसा रखें। हम हर कदम पर आपके साथ हैं। अप्रैल 2025 में आयोजित होने वाले जेईई मेन सेशन 2 की तैयारी में जुटे छात्रों के लिए पीडब्लू निरंतर संसाधन, मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान कर रहा है। उनकी तैयारी में सहायता के लिए फिजिक्सवाला ने मंज़िल 2.0 नामक निश्शुल्क एवं संपूर्ण रिवीजन सीरीज़ शुरू की है, जो यु ट्यूब पर उपलब्ध है, जिससे छात्र कम समय में महत्वपूर्ण विषयों की दोबारा समीक्षा कर सकते हैं और अपनी तैयारी को मजबूत बना सकते हैं।

## वनप्लस की रेड रश डेज़ सेल भारतीय समुदाय के लिए एक रोमांचक पहल

**नई दिल्ली।** वैश्विक प्रौद्योगिकी ब्रांड वनप्लस ने आज भारतीय समुदाय के लिए एक नई रोमांचक पहल रेड रश डेज़ सेल की घोषणा की - जो 11 फरवरी 2025 से 16 फरवरी 2025 तक चलेगी। इस अवधि के दौरान, भारतीय लोग फ्लैगशिप स्मार्टफोन, नॉर्ड सीरीज़ और आईओटी डिवाइस सहित वनप्लस के पसंदीदा उत्पादों पर विशेष छूट, रोमांचक बैंक ऑफ़र और आकर्षक ईएमआई योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं ।



वनप्लस की रेड रश डेज़ सेल एक ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य समुदाय को वर्षों से वनप्लस में उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए लाभान्वित करना है। यह पहल वनप्लस के 'नेवर सेटल' सिद्धांत के अनुरूप है, जो समुदाय को सीमित समय अवधि के लिए रियायती कीमतों पर लोकप्रिय वनप्लस उत्पादों को प्राप्त करने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करती है ।

उपभोक्ता OnePlus.in, वनप्लस स्टोर ऐप, वनप्लस एक्सपीरियंस स्टोर्स, Amazon.in और मुख्य साझेदारों जैसे रिलायंस डिजिटल, क्रोमा, विजय सेल्स, बजाज इलेक्ट्रॉनिक्स आदि पर ऑनलाइन रेड रश डेज़ सेल का लाभ उठा सकते हैं।

इस साल की शुरुआत में, वनप्लस ने बहुप्रतीक्षित वनप्लस 13 सीरीज़ डिवाइस - वनप्लस 13 और वनप्लस 13आर पेश किए। वनप्लस 13 एडवांस्ड एआई क्षमताओं से लैस एक फ्लैगशिप पावरहाउस है, जो क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 एलीट प्रोसेसर और 6,000 एमएएच सिलिकॉन नैनोस्टैक बैटरी द्वारा संचालित है - जो वनप्लस की इस श्रेणी में पहली बार उपलब्ध हुआ है। इसका 50एमपी ट्रिपल-कैमरा सिस्टम, डुअल एक्सपोज़र एल्गोरिथम, क्लियर बर्स्ट और एक्शन मोड जैसी सुविधाओं के साथ त्वरित घटनाओं के शानदार शॉट्स सुनिश्चित करता है। ऑक्सीजनओएस 15 इस अनुभव को और अधिक शानदार बना देता है। दूसरी ओर, वनप्लस 13आर, फ्लैगशिप-स्तर का प्रदर्शन और एआई तकनीक अधिक किफायती कीमत पर प्रदान करता है, जो इसे उत्पादकता और मनोरंजन दोनों के लिए उपयुक्त बनाता है।

रेड रश डेज़ सेल के तहत, ग्राहक चुनिंदा बैंक कार्ड पर वनप्लस 13 पर 5,000 रुपये और वनप्लस 13आर पर 3,000 रुपये की तत्काल बैंक छूट का लाभ उठा सकते हैं।

बजाज फिनसर्व और अन्य प्रमुख क्रेडिट कार्ड पर 24 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई का लाभ भी उठा सकते हैं।

इसके अलावा, ग्राहक नई वनप्लस 13 सीरीज़ पर 7,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस पा सकते हैं।

## एलन मस्क ने अमेरिकी सरकार की सभी एजेंसियों को बंद करने का किया आह्वान

**नई दिल्ली।** मस्क ने संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में वीडियो कॉल के माध्यम से एक व्यापक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने ट्रम्प प्रशासन की प्राथमिकताओं के बारे में बताया, जिसमें थर्मोन्यूक्लियर युद्ध और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संभावित खतरों का कई बार उल्लेख किया गया। एलन मस्क ने गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में खर्च में भारी कटौती करने और अपनी प्राथमिकताओं का पुनर्गठन करने के अपने प्रयास के तहत संयुक्त राज्य अमेरिका की संघीय सरकार से सभी एजेंसियों को बंद करने का आह्वान किया। मस्क ने संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में वीडियो कॉल के माध्यम से एक व्यापक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने ट्रम्प प्रशासन की प्राथमिकताओं के बारे में बताया, जिसमें थर्मोन्यूक्लियर युद्ध और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संभावित खतरों का कई बार उल्लेख किया गया।

## सोना 140 रुपये बढ़कर 88000 रुपये के स्तर पर पहुंचा, चांदी 800 रुपये मजबूत हुई

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने का भाव 140 रुपये बढ़कर 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना का भाव 87,960 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव गुरुवार को 140 रुपए बढ़कर 87,700 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि पहले इसका भाव 87,560 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, सोने में हाल की गिरावट से सुधार हुआ है और गुरुवार को इसमें तेजी दर्ज की गई, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा शीघ्र ही लागू किए जाने वाले टैरिफ की कई विघटनकारी घोषणाओं के कारण निवेश की मांग बरकरार है।

# मिआ बाए तनिष्क की नयी फिल्म में दिनेश कार्तिक और दीपिका पल्लीकल ने वैलेंटाइन्स डे पर Joy of Gifting का जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े प्रेशियस फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, मिआ बाए तनिष्क ने अपना वैलेंटाइन्स डे कैम्पेन पेश किया है। दुनिया भर में नामचीन खिलाडी और असली ज़िन्दगी में कपल दिनेश कार्तिक और दीपिका पल्लीकल मिआ बाए तनिष्क के वैलेंटाइन्स डे कैम्पेन में दिखेंगे। कैम्पेन की परिकल्पना फेमस इनोवेशन्स ने की है, इसमें आधुनिक दौर के प्यार और सोच-समझकर दिए उपहार के सार को कैप्चर किया गया है, हलके-फुलके फिर भी भावनिक विज्युअल्स का इस्तेमाल किया गया है। दिनेश कार्तिक और दीपिका पल्लीकल के बीच का बेहतरीन रिश्ता दिल को छू लेने वाले और असल ज़िन्दगी के नरेटिव के साथ दिखाया गया है।

सोच-समझकर दिए जाने वाले उपहार के पीछे की भावनाएं, विनोद और असली भावनाओं का जुड़ना इस कैम्पेन में बहुत ही खूबसूरती से दिखाया गया है। एक मुलायम और खुशनुमा साउंडट्रैक के साथ दीपिका अपनी आंखें खोलती है और उनके सामने होते है, दिनेश एप्रन पहने हुए, ब्रेकफास्ट ट्रे पकडे हुए, अपनी मशहूर कमेंट्री स्टाइल में उसे मॉर्निंग रूटीन बता रहे है। क्लोश के नीचे है एक मिआ बॉक्स, उसे खोलकर दिनेश दीपिका को दिखाते है एक बहुत ही खूबसूरत और शानदार मिआ टोइ-एट-मोई रिंग। मज़ाकिया अंदाज़ में कमेंट्री करते-करते दिनेश बन जाते है एक बेहद प्यार करने वाले पति और अपना वैलेंटाइन्स प्रपोज़ल दीपिका के सामने रखते है। दीपिका भी दिनेश के चार्म को अपनी चीकी मुस्कान के साथ मैच करती है, फिर यहां बनता है एक दिल को छू लेने वाला पल, जब दिनेश मिआ रिंग को दीपिका की उंगली में पहनाते है और दोनों बहुत ही खूबसूरत मुस्कान के साथ अपने प्यार की ख़ुशी मनाते हैं।

प्यार और सफलता की, प्रेरित करने वाली कहानी के लिए मशहूर यह खूबसूरत कपल आज के दौर के रिश्तों को बखूबी प्रतिबिंबित करता है, एक स्वतंत्र इंसान के रूप में एक दूसरे का सम्मान करते हैं, साथ ही अपने रिश्ते की खूबसूरती को बरक़रार रखते हैं और उनकी इसी ख़ासियत का सम्मान मिआ बाए तनिष्क कर रहा है। यह कपल अपने चाहने वालों को प्रेरित करता है ताकि वे वैलेंटाइन्स डे को एक अवसर के रूप में मनाएं, अपने साथी द्वारा हर दिन मिलने प्यार, समझदारी और अटूट समर्थन का सम्मान करें।

मिआ बाए तनिष्क की बिज़नेस हेड सुश्री श्यामला रमणन ने कहा, ÷मिआ में, हम मानते हैं कि प्यार रोजमर्रा के पलों, आपस में किए गए वादों, सोच-समझकर की गयी छोटी-छोटी कृतियों के ताने-बाने में बुना हुआ है, जिनमें शब्दों से कई ज़्यादा शक्ति होती हैं। इस वैलेंटाइन्स डे पर, हम दिनेश कार्तिक और दीपिका पल्लीकल के साथ हमारी दिल को छू लेने वाली फिल्म प्रस्तुत कर रहे हैं। इस फिल्म में हम खूबसूरत आश्चर्य और Joy of Gifting का जश्न मना रहे हैं। उनकी कहानी की तरह, हम आशा करते हैं कि आप भी अपने साथी को जो भी मिआ आभूषण उपहार में देंगे, वह उनके लिए एक रोमांटिक गूंज बनेगा जो उनके दिल में हमेशा रहेगा, एक ऐसा प्यार जो हर गुजरते दिन के साथ और चमक उठेगा। फेमस इनोवेशन (साउथ) के चीफ क्रिएटिव ऑफिसर जॉर्ज कोवूर ने कहा, हर साल, कपल वैलेंटाइन्स डे को यादगार बनाने का प्रयास करते हैं। इस साल, दिनेश कार्तिक और दीपिका पल्लीकल उन्हें सही प्रेरणा दे रहे हैं। फिल्म का हाईलाइट तब आता है जब डीके दीपिका को मिआ बाए तनिष्क की एक शानदार रिंग गिफ्ट करके एक साधारण पल को असाधारण और सुनहरी याद बना देते है। डीके और दीपिका ने मिलकर अपने वैलेंटाइन्स फिल्म को असाधारण बनाया है, साथ ही मिआ के हर आभूषण को अपने अनूठे और दिल को छूने वाले तरीके से खूबसूरती से पेश किया है।

# टाटा प्ले बिंज पर वैलेंटाईन डे मनाने के लिए आपकी मागदर्शिका


**लखनऊ।** वैलेंटाईन डे के अवसर पर टाटा प्ले बिंज कर रहा है सभी को रूमानी। इसलिए तैयार हो जाईये कुछ बेहतरीन प्रेम कहानियाँ देखने के लिए, जिनमें हँसी है, विलाप है, और थोड़ी सी लज्जा भी। चाहे पुरातन कथाओं का प्रणय हो, या फिर भावनात्मक उतार-चढ़ाव, इस वैलेंटाईन डे के अवसर पर टाटा प्ले बिंज आपके लिए लाया है कुछ चुनिंदा और बेहतरीन फिल्में। अपने प्रियजनों के साथ हाथ में पॉपकॉर्न लेकर ये फिल्में देखिए और प्यार को परवान चढ़ने दीजिए क्योंकि इस वैलेंटाईन डे पर सबसे अच्छा अनुभव मिलेगा आपको अपने घर में टाटा प्ले बिंज देखते हुए! वेद डिज़्नी+ हॉटस्टारप्यार, जुनून और दिल का टूटना। वेद अधूरे सपनों और बेजोड़ मोहब्बत की कहानी है। इस भावुक फिल्म में रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूज़ा देशमुख को सत्य और श्रवणी के किरदार में दिखाया गया है। जब वी मेट - लॉयन्सगेट प्ले लॉयन्सगेट प्ले पर जब वी मेट का रूमानी हास्य कभी भी पुराना नहीं होगा। हमेशा बेफिक्र रहने वाली गीत के किरदार में करीना कपूर और गंभीर रहने वाले आदित्य



के किरदार में शाहिद कपूर के यादगार सफर में हँसी है, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी - अमेज़न प्राईम वीडियो रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में एक नाटकीय अंदाज में प्यार और मिलन की कहानी देखिए। रनवीर सिंह और आलिया भट्ट के बेहतरीन तालमेल और उनके बीच भावुक लम्हों ने एक ऐसा जादू निर्मित किया है, जिसमें जुनून और परिवारों के बीच के समीकरण देखने को मिलते हैं। सनम तेरी कसम - ज़ी5सनम तेरी कसम एक भावुक फिल्म है, जो दिल के दर्द को बहुत ही खूबसूरती से दिखाती है। इसमें दो लोगों के बीच प्यार के जुनून का चित्रण है। वो एक दूसरे के साथ रहने के लिए किस्मत से संघर्ष करते हैं। ये फिल्में देखने के लिए सभी ओटीटी ऐप्स की सदस्यता लेना आवश्यक नहीं है। टाटा प्ले बिंज पर आप ये सभी फिल्में देख सकते हैं।

## 'श्वश्व5 की नवीनतम ओरिजिनल फिल्म "Mrs.", जिसमें सान्या मल्होत्रा मुख्य भूमिका में हैं, ने प्लेटफॉर्म का सबसे बड़ा ओपनिंग वीकेंड दर्ज किया

**नई दिल्ली।** इंडिया और भारत के सबसे बड़े स्वदेशी वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और बहुभाषी कहानीकार, ZEE5, ने फिल्म "Mrs." की




अभूतपूर्व सफलता का जश्न मनाया। यह फिल्म 150 मिलियन से अधिक स्ट्रीमिंग मिनट्स के साथ ZEE5 के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ी ओपनिंग वीकेंड साबित हुई है। बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा के शानदार अभिनय से सजी यह फिल्म अपनी दमदार कहानी के चलते पूरे भारत में दर्शकों के दिलों को छू रही है। यही कारण है कि यह फिल्म न केवल ZEE5 पर रिकॉर्ड व्यूअरशिप हासिल कर रही है, बल्कि Google पर सबसे अधिक खोजी जाने वाली फिल्म बन गई है, जिसे गूगल पर उपयोगकर्ताओं ने 4.6/5 की शानदार रेटिंग दी है। इसके अलावा, IMDb पर भी इस फिल्म को 7.3 की प्रभावशाली रेटिंग मिली है, जो दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को दर्शाता है। दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के साथ, "Mrs." ZEE5 की सबसे प्रिय फिल्मों में से एक बनकर उभरी है, जिससे यह साबित होता है कि मंच उच्च गुणवत्ता वाली, आकर्षक और विविधतापूर्ण कहानियों को प्रस्तुत करने के प्रति प्रतिबद्ध है। यह फिल्म न केवल ZEE5 पर अब तक का सबसे बड़ा ओपनिंग वीकेंड दर्ज करने में सफल रही है, बल्कि अपने विशाल दर्शक समूह के अलावा, फिल्म इंडस्ट्री में भी जबरदस्त सराहना बटोर रही है। फिल्म की अनूठी कहानी और दमदार प्रस्तुतिकरण की प्रशंसा गजराज राव, प्रसिद्ध फिल्ममेकर विक्रमादित्य मोटवाने, वसन बाला, सोनम नायर, सुमित पुरोहित, और लोकप्रिय कलाकारों अली फ़ज़ल, वामीका गब्बी, राधिका मदान, पुलकित सम्राट, श्रिया पिलगांवकर, साकिब सलीम, तिलोत्तमा शोम, अक्षय ओबेरॉय, अमोल पाराशर समेत कई दिग्गजों ने की है। "Mrs." जैसी साहसिक और महिला-केंद्रित कहानियों को प्रोत्साहित करके, ZEE5 प्रभावशाली सिनेमा के लिए एक सशक्त मंच तैयार कर रहा है, जो दर्शकों के दिलों को गहराई से छूने के साथ-साथ सार्थक सामाजिक बदलाव की दिशा में संवाद को प्रज्वलित करता है।

## नरायन ऑटोमोबाइल्स ने महिंद्रा की इलेक्ट्रिक ओरिजिन XEV 9E और BE6 लांच किया



**लखनऊ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा के अधिकृत डीलर नरायन ऑटोमोबाइल्स ने होटल रेनिसेन्स गोमती नगर में बृहस्पतिवार को महिंद्रा की इलेक्ट्रिक ओरिजिन एस0 यू0 वी0 XEV 9E और BE6 गाड़ी लांच की । डीलरशिप के एम0 डी0 श्री राजीव नरायन व श्री राघव नरायन ने ग्राहकों व अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय तिवारी (आर0 टी0 ओ0 लखनऊ) एवं प्रदीप कुमार सिंह (ए0 आर0 टी0 ओ0 लखनऊ) ने गाडी का अनावरण किया। इस गाड़ी की शुरूआती कीमत 18.90 लाख रुपए है। गाड़ी की बुकिंग दिनांक 14 फ़रवरी से शुरू हो जाएगी। इसकी जानकारी महिंद्रा एंड महिंद्रा के रीजनल सेल्स मैनेजर अभिषेक जी एवं एरिया सेल्स मैनेजर आर्ची अग्रवाल जी ने दी। इस मौके पर नरायन ऑटोमोबाइल्स के वरिष्ठ जी0 एम0 दीपक गुप्ता के साथ श्री प्रदीप कुमार सिंह, शिवम् सिंह, शोरूम के अधिकारी श्री ऐ0 के0 पांडेय, श्री कृष्णा सिंह, कृष्णा नन्द आज़ाद, राजीव कुमार दुबे, ध्रुव चतुर्वेदी, मृत्युंजय कुमार, सी0 आर0 एम0 सरिता सिंह एवं हेड एच0 आर0 अनुजा श्रीवास्तवा आदि उपस्थित रहे।

# 'एक्सपीरियो @ एक्सपीरियन कैपिटल' कार्निवल अब मार्च 2025 में बड़े और बेहतरीन अनुभव के साथ!




एक्सपीरियन डेवलपर्स आगामी एक्सपीरियो @ एक्सपीरियन कैपिटल कार्निवल के बारे में एक महत्वपूर्ण अपडेट साझा करना चाहते हैं। लखनऊ की भावना का यह जीवंत उत्सव 14-16 फरवरी को निर्धारित किया गया था, लेकिन अब यह मार्च 2025 में होगा। इससे लखनऊवासियों के लिए और भी अधिक यादगार अनुभव सुनिश्चित होगा। हम जल्द ही नई तारीखों की घोषणा करेंगे।

एक्सपीरियन में हम कार्यक्रम की नई तारीखों को उत्सव को और अधिक बेहतर तरीके से मनाने के अवसर के रूप में देखते हैं। जब समुदाय एक साथ बढ़ते हैं तो शहर फलते-फूलते हैं, और हम इस अतिरिक्त समय का उपयोग हर विवरण को और बेहतर करने के लिए कर रहे हैं पाक कला के विस्तार से लेकर नए सांस्कृतिक अनुभवों को तैयार करने तक। हम लखनऊवासियों के जबरदस्त उत्साह की सराहना करते हैं और ऐसे पल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारी साझा आकांक्षाओं को दर्शाते हैं। इस कार्निवल की धड़कन भोजन, कला और हंसी के माध्यम से विविध आवाजों को जोड़ने की इसकी शक्ति पहले से कहीं अधिक मजबूत है।

# पत्नी के सामने पति और बेटे के सामने मां ने तोड़ा दम

शकील अहमद


मासूम बच्चे लेकर रोते बिलखते सगे संबंधित

- कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली में हुई घटना का मामला

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** गुरुवार की सुबह नगर पंचायत मथौली में जो हादसा हुई बेहद दुखदायक है। हादसा ने लोगों को झंकझोर कर रख दिया है। इस हादसे ने किसी के बाप का साया तो किसी के मां के सर का साया उजाड़ दिया है। हादसे में कई परिवारों की जिंदगी तबाह हो गई।

पूर्णिमा के अवसर पर खड्डु स्नान करने बाद बिहार के वाल्मिकीनगर स्थित मदनपुर मंदिर का दर्शन करने के बाद सभी श्रद्धालु भोर में कप्तानगंज पहुंचे थे। यहां एक ऑटो से घर की तरफ लौटे रहे थे। नियति को कौन टाल सकता है जो लिखा रहेगा है वह हो कर ही रहता है। सभी लोग अपनी मनोकामनाएं लिए गए थे वापस लौटते समय किसको क्या पता आज की सुबह जीवन की पहली सुबह होगी। चंद मिनटों में ही दुनिया से अलविदा हो गए।

इस हादसे में घायल बुल्ला देवी ने अपने पति अवधेश चौहान को खो दिया जबकि दिवाकर चौहान ने अपनी मां मंशा देवी को दम तोड़ते देखा। हादसे के बाद दस वर्षीय दिवाकर निवासी पगरा हाटा काफी डरा व सहमा हुआ था। वही मृतक अवधेश के दो वर्षीय बेटे को खरोंच तक नहीं आया। उस बच्चे का बाप का साया ही खत्म हो गया और मां अस्पताल में जीवन और मौत से जूझ रही है। इस हादसे ने कई परिवारों की जिंदगियां बर्बाद कर दिया है। किसी के बाप का साया तो किसे के मां का साया उजड़ गया है। दुर्घटना में चार लोगों की मौत और चार लोग घायल हुए है। घटना स्थल पर मौजूद लोग नियति को कोसते नजर आ रहे थे।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में 14 करोड़ की परियोजनाओं पर लगी मुहर

अवधनामा संवाददाता



बैठक को संबोधित करती प्रमुख अर्चना सिंह

- बैठक में प्रधानों ने आवास व शौचालय का उठाया मुद्दा
- विकास का नया अध्याय लिख रहा मोतीचक : अर्चना

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** ब्लॉक सभागार में गुरुवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख अर्चना सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में गांवों के विकास के लिए वित्तीय वर्ष में कराए जाने वाले 14 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं पर मुहर लगी। बैठक में ब्लॉक टीए रामकृपाल ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि करते हुए नए कार्यों को पढ़कर बताया।

अध्यक्षीय संबोधन में ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने कहा कि क्षेत्र को विकसित बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। कहा कि सरकार की हर योजनाओं की जानकारी सबसे पहले क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधानों को होनी चाहिए। जिससे गांव के हर व्यक्ति को योजनाओं की जानकारी मिले और वह उसका लाभ पा सकें। आप लोगों के सहयोग से मोतीचक विकास का मॉडल बनने में कोई कोर कसर नही छोड़ेगा। खण्ड विकास अधिकारी रामानंद वर्मा ने वित्तीय वर्ष के लिए राज्य वित्त, 15वा वित्त, पंचम वित्त व मनरेगा के कुल 14 करोड़ की बजट पर स्वीकृति होने की जानकारी दिया। उन्होंने ने आवास, पेंशन, कृषि, स्वच्छता अभियान, मनरेगा आदि के बारे में विस्तार से बताया। बैठक को एडीओ प्रभारी राजकुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी मोतीचक डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया, एडीओ आईएसबी विंद्रावती देवी, सीडीपीओ प्रभारी विभा शाही, एपीओ आलोक यादव ने अपने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का उल्लेख किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रामनेति उर्फ छठ्ठू यादव, भाजपा नेता रामू राव, समरजीत सिंह, प्रभात सिंह, शिवेंद्र गुप्ता, अनवर अली, समियुल हक, धर्मेंद्र सिंह, कुंवर आकाश सिंह, लिपिक हरिओम शुक्ला, अलाउद्दीन, छोटेलाल कुशवाहा, अखिलेश सिंह, बृजेश गौंड, विनय कुमार, गंगा मद्धेशिया, गजाधर, इरेंज साहनी, प्रमोद कुमार सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## उप्र महिला राज्य आयोग की सदस्य ने जिले का किया दौरा

**अमेठी।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने एक दिवसीय दौरे के दौरान वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया और बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। वृद्धजनों को नियमित रूप से पेंशन मिल रही है कि नहीं। इसकी जानकारी ली। वृद्धजनों ने पेंशन मिलने की बात बताई। उन्होंने जिला अस्पताल में एमएनसीयू वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने मरीजों को दवाइयों की किट भी वितरित की।

उन्होंने अस्पताल तक पहुंचने वाले खराब रास्ते को ठीक कराने का आश्वासन दिया, ताकि मरीजों को आने-जाने में परेशानी न हो। उन्होंने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाइयां लिखने और वितरित करने के निर्देश दिए। अस्पताल के निरीक्षण के उन्होंने सीधे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गौरीगंज पहुंची । विद्यालय में सभी सुविधाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# दिसम्बर से बढ़ाई गई मध्यान्ह भोजन योजना की कन्वर्जन कास्ट



अवधनामा संवाददाता

- जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पत्र के बाद महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जारी किया नवीन दरों का आदेश

**अमेठी।** मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत कन्वर्जन कास्ट की संशोधित धनराशि की दर से भुगतान के लिए निदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से आदेश जारी किया गया है। कनवर्जन कास्ट की नवीन दरें दिसंबर 2024 से लागू की गई है। नवंबर और दिसंबर माह की कन्वर्जन कास्ट के भुगतान के लिए सरकार की ओर से तीन अरब पचास करोड़ निन्यानबे लाख छप्पन हजार आठ सौ अड़तालीस रुपए की धनराशि का आवंटन किया गया है।

दिसंबर माह से प्राथमिक विद्यालयों में प्रति छात्र कन्वर्जन कास्ट 6.19 रु होगी। केन्द्रांश 3.71और राज्यांश 2.48 है। उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए कन्वर्जन कास्ट 9.29 रू लागू की गई है। इसमें केन्द्रांश 5.57 और राज्यांश 3.72 रू है। मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत कन्वर्जन कास्ट में वृद्धि को उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने 26 दिसंबर को महानिदेशक स्कूल शिक्षा और निदेशक मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण को पत्र लिखा था। **नहीं बढ़ी फल मद की धनराशि** – परिषदीय विद्यालयों में सोमवार को बच्चों को भोजन के साथ फल और बुधवार को दूध दिया जाता है।फल के लिए 2014से चार रूपए प्रति छात्र मिलता है। शिक्षक संगठनों की ओर से बराबर मांग के बावजूद सरकार फल मद की धनराशि में वृद्धि नहीं कर रही है।कई शिक्षकों ने बताया कि फलों के दाम पहले के मुकाबले काफी बढ़ गये हैं।

## समीक्षा बैठक में एससी/एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने बनाई संगठन विस्तार की योजना

**अमेठी।** एस सी/एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। बैठक में हाल ही में हुए शिक्षक सम्मान समारोह की समीक्षा की गई और समारोह में सहयोग के लिए शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।आय व्यय की भी समीक्षा के बाद सदस्यों को जानकारी भी दी गई। जिला अध्यक्ष पवन कुमार गौतम ने माता सावित्री बाई फुले जयंती और शिक्षक सम्मान समारोह में तन , मन, धन से सहयोग करने वाले शिक्षकों और अतिथियों को समय देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि सभी ब्लाक अध्यक्ष/मंत्री अपनी ब्लाक कार्यसमितियों की बैठक करके सदस्यता के बारे में जिला कार्यकारिणी को सूचित कर दें, भविष्य की कार्ययोजना तैयार करने में मदद मिलेगी। जिला महामंत्री आर एस चक्रवर्ती ने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह के सराहनीय आयोजन में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। अगले एक वर्ष के भीतर हम लोग मिलकर संगठन का और विस्तार करेंगे। आने वाले समय में ब्लाक कमेटियों को और एक्टिव किया जाएगा।

# जनता को आत्मसम्मान और स्वाभिमान की जिंदगी की गारंटी बसपा का मिशन : त्यागी

अवधनामा संवाददाता



- संविधान के नाम पर भाजपा, कांग्रेस व सपा की नूराकुश्ती व झूठी राजनीति से सावधान रहें बसपा समर्थक : इंजीनियर प्रेम मोहन त्रिपाठी

**अमेठी।** गुरुवार को इसौली विधानसभा के सेक्टर न 29 सहाबागंज में बहुजन समाज पार्टी की ओर से कैडर कैम्प का आयोजन किया गया। कैडर कैम्प में पार्टी नेताओं ने बसपा कार्यकर्ताओं को पुराने नारों की याद दिलाते हुए पार्टी की विचारधारा और वर्तमान राजनीति के बारे में प्रशिक्षित किया गया। बसपा के मंडल प्रभारी जिया लाल त्यागी मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजीनियर प्रेम मोहन त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष जिया लाल त्यागी ने कहा कि देश में बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा सभी राजनीतिक दलों से अच्छी है। बसपा ही एक मात्र राजनीतिक दल है जो भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप लोक कल्याण राजनीति के लिए समर्पित है। बसपा ने कभी झूठा घोषणा पत्र नहीं जारी किया। बसपा सुप्रीमो मायावती के चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि बहन जी के शासन में गुंडे, माफिया और अपराधी प्रदेश छोड़कर भाग गए थे।आज प्रदेश में चारों तरफ अराजकता और अन्याय, अत्याचार का माहौल है। बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं है। रोज अपराध की घटनाएं हो रही हैं। श्री त्यागी ने बसपा कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूत कर केंद्र की सत्ता पर काबिज़ होने का आह्वान किया और कहा कि जनता को आत्म सम्मान और स्वाभिमान की जिंदगी की गारंटी ही बसपा का मिशन है। इंजीनियर प्रेम मोहन त्रिपाठी ने भाजपा, कांग्रेस और सपा को निशाने पर लिया और कहा कि भारतीय संविधान को कमजोर करने वाली ये पार्टियां संविधान के नाम पर नूराकुश्ती करके जनता को भ्रम जाल में फंसाकर राजनीतिक हित साधन करना चाहती है। बसपा समर्थकों को इनसे सावधान रहना है और पंचायत से संसद के चुनाव में समय आने पर वोट की चोट से इनको मुंह तोड जबाब देना है। जिला कोषाध्यक्ष सहामत अली खां, विधानसभा प्रभारी सत्यदेव गौतम, आर के बौद्ध, विधानसभा अध्यक्ष हंसराज भारती, सेक्टर अध्यक्ष कुलदीप कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सब महा कथाएं स्त्री की धुरी पर घटित होती है : राधेश्याम

अवधनामा संवाददाता


कथा का रसपान कराते कथा वाचक

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र के पकड़ी में आयोजित प्रथम दिवस कथावाचक श्री राधेश्याम शास्त्री ने कथा के माध्यम से बताया कि एक छोटे से मजाक व्यंग और आहत करने वाले कठोर वचनों से महाभारत हुआ। एक छोटे से व्यंग से द्रौपदी के कारण जो दुर्योधन के मन में तीर की तरह चूभ गया था और द्रौपदी को अपमानित करने का कुप्रयास किया गया। करने वाले ने कोई कोर-कसर न छोड़ी थी। लेकिन कर्म के बीच अज्ञात भी उतर आता है। इसका कभी कोई पता नहीं है। वह जो श्रीकृष्ण की कथा है, वह अज्ञात के उतरने की कथा है। अज्ञात के हाथ हमें दिखाई नहीं पड़ते। हम ही नहीं है इस पृथ्वी पर।हमारी ही अकेली आकांक्षा नहीं है। अनंत आकांक्षा है, और अंनत की भी आंकाक्षा है।

द्रौपदी की भी तो चेतना है। द्रौपदी का भी तो अस्तित्व है। और क्या ऐसा ही होगा कि द्रौपदी वस्तु की तरह प्रयोग की जाए। उसके पास भी चेतना है। उसके पास भी संकल्प है। साधारण स्त्री नहीं है द्रौपदी। स्त्री साधारण होती ही नही है।कोई स्त्री साधारण नही होती है। द्रौपदी के बराबर की स्त्री पूरे विश्व के इतिहास में दूसरी नहीं है। याद आती सावित्री की याद आती है सुलोचना की और बहुत यादें है।

फिर भी मैं कहता हुं। द्रौपदी की कोई बराबरी ही नहीं है। द्रौपदी बहुत ही अद्वितीय है। उसमें सीता की मिठास तो है ही, उनमें माता कैकेयी की वीरता भी है। शकुन्तला का शौर्य और सौन्दर्य भी है। उसमें गार्गी का तर्क भी है। उनमें मैत्रेयी की मैत्री भी है।

सब महा कथाएं स्त्री की धुरी पर घटित होती है। रामायण श्री सीता की धुरी पर घटित हुई है। श्रीराम और रावण तो ट्राएंगल के दो छोर है, धुरी तो सीता है।

## पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा और न्याय प्रदान करे थाने की पुलिस : अर्पणा यादव



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अर्पणा यादव ने गुरुवार को तहसील सभागार में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में महिलाओं की समस्याओं से सम्बंधित 14 शिकायतें आईं। अर्पणा यादव ने पुलिस अधीक्षक और महिला थानाध्यक्ष को सभी मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए,यह भी कहा कि पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना सम्बंधित थाने की पुलिस की जिम्मेदारी है। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी,बी एस ए और जिला प्रोबेशन अधिकारी की बैठक की। उन्होंने महिलाओं और बच्चों से सम्बंधित सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों की दीवारों पर हेल्पलाइन नम्बरों के साथ बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना एवं स्पान्शरशिप योजना सहित अन्य योजनाओं की पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ योजना के अन्तर्गत पांच बच्चियों व उनकी माताओं को बेबी किट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## महिला जनसुनवाई में 19 मामलों का त्वरित निस्तारण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारु चौधरी ने कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में 19 पीड़ित महिलाओं के प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उपाध्यक्ष ने सभी मामलों को समझते संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र समाधान के निर्देश जारी किए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया और किसी भी प्रकार की हिंसा या अन्याय की स्थिति में तुरंत राज्य महिला आयोग से संपर्क करने की सलाह दी गई। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए और इसे लेकर किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस बात पर विशेष जोर दिया कि आयोग महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के संरक्षण हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग के जिला प्रोबेशन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, दिव्यांगजन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी (सीओ सिटी), श्रम अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, महिला थाना प्रभारी, समाज कल्याण अधिकारी, तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी देवरिया उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक नीतू भारती और मीनू जायसवाल (मनोवैज्ञानिक) भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

## बिहार ले जा रहे पांच गोवंश व एक पशु तस्कर गिरफ्तार

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के चनुकी - सोहगरा मार्ग पर बृहस्पतिवार को दिन में लगभग 10 बजे पुलिस ने एक मैजिक वाहन से बिहार ले जाए जा रहे पांच गोवंश को एक पशु तस्कर के साथ पकड़ लिया। पुलिस उन्हें थाने लाई। पूछताछ के बाद पशु तस्कर को जेल भेज दी तथा गोवंश को शेल्टर हाउस भिजवा दिया।

## पुस्तक मेला एवं प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ



**लालगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** बैसवारा महाविद्यालय में गुरुवार से पुस्तक प्रदर्शनी एवं पुस्तक मेला का भव्य शुभारंभ हुआ यह पुस्तक प्रदर्शनी दिनांक 13 फरवरी से 15 फरवरी 25 तक प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित होगी। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने बताया कि इस पुस्तक प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुरानी किताबें वितरित की जा रही है द्य पुस्तकों को प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं को नाम पता एवं पुस्तक का नाम महाविद्यालय के पुस्तकालय रजिस्टर में अंकित करना पड़ेगा विद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ रमेश चंद्र यादव ने बताया की पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह एवं प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उन्होंने बताया की प्रदर्शनी के प्रथम दिवस आज 1000 से अधिक पुस्तक छात्र एवं छात्राओं ने प्राप्त की इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सरोजिनी नायडू की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**लालगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान राम कुमारी देवी न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल तेजगांव 13 फरवरी 2025 को भारत कोकिला सरोजिनी नायडू जी की जयंती धूम धाम से मनाई गई। कार्यक्रम के शुभारंभ में संस्थान के प्रधानाचार्य इंद्र विक्रम सिंह जी ने सरोजिनी नायडू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा सरोजिनी नायडू का जन्म भारत के हैदराबाद नगर में हुआ था स्वतंत्र भारत की पहली महिला उत्तर प्रदेश की राज्यपाल थी उनके पिता घोर नाथ चट्टोपाध्याय एक नामी विद्वान तथा मां कवित्री थी और बंगला में लिखती थी। बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि होने के कारण उन्होंने ही 12वीं की परीक्षा अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण की।

## विकासखंड तरकुलवा के तवकलपुर में वाटर सेट यात्रा का शुभारंभ



**तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जलागम विकास घटक प्रणाली कृषि सिंचाई विभाग की तरफ से आम जनमानस को जागरूक करने के लिए वाटर सेट यात्रा जो की विकासखंड तरकुलवा के ग्राम सभा तवकलपुर से प्रारंभ हुई। यात्रा में ग्राम सभा की महिलाओं के द्वारा कलश में जल भरकर के सभा स्थल तक ले जाया गया।उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकासखंड तरकुलवा के ब्लॉक प्रमुख राम आशीष गुप्ता विशिष्ट अतिथि डॉ जे एम त्रिपाठी, अंबुज शाही नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष तरकुलवा दुष्यंत राव रहे।सभी ने कार्यक्रम को संबोधित किया कार्यक्रम के संबोधन के रूप में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष दुष्यंत राव व जिला कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने ग्रामीणों को जल संचय के विषय मे वाटर सेट यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्या होता है के बारे में विस्तृत बतलाया।वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता अंबुज शाही ने अपने संबोधन में कृषि में जल का महत्व एवं जीवन में पौधे का क्या महत्व है उक्त सारी बातों को बखूबी जनता के सामने रखा। मंच का संचालन दैनिक जागरण पत्रकार मनोज तिवारी मधुर ने किया।मनोज तिवारी ने सभी जन मानस को जल है तो कल है के विषय का सपत भी दिलाया तवकलपुर ग्राम प्रधान रणजीत सिंह के द्वारा सभी आगंतुकों को माला पहनकर अंग वस्त्र देकर के सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की भव्यता का स्वरूप तैयार करने में ग्राम प्रधान रणजीत सिंह की अहम भूमिका रही।उक्त अवसर पर सभासद सूरज गुप्ता ग्राम प्रधान रविंद्र चौहान सभासद जितेंद्र प्रसाद, ग्राम प्रधान ओंकार राव,सतेन्द्र गुप्ता,राज कुमार,दिवाकर राव,जयंत राव,गणेश राव,जय सिंह आदि मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप पर खड़े गैस एजेंसी के ट्रक से डीजल की चोरी, दो अभियुक्त गिरफ्तार



**लालगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** बीते 48 घंटे पूर्व कोतवाली क्षेत्र के कुसुढ़ी सागरपुर गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप पर खड़े गैस एजेंसी के ट्रक से चोरी किए गए डीजल व दो अभियुक्त एक पिकअप को कड़ी मशक्कत के बाद कोतवाली पुलिस में बरामद कर अभियुक्त को जेल भेज दिया। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव कुसुढ़ी सागरपुर गांव निवासी कुंवर बहादुर सिंह पुत्र विश्राम सिंह में बीती 11 फरवरी को कोतवाली में बताया था कि गैस की गाड़ी चलाता है। 8 फरवरी को गाड़ी लोड करके लखनऊ से पहाड़पुर स्थित रावत गैस एजेंसी के लिए निकाला था लेकिन रात अधिक हो जाने के कारण गाड़ी खाली नहीं हो पाई। जिस पर वह गाड़ी को लेकर अपने गांव स्थित पेट्रोल पंप पर गाड़ी खड़ी कर घर चला गया था। और जब सुबह वापस आया तो देखा की गाड़ी के डीजल टैंक का ढक्कन खुला हुआ था। जिसमें से डीजल गायब था इस पर पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। उसमें दो आरोपी डीजल चुराकर पिकअप से ले जाते हुए दिखाई पड़े। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि बीती रात मुखबिर खास से सूचना मिली की ट्रक से डीजल चोरी करने वाले उक्त दोनों आरोपी दोनों आरोपी जमुरावा नहर पुलिया के पास मौजूद है।

# ट्रैक्टर-ट्राली के चपेट में आने से बाइक युवक की मौत, दो घायल

अवधनामा ब्यूरो

- एक ही बाइक पर सवार थे तीनों युवक
- रामकोला स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

**कुशीनगर।** रामकोला-पडरौना मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने ट्रैक्टर और बाइक में टक्कर हो गई जिसमें बाईक पर बैठे एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है बाइक पर तीन युवक सवार थे। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि बाइक सवार तीन युवक अविनाश चौहान निवासी सज्जन छपरा, मुरारी यादव निवासी मोरवन घुरहू छपरा व कमलेश यादव निवासी मोरवन घुरहू छपरा एक ही बाइक पर सवार थे। अभी वह रामकोला स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे ही थे कि ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आए गए। इसमें बाइक सवार कमलेश की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला ले जाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. एस.के. विश्वकर्मा के अनुसार, प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान कमलेश यादव की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है।

# अमेठी में धूमधाम से मनाई गई रविदास जयंती

अवधनामा संवाददाता




**जगदीशपुर/संग्रामपुर।** संत शिरोमणि रविदास जी की 648वीं जयंती पर बौद्ध विहार लखासराय, बाजार सुकुल और सिरमौर बौद्ध विहार सोइया में कार्यक्रम आयोजित किए गए। वक्ताओं ने संत रविदास की शिक्षाओं को आत्मसात कर सुखी और सम्पन्न समाज बनाने का संकल्प लिया। आयोजन कमेटी की ओर से रामकुमार भारती ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ज्ञानमार्गी शाखा के संत थे।

उन्होंने अपने आध्यात्मिक ज्ञान के बल पर समकालीन पोंगा पंथी पंडितों को परास्त किया और दुनिया को हर प्रकार के शोषण और धार्मिक भेदभाव से मुक्त सम्पन्न समाज के निर्माण के साथ मानवता का संदेश दिया। रविदास जयंती पर दारानगर, लखासराय बौद्ध विहार से तीन झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गांवों का भ्रमण करते हुए अम्बेडकर चौराहा बाजार सुकुल में समाप्त हुई। यहां आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों को पगड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया। रामकुमार भारती ने भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जगजीवन प्रसाद को अंगवस्त्र भी भेंट किया।

कार्यक्रम नंदलाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जगजीवन प्रसाद ने कहा कि संत रविदास, भगवान बुद्ध के समकालीन थे। मन ही पूजा, मन ही धूप, मन ही सेवहूं सहज सरूप कर संत रविदास की वाणी का उल्लेख करते हुए कहा कि संत गुरु की वाणी, हमें पाखंडवाद और अन्धविश्वास से दूर रहकर शुद्ध चिंतन के लिए प्रेरित करती है। समारोह को डा अम्बेडकर नवयुवक दल के प्रदेश अध्यक्ष नंद लाल, जगन्नाथ सरोज, राहुल बौद्धाचार्य, विजय गौतम, अभिषेक जाटव, रामदास, जिया लाल आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पचई गौतम ने किया। इन्द्राज यादव, रघुनाथ पासी, भगवान दास, विमलेश सरोज, प्रदीप कुमार, शिवलाल, देवनारायण, रामसेवक आदि मौजूद रहे।

## निकाली गई शोभायात्रा

**अमेठी।** संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर पटखापुर से संत रविदास के जीवन दर्शन पर आधारित शोभा यात्रा निकाली गई। वारामासी, कुशीताली, देवी पाटन, रायपुर फुलवारी होते हुए नगर स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के पास विचार-गोष्ठी के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा का नेतृत्व जिया लाल बौद्ध, संजय बौद्ध और सत्यम् गौतम ने किया। विचार गोष्ठी में संत शिरोमणि रविदास के जीवन दर्शन पर व्यापाक संवाद हुआ। संत रविदास जी के नाम से बने जिले को समाप्त करने के लिए समाजवादी पार्टी को निशाने पर लिया गया। संत रविदास के अनुयायियों और अम्बेडकर मिशन के कार्यकर्ताओं से सत्ता के मंदिर पर अधिकार कर संत गुरुओं और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के सपनों का समाज बनाने का आह्वान किया गया।

बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, बसपा के जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, पूर्व जिला प्रभारी संजय कुमार, इन्द्र पाल गौतम, राम चन्द्र, राम चन्द्र सरस, श्याम लाल, राजेश अकेला, प्रमोद कुमार, सुरेन्द्र अम्बेडकर, रामदेव, पलटूराम, राम फल फौजी, रामबली, राम प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार त्रिभुवन दत्त, शीतला प्रसाद,आर एस चक्रवर्ती, राजू बौद्ध, भुवाल बौद्ध, जयसिंह प्रधान यादव, वैरागी राम भारती, हरिनाथ, डॉ नन्हे लाल, श्याम कुमार, दीपा बौद्ध, किशुन पाल आदि मौजूद रहे।

## आरपीएफ बहराइच पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**बहराइच।** रेलवे सुरक्षा बल बहराइच पर रेलवे की जमीन पर दुकानों को लगवाकर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले में नगर पंचायत रिसिया निवासी मनीष कुमार गुप्ता ने मंडलायुक्त को शिकायत पत्र भेजा था, जिसके बाद कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने जिलाधिकारी बहराइच को जांच के निर्देश दिए हैं। शिकायत कर्ता मनीष कुमार गुप्ता ने आरोप लगाया कि रेलवे स्टेशन रिसिया के पास आरपीएफ बहराइच द्वारा करीब 200 दुकानें अवैध रूप से लगवाई गई हैं, जिनसे हर महीने लाखों रुपये की वसूली की जा रही है। यह वसूली आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक व उनके अधीनस्थ स्टाफ की मिलीभगत से कराई जा रही है, जिसमें स्थानीय लोगों को भी शामिल बताया गया है। कमिश्नर ने जिलाधिकारी बहराइच को आदेश दिया है कि मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए और सात दिनों के भीतर कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

# कमिश्नर ने ईटहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के जांच के दिए आदेश

**ईटहा पीएचसी के अक्सर बंद रहने की शिकायत पर होगी जांच**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** शिवपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाला ईटहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लंबे समय से बंद पड़ा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इलाज के अभाव में लोग मजबूरी में निजी झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने को विवश हैं। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता राम फेरन पांडेय द्वारा इस मुद्दे को उठाते हुए देवीपाटन मंडल के कमिश्नर को शिकायत प्रेषित की गई थी। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को पत्र भेजकर पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

शिकायत के अनुसार ईटहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच में सम्बद्ध हैं और वहीं कार्यरत हैं, जबकि उनका वेतन ईटहा केंद्र से जारी किया जा रहा है। इससे केंद्र पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुका है और ग्रामीणों को इलाज के लिए सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। कमिश्नर ने इस मामले में सात दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिये है।

# डीएम ने किया संस्थानों का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने आज जनपद के विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया, इस क्रम में वह सर्वप्रथम प्रोवेशन विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया, जहां भवन की दीवारें आदि गन्दी पाई गयी, जिलाधिकारी ने काउन्सलर की उपस्थिति पंजिका में स्टाफकी स्थिति की जानकारी की, उस दौरान वन स्टॉप सेन्टर में एक मुस्कान नाम की मरीज महिला मिली, उसके बारें में जिला प्रोवेशन अधिकारी से विस्तार से जानकारी प्राप्त की, इसी के साथ निर्देशित किया कि वन स्टॉप सेन्टर में गन्दगी को दूर करायें और नये भवन में इसे शिफ्टिंग करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात् आश्रम पद्धति विद्यालय वजीरपुर जेहलपुर गयें, जहां पर प्रधानाध्यापक द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि इस विद्यालनय में 286 छात्र अध्ययनरत् है, साथ ही यहां 16 अध्यापक कार्यरत् है, वहां पर छात्रों को मिलें टेबलेट पर गणित की कक्षाऐं चलाई जाती है, लेकिन जिलाधिकारी के अवलोकन करने पर अध्यापक द्वारा टेबलेट का संचालन सही तरीके से नही कर पाया जिस पर जिलाधिकारी अत्यंत नाराज दिखें, उन्होने कहा कि जो भी उपकरण मिलें है उनका सही प्रयोग करना आना चाहिए, अन्यथा उसकी कोई उपयोगिता नही रह जाती, साथ ही साथ जिलाधिकारी यहां संचालित प्रयोगशाला को भी देखने गए जहां उन्होने जीव विज्ञान विषय से सम्बन्धित बच्चों से प्रश्न भी किए, साथ ही जिलाधिकारी ने कक्षा 9 के छात्रों से भौतिक विज्ञान में गति का फार्मूला पूछा और गति से सम्बन्धित प्रशन को हल करने को भी कहा लेकिन कोई भी छात्र प्रशन को हल नही कर सका, इसके पश्चात् जिलाधिकारी ने कक्षा 11 के छात्रों से भौतिक विज्ञान से सम्बन्धित प्रशन किए परंतु कोई भी छात्र इसका समुचित उत्तर नही दे पाया, जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए सभी अध्यापकों को निर्देशित किया कि छात्रों की उपस्थिति प्रत्येक दिन समय से लें और जो भी विषय पढ़ाये उसे उदाहरण देकर सही ढंग व तार्किक रूप से पढ़ाये, जिससे छात्रों की पढ़ाई में सुधार आऐं, निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, जिला विकास अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## यात्रियों को राहत सामग्री पहुँचाने सड़क पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता: चंदन

**सुल्तानपुर।** प्रयागराज व अयोध्या आने जाने वाले श्रद्धालुओं को भाजपा पदाधिकारियों नें जगह जगह कैंप लगाकर खाना पानी व दवा मुहैया कराना शुरू कर दिया है। वहीं सुल्तानपुर- अयोध्या बाईपास के समीप भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष चन्दन नरायन सिंह के नेतृत्व में लगातार प्रतिदिन भण्डारा किया जा रहा है।24 घंटे पानी की व्यवस्था, रूकने की व्यवस्था निःशुल्क युवा मोर्चा द्वारा किया गया है। जिसमे सोमवार के दिन तहरी व गन्ने का जूस जिलाध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा की उपस्थिति में बांटा गया। महाकुम्भ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी संख्या के चलते पुलिस प्रशासन के साथ ट्राफिक व्यवस्था में भी भा ज पा के युवा पदाधिकारी लगाए गए हैं। चन्दन नारायन ने बताया प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा जी ने सात टोली बनाकर जनपद के मुख्य स्थानों पर कैंप लगवाए है, जिससे जाम में फसे श्रद्धालुओं को कुछ मदद मिल सके।जिसमें मुख्य रूप से पूर्व महामंत्री कृपा शंकर मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुनील वर्मा, जिला महामंत्री भाजयुमो सचिन पाण्डे, आतमजीत सिंह, कोमल श्रीवास्तव, अमित सिंह, राजा सिंह, चंदन श्रीवास्तव, मनीष सिंह, शिवम सिंह अमन श्रीवास्तव आदि डटे हुए हैं।

# साइबर फ्रॉड से रहें सावधान

**1930 साइबर हेल्प लाइन पर करें कॉल**

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** वित्तीय धोखाधड़ी से खुद को बचाने का पहला कदम है विभिन्न प्रकार के धोखों के बारे में जानकारी हासिल करना है। आप जितना अधिक जानेंगे, उतनी ही बेहतर आप संभावित खतरों को पहचान सकेंगे और धोखे का शिकार होंने से बच सकेंगे। अगर आपके साथ साइबर फ्रॉड़ हुआ है तो तत्काल 1930 साइबर हैल्प लाइन नम्बर पर कॉल करें साथ ही सम्बन्धित थाने पर शिकायत करें। कुछ सामान्य प्रकार की वित्तीय धोखाधड़ी हैं। **पहचान चोरीः** जब कोई व्यक्ति आपकी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे कि आपका आधार कार्ड, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड नंबर या आपके क्रेडिट या डेबिट कार्ड नंबर चुराता है और धोखाधड़ी करने के लिए इसका उपयोग करता है, तो इसे पहचान चोरी कहते हैं। **फ़िशिंग स्कैमः** इन धोखों में बैंकों या क्रेडिट कार्ड कंपनियों जैसे जाने-पहचाने संगठनों की तरह दिखने वाले ईमेल या एसएमएस भेजना शामिल होता है। इन ईमेल या ै में अक्सर लिंक होते हैं, जिन पर क्लिक करने से आप एक नकली वेबसाइट पर पहुंच जाते हैं जो असली वेबसाइट की तरह दिखती है। एक बार जब आप नकली वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी डालते हैं, तो धोखेबाज इसे चुरा सकते हैं। निवेश/इनाम धोखाधड़ीरू इन धोखों में निवेश पर बहुत ज्यादा लाभ या आकर्षक इनाम का वादा किया जाता है। धोखेबाज आपको जल्दी से निवेश करने के लिए दबाव भी डाल सकते हैं, बिना आपको सोचने का समय दिए। ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ीः इन धोखों में नकली वेबसाइट या ऑनलाइन स्टोर शामिल होते हैं जो नकली उत्पाद बेचते हैं या आपकी व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा करते हैं। मजबूत पासवर्ड बनाएं और दो-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करें। आपके पासवर्ड वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ आपकी पहली सुरक्षा हैं। सुनिश्चित करें कि आपके पासवर्ड मजबूत हैं और आपके हर ऑनलाइन खाते के लिए अलग-अलग पासवर्ड हैं। जब भी संभव हो, दो-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करें। आपके खातों में एक अतिरिक्त सुरक्षा परत जोड़ता है, जिसके लिए आपको अपने पासवर्ड के अलावा एक कोड भी दर्ज करना होता है।'

# फर्ज़ी बैनामे में एक गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा करने वाले 01 अभियुक्त रमेशचन्द्र को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा कूटरजित दस्तावेज तैयार कर जमीन का फर्जी बैनामा करने वाले वांछित अभियुक्त रमेशचन्द्र उर्फ साधू पुत्र बलवन्त सिंह निवासी गदनपुर थाना एका फीरोजाबाद को मुस्तफाबाद अवागढ़ तिराहे के पास गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के अन्य साथियों अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।वादिया गंगाश्री पत्नी सूबेदार सिंह निवासी ग्राम गदनपुर थाना एका फिरोजाबाद द्वारा अभियुक्तगण द्वारा वादी की बहुमूल्य जमीन के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अन्य किसी को बैनामा कर देने के सम्बन्ध मे थाना जसराना पर मु.अ.स. 367/24 धारा 420/467/468/471 भादवि. पंजीकृत कराया था जिसकी विवेचना के दौरान अभियुक्तगण का नाम प्रकाश में आया। जिसमें से 4 अभियुक्तगण धनदेवी पत्नी स्व. महावीर सिंह, डालचन्द पुत्र स्व. महावीर सिंह, प्रमोद कुमार पुत्र स्व. महावीर सिंह, सुमन बाबू पुत्र स्व. महावीर सिंह निवासीगण गदनपुर थाना एका जिला फिरोजाबाद को पूर्व मे ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जा चुका है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह, व.उ.नि. मुनेश कुमार, उ.नि.प्रशि. पुष्पेन्द्र सिह थाना जसराना फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 14.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04601 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना जं., अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जंक्शन, आगरा किला, टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 07383 | एसएसएस हुब्बल्लि जं. | 08:00 | वाराणसी जं. | 05:30 | धारवाड, अलनावर, लोंडा, खानापुर, बेलगावी, गोकक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुदाची, मिराज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई जं., गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेडी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 07081 | गुंटूर जं. | 23:00 | आज़मगढ़ | 17:15 | विजयवाड़ा जं., खम्मम, डोर्नकल जं., महबूबाबाद, वारंगल, रामागुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर, कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, बैतूल, इटारसी जं., पिपरीया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी जं. एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04023 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 01824 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 15:00 | अलीगढ़, टूण्डला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, नैनी जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., महोबा जं., हरपालपुर, मऊरानीपुर, एवं निवाड़ी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 06221 | मैसूरू जं. | 07:30 | लखनऊ | 16:00 | मंड्या, केंगेरि, केएसआर बेंगलुरु सिटी जं., यशवंतपुर जं., तुमकूर, अरसीकेरे जं., कडूरु जं., चिक्कजाजूरु जं., दावणगेरे, हरिहर, राणिबेन्नूरु, हावेरि, एसएसएस हुब्बल्लि जं., धारवाड़, लोंडा जं., खानापुर, बेलगावि, गोकक रोड, घटप्रभा, रायबाग, कुडची, मिराज जं., सांगली, कराड, पुणे जं., दौंड कॉर्ड लाइन, मनमाड जं., भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., कटनी जं., सतना जं., प्रयागराज छिवकी जं. एवं वाराणसी जं. स्टेशन |
| 04017 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन |

**दिनांक 15.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:05 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनन्दपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04602 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं. लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला जं., इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 06019 | मंगलूरु सेन्ट्रल | 04:15 | वाराणसी जं. | 14:50 | कासरगोड, नीलेश्वरम, पय्यन्नूर, कण्णूर, तलश्शेरी, वडकरा, कोषिक्कोड, फरोक, तिरूर, षोरणूर जं., ओट्टप्पालम, पालक्काड़ ज., कोयम्बत्तूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 09406 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं,. फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नरयावली, खुरई, बीना मालखेड़ी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबड़ा गुगोर, अटरू, बारां एवं अन्ता स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा जं., बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 06071 | पुरट्चि तलैवर डॉ. एम.जी.आर. चेन्नै सेंट्रल | 14:20 | गोमती नगर | 14:15 | गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वारंगल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05295 | दरभंगा जं. | 21:00 | झूँसी जं. | 10:00 | समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुज़फ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 07107 | तिरुपति | 20:55 | बनारस | 15:45 | गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., एलुरु, ताडेपलिगूडेम, निडदवोलु जं., राजमंड्री, समालकोट जं., अन्नवरम, एलमंचिली, अनाकापल्ली, दुव्वाडा, पेन्दुर्ति, कोत्तवलसा जं., विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतीपुरम, रायगड़, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटिलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, सम्बलपुर जं., झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, राँची, मूरी जं., बरकाकाना जं., टोरी, लातेहार, बरवाडीह, डालटनगंज, गढ़वा रोड जं., जपला, सोन नगर जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम जं., भभुआ रोड, चन्दौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., काशी एवं वाराणसी जं. स्टेशन |
| 04721 | बीकानेर जं. | 19:00 | पाटलिपुत्र जं. | 02:00 | नापासर, सूडसर, श्री डूंगरगढ़, राजलदेसर, रतनगढ़ जं., चूरू जं., सादुलपुर जं., लोहारु जं., सतनाली, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी जं., गुड़गाँव, दिल्ली छावनी, दिल्ली जं., गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं. एवं दानापुर स्टेशन |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | |
| 04016 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर,, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04020 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर,, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

पर हमें फॉलो करें

# 14 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

**पूर्व सांसद राजाराम पाल गुलाबी गैंग कमांडर ने दिया आशीर्वाद**



अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के दुग्ध डेयरी मार्ग में आयोजित राष्ट्रीय पाल धनगर महासभा के स्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में 14 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनकर जीवन साथी चुना। सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व सांसद राजाराम पाल एवं गुलाबी गैंग की राष्ट्रीय कमांडर संपत पाल ने मौजूद रहकर वर वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

कस्बे के दुग्ध डेयरी मार्ग के एक गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय पाल धनगर महासभा की हमीरपुर इकाई ने गुरुवार को सातवें स्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया।जिसकी अध्यक्षता स्वामी रामानंद गिरी जी महाराज ने की। समारोह में शीतलपुर के राहुल पाल ने अछपुरा की अंबिका पाल, शेखूपुर के देवी चरण पाल ने कुलउवा चित्रकूट की सविता देवी, उर्दना के जयप्रकाश ने सीकरी के सुलेखा पाल, शीतलपुर के मनीष पाल ने सिरसीकला की पूजा देवी, धरमपुर के छोटेलाल ने डांडामऊ की रीता देवी, सीकरी के संजय पाल ने इछावर बांदा के किशना देवी, बांधुर खुर्द के रामशंकर ने शीतलपुर के रेनू पाल, कोटरा मगरौल के वीर पाल ने खड़ेही के सोनम पाल, अमरपुरा के सूरज पाल ने अतरैया की पूजा देवी, उरदना के सुशील कुमार ने शिकहुला बांदा की नेहा देवी, सिंधन खुर्द बांदा के छोटू पाल ने भुलसी की अनीता, कनौटा के संदीप पाल ने खपटिहा बांदा की पुष्पा देवी, ददरी जालौन के संजय पाल ने भेड़ी की उमा देवी, अवांरा बांदा के राकेश कुमार ने चंदपूरवा बुजुर्ग की खुशी पाल को वरमाला पहनकर जीवनसाथी चुना। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व सांसद राजाराम पाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज की फिजूल खर्ची रूकती है और समाज के गरीबों को भला होता है। साथ ही दहेज जैसी कुरीति पर अंकुश लगता है। हमीरपुर इकाई का यह प्रयास सराहनीय है। गुलाबी गैंग कमांडर संपत पाल ने कहा कि यह अच्छी पहल है। इससे समाज को एक नई दिशा मिल रही है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान, सपा नेता नंदकिशोर शिवहरे, घनश्याम साहू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति, बावली पाल, डॉ जयराम पाल, प्रहलाद पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संचालन तेरही के मंगल पाल ने किया। कार्यक्रम का आयोजक महासभा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाल चंदपुरवा ने सभी के प्रति आभार जताकर वर वधुओ को उपहार का सामान देकर विदा किया।

## जनपद न्यायाधीश ने प्रस्तावित भूमि का किया मुआयना

**अतर्रा/बांदा।** जनपद न्यायाधीश ने मुंशिफ न्यायालय के लिए प्रस्तावित भूमि किया मुआयना। खमहौरा व नई तहसील के पास स्थित भूमि का किया निरीक्षण। प्रस्तावित जेएम कोर्ट भवन का भी किया निरीक्षण। गुरुवार को जनपद न्यायाधीश डा बब्बू सारंग इंस्पेक्शन कमेटी के साथ पहुंचकर लंबे समय से मुंशीफ न्यायालय के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया सबसे पहले टीम ने बांदा रोड स्थित आईआईटी कॉलेज के निकट स्थित भूमि की वास्तविक स्थिति को देखा इसके बाद लंबे समय से मुंशीप न्यायालय के लिए चर्चा में रही नई तहसील के पास स्थित बदौसा रोड में पहुंचकर वहां की भूमि को राजस्व लेखपाल की टीम द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार भूमि को जांचा परखा इस दौरान अधिवक्ता संघ के चेयरमैन विनोद तिवारी अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ पूर्व महासचिव मनोज द्विवेदी सूरज बाजपेई विनय मिश्रा अनपत सैनी सुशील गुप्ता लवकुश गुप्ता ने वादकारियों के हित में नई तहसील के पास ही मुंशीफ न्यायालय स्थापित करने की अपील की।

# ठेकेदार पर पांच हत्याओं का मुकदमा दर्ज करने की मांग

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** बीते नौ फरवरी को शराब के नशे में आत्महत्या, शराब ठेका पर तोडफ़ोड़ का मुकदमा उसके बाद सदमे से वृद्ध की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है जिसके चलते भारतीम किसान यूनियन ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर शराब ठेका संचालक पर पांच हत्याओं का मुकदमा दर्ज करने और महिलाओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के साथ ही मृतकों के परिवार वालों को पच्चीस लाख रुपये की एकमुश्त मुआवजा राशि देने की मांग की है। भारतीम किसान यूनियन अराजनैतिक के शिवपूजन निषाद के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि क्षेत्र के पढोरी में शराब ठेका संचालक पुष्पेन्द्र पाल नकली शराब बेचता है जिसके चलते गांव में पांच मौत हो चुकी हैं जबकि इसी से आक्रोशित महिलाओं ने बीते नौ फरवरी को गांव की महिलाओं ने शराब ठेका पर तोडफ़ोड़ की थी जिसके बाद ठेका संचालक ने महिलाओं पर मुकदमा दर्ज कराया है। संगठन ने मांग की है कि महिलाओं पर लगे मुकदमे तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएं साथ ही मृतकों के परिजनों को एक मुश्त पच्चीस लाख रुपये मुआवजा देने के साथ ही ठेका संचालक पुष्पेंद्र पाल के विरुद्ध पांच लोगों की हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए क्योंकि उक्त ठेका पढोरी गांव में संचालित है लेकिन ठेकेदार द्वारा नयी दिल्ली डेरा और पढोरी डेरा पर संचालित कर नकली शराब बेचने का कारोबार करता है। इस दौरान आशीष कुमार, संतोष कुमार,सुनील कुमार, संतोषी,बच्चा, संता,विमला सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद रहे।

## मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ लिए 15 तक करें आवेदन

**बांदा।** सहायक निदेशक मत्स्य बांदा ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत 23 मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनमानस को आच्छादित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल पर 15 फरवरी 25 तक खोला गया है। संदर्भित योजना के अन्तर्गत एक नयी परियोजना भी इस वित्तीय वर्ष से संचालित की जा रही है। जिसमें मछली पकड़ने के प्रतिबंध/दुर्बल अवधि के दौरान मत्स्य पालन संसाधनों के सरंक्षण के लिए पिछड़े हुए सकिय पारंपरिक मछुआरों के परिवारों के लिए आजीविका और पोषण सम्बन्धी वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। सभी इच्छुक मछुआरों से अनुरोध है कि कृपया अधिक से अधिक आवेदन कर योजना का लाभ लेने का कष्ट करें। उक्त परियोजना में आवेदन करने हेतु लाभार्थी पूर्णकालिक सकिय मछुआरा होना चाहिए साथ ही वह एक कार्यात्मक स्थानीय मछुआरा सहकारी समिति का सदस्य हो और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) हो जिसकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हों।

# अतिक्रमण से कस्बे के अंदर दिन भर जाम का झाम



अवधनामा संवाददाता

**गुरुवार को बंदी के दिन भी जाम**

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के बस स्टॉप से लेकर पशु बाजार चौराहा तक नेशनल हाईवे का अतिक्रमण राहगीरों के लिए बवाले जान बना हुआ है। हाईवे की पटरी में दुकानदारों के काबिज होने के कारण करीब एक किलोमीटर क्षेत्र में पूरे दिन जाम का झाम बना रहता है। गुरुवार को साप्ताहिक बंदी होने के बाद भी दोपहर में राहगीर जाम के झाम से परेशान रहे। वाहनों के आड़ा तिरछा एक साइड से दूसरी साइड में घुसने से वाहन चालक घंटो परेशान रहे। कस्बे के मध्य से गुजरे नेशनल हाईवे 34 में बस स्टॉप से लेकर पशु बाजार चौराहा तक जबरदस्त अतिक्रमण है। हाईवे की पटरी को बाजार के दुकानदारों ने पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले रखा है। इस वजह से इस क्षेत्र में दिनभर जाम की समस्या बनी रहती है। गुरुवार को कस्बे में साप्ताहिक बंदी का दिन था, इसके बाद भी सब्जी मंडी चौराहा के समीप दोपहर में जाम की स्थिति पैदा हो गई। वाहनों के एक साइड से दूसरी साइड में घुसने तथा आड़ा तिरछा होने से लोग घंटो जाम से परेशान रहे। बाद में किसी तरह से पुलिस ने डंडा फटकार कर वाहनों को सीधा कराकर जाम खुलवाया।

## कोटेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से की शिकायत

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर में एक कोटेदार द्वारा राशन कार्ड धारक के साथ अभद्रता का व्यवहार किये जाने की शिकायत जिलाधिकारी से करके जांच कराये जाने की मांग की है। सुमेरपुर निवासी राशन कार्ड धारक पारस शिवहरे ने जिलाधिकारी को दिये शिकायती पत्र में कहा है कि उसका राशन कोटेदार सुमन्त शर्मा के यहां मिलता है। कोटे की दुकान खुलने का जो निर्धारित समय होता है उसका यहा पालन नहीं किया जा रहा है। कार्ड धारक रोजाना चक्कर लगाते है तो कभी दुकान बंद रहती है और खुला मिली तो वितरण में भेदभाव किया जाता है अपने परिचित के लोगो को जो बाद में आते है उन्हे राशन दे दिया जाता है और पहले से लाइन लगाये लोग बैठे रहते है। पारस शिवहरे का कहना इसी बात का जब उसने विरोध किया तो कोटेदार अभद्रता पर उतारू हो गया ।और मेरे लाल राशन कार्ड को रद्द कराने की धमकी देता है। मांग की है कि इसकी जाँच करायी जाये और कार्ड धारको को सही समय पर राशन दिलवाया जाये।

# आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी एवं ककरी परियोजना में एनसीएल परिवार की गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक (उत्पादन)/ टीएस टू सीएमडी, दीपक सक्सेना, महाप्रबन्धक (ककरी), राजेंद्र वर्मा, कल्याणी महिला समिति अध्यक्षा, एकता महिला समिति की कार्यकारी अध्यक्षा, परियोजना अधिकारी, स्टाफ ऑफिसर (कार्मिक) एवं परियोजना जेसीसी सदस्य तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान परियोजनाओं से चिकित्सा अधिकारी एवं टीम ने गृहिणियों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को सीपीआर (हृदय पुनर्जीवन), सड़क दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा, सांप के काटने पर उपचार, जलने और चोटों का उपचार, रक्तचाप और मानव शरीर को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में गहन जानकारी दी गयी। ग़ौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजनों एवं इकाईयों में 14000 से अधिक कर्मियों के परिवारों व गृहिणियों तक प्राथमिक चिकित्सा को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में एनसीएल की सभी परियोजनों एवं इकाइयों में भी प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीक़े से शुरू किया जा रहा है। एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना के द्वारा अभी तक कुल 46 प्रतिभागियों एवं ककरी परियोजना द्वारा अभी तक 35 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# ब्रजेश यादव सेवानिवृत्त शिक्षक संघ के निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने गए

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण समिति जनपद इटावा का चुनाव श्री आर एस धनगर के निज आवास पर संपन्न हुआ, जिसमें जिला अध्यक्ष के पद पर बृजेश यादव, महामंत्री के पद पर चंद्र प्रकाश शाक्य तथा कोषाध्यक्ष के पद पर जलधारी लाल शर्मा निर्विरोध चुने गए। चुनाव को प्रदेश अध्यक्ष सत्यदेव सिंह तथा चुनाव पर्यवेक्षक जीसी तिवारी प्रदेश महामंत्री तथा शोभाराम यादव जिला अध्यक्ष मैनपुरी ने चुनाव को संपन्न कराया। बृजेश यादव का नाम जगदीश यादव जिला महामंत्री इटावा ने प्रस्तावित किया तथा उसका समर्थन अरुण यादव तथा मोतीलाल शर्मा ने किया। वर्तमान जिला अध्यक्ष लज्जाराम पाल का नाम भी जिला अध्यक्ष के लिए प्रस्तावित हुआ लेकिन बाद में उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। चुनाव में जिलाध्यक्ष पद पर ब्रजेश यादव, जिला महामंत्री पद पर चंद्र प्रकाश शाक्य तथा जिला कोषाध्यक्ष पद पर जलधारी लाल शर्मा निर्विरोध चुने गए । प्रदेश अध्यक्ष सत्यदेव सिंह ने चुनाव में अपने संबोधन में कहा की अभी तक इटावा की परंपरा निर्विरोध की रही है उसी का पालन करने का अनुरोध किया तथा संगठन में चल रही मांगों के बारे में प्रकाश डाला संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विनोद यादव की प्रशंसा की और कहा कि हम सब मिलकर संगठन को मजबूत बनाएंगे तथा अपनी मांगों के लिए सरकार से संघर्ष करेंगे। चुने हुए तीनों पद पर चुने गए प्रत्याशियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री एवम् जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने कहा की सेवानिवृत्ति प्राथमिक कल्याण परिषद के सभी शिक्षक हमारे पिता तुल्य है, मैं अपनी तथा उनकी मांगों के लिए मिलकर संघर्ष करेंगे। पुरानी पेंशन के लिए भी लड़ाई में मिलकर संघर्ष करेंगे तीनों तीनों चुने हुए प्रत्याशियों को उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अधिवेशन को समिति के संरक्षक राजेन्दसिंह यादव, राष्ट्रपति पुरस्कृत अभिलाष सिंह यादव, राधेश्याम यादव जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद, सुरेश चंद्र, श्री राम राही, चंद्रभान सविता, अरुण यादव लज्जा रामपाल, मुनीम सिंह, मुलायम सिंह, जगदीश सिंह प्रधानाचार्य ने संबोधित किया संचालन रामविलास यादव ने किया। आरएस धनगर ने निर्वाचित प्रत्याशियों को साल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुभाष चंद्र यादव एडवोकेट, ताहर सिंह, रामबाबू गुप्ता, राम प्रकाश प्रजापति, शौकीन सिंह, आफताब हुसैन, राकेश यादव, रामविलास यादव, गया प्रसाद, महाराज सिंह राजावत, अजय तिवारी आदि की उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में 43 वां एनटीपीसी विद्युत उत्पादन दिवस हर्षोल्लास के साथ आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में एनटीपीसी विद्युत उत्पादन दिवस बड़े हर्षोउल्लास एवं गर्व के साथ आयोजित किया गया। 13 फरवरी 1982 को एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा विद्युत उत्पादन की शुरुआत की गई थी एवं देश उर्जा आत्मनिर्भरता की क्षेत्र में अग्रसर हो गया था। इस शानदार उर्जा उपलब्धि के अवसर पर मदर प्लांट और फ्लैगशिप स्टेशन- सिंगरौली प्लांट परिसर में आयोजित 43वां विद्युत उत्पादन दिवस समारोह में जोसेफ बास्टीयन, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एनटीपीसी सिंगरौली ने 13 फरवरी, 2025 को कहा कि 'एनटीपीसी की चार दशक की उर्जा उपलब्धि उर्जा क्षेत्र, देश-समाज के लिए गर्व एवं सम्मान का विषय है एवं एनटीपीसी निरंतर अपनी विद्युत उत्पादन क्षमता विस्तार के माध्यम से देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना कर घर-घर को रोशन करने के अपने संकल्प को साकार करती जा रही है। इस अवसर पर जोसेफ बास्टीयन ने प्लांट में पूजा अर्चना कर सभी कर्मचारियों को पूर्ण निष्ठा, गर्व-उत्साह, समर्पण के साथ उर्जा उत्पादन कार्य योजना को पूर्ण करने हेतु अपनी बधाई संप्रेषित की और कहा कि यह बहुत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि लगभग चार दशक पूर्ण कर चुके सिंगरौली सुपर पावर स्टेशन ने बिजली उत्पादन में नए रिकॉर्ड्स बनाए हैं। वित्त वर्ष 24-25 में दिसंबर24 तक 88.59 त्न के प्लांट लोडिंग फैक्टर के साथ एनटीपीसी सिंगरौली ने सभी एनटीपीसी थर्मल प्लांटों के बीच गौरवपूर्ण द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि यह बड़े गर्व का विषय है कि एनटीपीसी सिंगरौली की यूनिट स्न1 के सफल प्रचालन के 43 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 12 फरवरी, 2025 तक यूनिट स्न1 का पीएलएफ 95.26 त्न अत्यंत सराहनीय रहा है। एनटीपीसी विद्युत उत्पादन दिवस के पावन अवसर पर श्री जोसेफ बास्टीयन, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), यूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधि गण, एजेंसी के कर्मी एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे तथा सभी ने गर्व के साथ इस महान उपलब्धि को साझा किया।

## आईडी के भंवर में फंसा आवास योजना का सर्वे

**बिवांर हमीरपुर।** मुस्करा विकाखण्ड क्षेत्र में निवादा गांव के लोग प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर ठगे से नजर आते हैं। आलम यह है कि निवादा गांव के वर्तमान सचिव की आईडी ही नहीं बनी है तो सर्वे कैसे हो। निवादा गांव ग्रामप्रधान प्रतिनिधि नाथूराम वर्मा ने बताया कि बीते साल दिसम्बर माह में सचिव शिवनंदन पाल की तैनाती हुई थी लेकिन उसने चार्ज ही नहीं लिया था। बताया सिर्फ एक दिन गांव में लगी चौपाल में सचिव आया था उसी बिना पर उसकी आईडी जनरेट हो गई ,लेकिन न तो उसके बाद वह कभी आया और न ही चार्ज लिया। बताया कि सचिव का राठ ब्लॉक में ट्रांसफर हो गया था। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि अब समस्या यह है कि सर्वे के लिए उसी सचिव की आईडी खुलती है ,जबकि वर्तमान में गांव के सचिव रामसेवक वर्मा हैं ,जिनकी अभी आईडी ही नहीं बनी है। कहना है कि लोग सर्वे के बगैर आवास योजना से वंचित हैं ,और सर्वे की अंतिम तारीख भी 28 फरवरी है ऐसे में अगर समय से सर्वे न हुआ तो गरीबों को इसका लाभ नहीं मिल सकेगा।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न करायी गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों का अनुश्रवण और निर्मित कार्यों का वास्तविक उपयोग, विभिन्न स्वास्थ्य इकाईयों में ई.डी.एल. के मानक के अनुसार दवाई दवाईयों की उपलब्धता, एन.एच.एम. के तहत संविदा चिकित्सकों की तैनाती की स्थिति, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नियमित टीकाकरण, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, रोगी कल्याण समिति की बैठकों की स्थिति, एम्बुलेंस सेवाएं, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन आदि बिन्दुओं की बारी-बारी से गहनता से समीक्षा की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्यों की समीक्षा की, तो आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति काफी धीमी पायी गयी और आयुष्मान कार्ड के नोडल अधिकारी बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित मिले, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने वेतन भुगातन के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दियें। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित चिकित्सालयों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन कराया जाये, सत्यापन में अगर बिना रजिस्टर्ड/ अवैध रूप से संचालित चिकित्सालय पाया जाता है, तो सत्यता की जॉच कराते हुए सम्बन्धित के खिलाफ विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। अगर ऐसे चिकित्सालय जो पूर्व में बिना रजिस्टर्ड/अवैध रूप से संचालित होते पकड़े गये हों और निर्देश के बाद भी संचालित हैं, तो उनकी सूची उपलब्ध कराते हुए विधिक कार्यवाही करने के साथ ही जिम्मेदार सम्बन्धित के खिलाफ एफ.आई.आर. भी कराया जाये। बैठक के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि कुछ मेडिकल पर मेडिकल स्टोर के आड़ में प्रैक्टिस किया जा रहा है और बिना रजिस्ट्रेशन के पैथालाजी का भी संचालन किया जा रहा था, जो पूर्णतया अवैध है। ऐसे पैथालाजी व मेडिकल स्टोर का स्थलीय सत्यापन करते हुए विधिक कार्यवाही करने के साथ ही नोटिस जारी किया जाये। नेत्र ईलाज के निर्धारित लक्ष्य 700 के सापेक्ष 3 नेत्र सर्जन द्वारा कुल 516 मरीजों का ही ईलाज हो पाया था, जो लक्ष्य से काफी कम है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सी.एम.एस. को निर्देशित किया गया।

## महिला ने खोदा सीसी रोड

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सुमेरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत धुंधपुर में हो रही सी0 सी0 निमणि में एक महिला द्वारा तोड़ फोड़ किये जाने से निर्माण कार्य अवरुद्ध हो गया और कुछ देर के लिए काम बाधित हुआ। ग्राम पंचायत धुंधपुर में रामौतार के दरवाजे से मैका के दरवाजे के आगे तक सी0 सी0 निर्माण का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा करवाया जा रहा है। इस कार्य में गांव की एक महिला संपत द्वारा जगह-जगह हाल में ही पड़ी सी0 सी0 को खोदकर गड्ढा बनाकर व्यवधान किया गया। महिला के इस रवैये से वहाँ काम कर रहे मजदूर भी परेशान हो जाए है। सी0सी0 निर्माण में काम कर रहे श्यामकली, कौशल्या, रानी, शिववदन, सुमित्रा, मलखान, दयाराम, रामखिलावन महरजवा, हीरालाल, शिवदेवी रामऔतार राजा भइया भादि मजदूरों ने बताया कि उक्त महिला की कार्यप्रणाली से वह काम नहीं कर पा रहे है। उधर महिला संपत का कहना है कि सी0 सी0 निर्माण गुणवत्ता के अनुरूप नहीं हो रहा है घटिया निर्माण कराया जा रहा है ग्राम प्रधान ने महिला के आरोप को गलत बताते हुये कहा है कि निर्माण सही हो रहा है हाल में ही में पड़े मसाले को खोदकर काम में बाधा पहुंचाई जा रही है।

# भाषण में नितिन, चित्रकला में स्वीटी, क्विज में प्रांशी ने बाजी मारी

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु परिषद के जूनियर विद्यालयों के विद्यार्थियों की भाषण, क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता बीआरसी मामन पर आयोजित की गई। जिसमें भाषण में नितिन, चित्रकला में स्वीटी, क्विज में प्रांशी ने बाजी मारी। प्रतियोगिता का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने किया। भाषण प्रतियोगिता में ताखा के नितिन प्रथम, अघीनी के शैलेष द्वितीय, समथर की रुनझुन तृतीय स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में समथर की स्वीटी प्रथम, नगला पंछी की रिया द्वितीय, मामन की केतकी तृतीय स्थान पर रही। क्विज प्रतियोगिता में नगला पंछी की प्रांशी प्रथम, अघीनी के सूरज प्रताप द्वितीय, दीग की गुंजन तृतीय स्थान पर रही। समस्त विजेताओं को खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने पुरस्कृत किया। सभी प्रतियोगिताएं जिला स्काउट मास्टर अच्युत त्रिपाठी एवं ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अवधेश सिंह राठौर की देखरेख में संपन्न हुई एआरपी विनय कुमार, राजीव त्रिपाठी केशव दुबे ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर पर देवेश त्रिवेदी, अजीत कुमार, राजेंद्र राठौर, अब्दुल हमीद, रियाजउद्दीन, रणधीर सिंह, हरिचन्द्र सिंह, विपिन शाक्य, तरुण रंजन, अनूप सक्सेना, पुष्पेंद्र, सचिन समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

# दिशिता महिला मंडल रेनुसागर ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र किया वितरण

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/अनपरा।** दिशिता महिला मंडल रेनूसागर की अध्यक्षा इन्दू सिंह के दिशा निर्देशन में सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति महिला मंडल सतत् प्रयत्नशील रहा है। इसी श्रृंखला में सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं व बालिकाओं को सम्मानित कर बीते सोमवार को सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की अध्यक्षा ने कहा कि अधिकांश महिलायें व बालिकाऐं निकटवर्ती क्षेत्र से है जीवन में परिवारिक दायित्वों के साथ कुछ न कुछ करना चाहती है ऐसे में दिशिता महिला मंडल रेनूसागर द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से अपने हुनर को निखारने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के तहत छः माह प्रशिक्षण देने के उपरान्त सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरित किया गया। जिसमें गरबन्धा ,अनपरा व परासी के 19 लाभार्थियों ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया। दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सहसचिव तुलिका श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सिलाई के छः माह प्रशिक्षण की पूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षण प्राप्त बालिकाओं एंव महिलाओं ने कहा कि महिला मंडल के इस नेक कार्य से हम लोग अपने आप को आत्मनिर्भर बनाते हुए अपने परिवार तथा बच्चों के प्रति आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक भूमिका अदा कर सकेगें। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्याऐं रीना जैन, रीना पात्रा, मेनका अरोड़ा, विभा सिंह, सहित अन्य सदस्याऐं प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

## केसीएनआईटी प्राईवेट आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन

**बांदा।** केसीएनआईटी प्राइवेट आईटीआई में आज रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली-एनसीआर की प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इस मेले में टेकुमेश प्रोडेक्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (बल्लभगढ़, हरियाणा), मासू ब्रेक पैड प्राइवेट लिमिटेड (बहादुरगढ़, हरियाणा), डायनेमिक ऑयल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (झज्जर, हरियाणा), बुचर हाइड्रोलिक्स प्राइवेट लिमिटेड (मानेसर, हरियाणा) और बोनी पॉलीमर प्राइवेट लिमिटेड (फरीदाबाद) जैसी कंपनियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कंपनियों से आए एचआर मैनेजर विपिन धीमान और डॉ. वीरेन्द्र वत्स ने प्रजेंटेशन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सभी कंपनियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और अप्रेंटिसशिप की उपयोगिता से अवगत कराया।

# वांछित दस वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बांदा पुलिस द्वारा 10 वारन्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया । थाना बिसंडा पुलिस द्वारा 06 वारंटी, थाना नरैनी पुलिस द्वारा 03 वारन्टी व थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय पेश किया गया । विवरण के अनुसार थाना बिसंडा पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटियों में मुन्नीलाल पुत्र रामऔतार निवासी शंकर पुरवा मजरा तेन्दुरा थाना बिसंडा जनपद बांदा, तुलसा पत्नी रामऔतार निवासी शंकर पुरवा मजरा तेन्दुरा थाना बिसंडा जनपद बांदा,सहोद्रा पत्नी मुन्नीलाल निवासी शंकरपुरवा मजरा तेन्दुरा थाना बिसण्डा जनपद बांदा,जब्बार खां पुत्र नत्थू निवासी ओरन थाना बिसण्डा जनपद बांदा,धांधू उर्फ हरनाथ सिंह ठाकुर पुत्र स्वंयबर सिंह निवासी ग्राम बिलगांव थाना बिसण्डा जनपद बांदा,चौना उर्फ अरविन्द पुत्र टिरुआ निवासी पुनाहुर थाना बिसण्डा जनपद बांदा है। इसी प्रकार थाना नरैनी पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटियों में शमशाद खान उर्फ शमशाद पुत्र शफीक उर्फ कल्ला निवासी नहरी थाना नरैनी जनपद बांदा,अरविन्द पुत्र जागेश्वर प्रसाद निवासी करतल थाना नरैनी जनपद बांदा,रामदेव पुत्र रामलाल निवासी भांवरपुर थाना नरैनी जनपद बांदा है। इसी तरह थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटियों में बाबू पुत्र मल्लू निवासी कंचनपुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा शामिल हैं।

# छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और सीएम ने मंत्रियों संग लगाई डुबकी



■ ऊर्जा का स्रोत है महाकुंभ : रमेन डेका

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह बृहस्पतिवार को मंत्रियों तथा 166 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ संगम स्नान किया। स्नान करने वालों में भाजपा के अलावा विपक्षी दलों के विधायक भी शामिल रहे। नेताओं ने प्रदेश के समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव भी साझा किए।

उत्तर प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्री अपनी कैबिनेट संग संगम का स्नान कर चुके हैं। इन दोनों राज्यों के कैबिनेट की भी हुई थी। इस तरह से छत्तीसगढ़ तीसरा राज्य है जहां के मुख्यमंत्री ने कैबिनेट तथा अन्य नेताओं ने संगम स्नान किया।

सीएम साय सेक्टर 7 स्थित छत्तीसगढ़ मंडप पहुंचकर अपने प्रदेश के श्रद्धालुओं का कुशलक्षेम जाना और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संगम स्नान के बाद राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह तथा अन्य नेता स्नान के बाद सेक्टर सात स्थित छत्तीसगढ़ पवेलियम पहुंचे और राज्य के लोगों से बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल के साथ पूरे मंत्रिमंडल, सांसदों, विधायकों के साथ संगम स्नान का लाभ प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमें आमंत्रित किया, इसके लिए उन्हें आभार।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी संगम में तीन करोड़ छत्तीसगढ़वासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए डुबकी लगाई एवं स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। महाकुंभ सनातन धर्म की दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा का महापर्व है, यहां आस्था अमृत बनकर आत्मा को ब्रह्म से जोड़ती है। उन्होंने एक और पोस्ट किया कि कुंभ ऊर्जा का स्रोत है, कुंभ मानवता का प्रवाह है, कुंभ आध्यात्मिक चेतना है, कुंभ आत्मप्रकाश का मार्ग है, कुंभ जीवन की गतिशीलता है, कुंभ सृष्टि में सभी संस्कृतियों का संगम है, कुंभ प्रकृति एवं मानव जीवन का समन्वय है, कुंभ नदियों, वनों एवं ऋषि संस्कृति का प्रवाह है। मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय ने कहा कि हमने मां गंगा का आशीर्वाद लिया। मैंने छत्तीसगढ़ राज्य की खुशहाली और समृद्धि के लिए गंगा, यमुना और सरस्वती मां से प्रार्थना की। वहीं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने कहा कि राज्यपाल सहित सत्ता दल और विपक्ष के विधायक महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए आए हैं, ताकि छत्तीसगढ़ की खुशहाली, शांति और समृद्धि बनी रहे।

## नंदी इकावो ने चलाया संगम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान

■ कर्मचारियों के लिए दो दिन का विशेष अवकाश



विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम महाकुंभ में घाटों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए नंदी एग्रो डेली प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अभिषेक गुप्ता ने क्लीनलीनेस ड्राइव की पहल की है। उन्होंने बताया कि संगम क्षेत्र में विभिन्न घाटों पर प्रतिदिन करोड़ों श्रद्धालु देश के कोने-कोने से स्नान के लिए आ रहे हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार ने स्वच्छ कुंभ-सुरक्षित कुंभ का आवाहन किया है। लाखों स्वच्छता कर्मी इस संकल्प को पूरा करने में दिन-रात जुटे हुए हैं। ऐसे में हमने भी एक जिम्मेदार उद्योग समूह के रूप में अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन का प्रयास किया है। हमने अपने सभी कर्मचारियों के लिए दो दिन का विशेष अवकाश भी घोषित किया है और उन्हें इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया है। स्वच्छता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी सम्मिलित हुए। उन्होंने इकावो के कर्मचारियों एवं वॉलेंटियर्स के साथ संगम घाटों की सफाई में हाथ बंटाया। मंत्री नंदी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने सदैव प्रत्येक भारतवासी को स्वच्छता को जीवन का मिशन बनाने का आग्रह किया है। उन्हीं की प्रेरणा से स्वच्छता एक जनअभियान का रूप ले चुका है। मोदी और योगी के नेतृत्व में महाकुंभ के आयोजन ने स्वच्छता और सुविधा के अनेक मानक स्थापित किये हैं। इकावो एग्रो का यह प्रयास बेहद सराहनीय है। प्रत्येक संस्था और व्यक्ति को अपने सामाजिक दायित्व के प्रति सजग होना चाहिए। इकावो की यह पहल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मनरेगा के तहत खेल मैदानों के निर्माण से यूपी की निखर रही खेल प्रतिभाएं

■ नई प्रतिभाएं निखरने के साथ मनरेगा श्रमिकों को मिल रहा रोजगार
■ गांवों में स्टेडियम व ओपेन जिम बनाकर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दे रही सरकार
■ युवा पीढ़ी गांवो के खेल मैदानों से निखर और संवर कर रोशन करेंगी,अपने गांव, घर का नाम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को निखारने, दक्ष,और सक्षम बनाने के लिए ग्रामीण अंचल में खेलकूद का आधारभूत ढ़ाचा मजबूत करने के लिए मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण अंचल में खेल मैदान बनाये जा रहे हैं। गांवों में स्टेडियम व ओपेन जिम बनाकर खेल प्रतिभाओं को सरकार प्रोत्साहन दे रही है।युवा पीढ़ी गांवो के खेल मैदानों से निखर और संवर कर अपने गांव घर का नाम रोशन करेंगी और गांवों की खेल प्रतिभाएं, दुनिया में भारत का परचम लहरायेगीं। मनरेगा योजनान्तर्गत स्टेडियम, ओपेन जिम, खेल मैदान और पार्क गांवों में बनाये जा रहे हैं और इनका उपयोग भी किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण इलाकों में खेल मैदान बनाए जा रहे हैं। इससे गांवों में नई प्रतिभाएं तो निखर ही रही है साथ ही मनरेगा के तहत इन मैदान का निर्माण होने की वजह से श्रमिकों को निरंतर रोजगार भी मिल रहा है। इस पहल का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य और समग्र सामुदायिक विकास के लिए स्कूली छात्रों और गांव के अन्य सदस्यों के बीच खेलों को प्रोत्साहित करना है।

खेल मैदानों में रनिंग ट्रैक बनने से ग्रामीण अँचलों में रहने वाला युवा आर्मी, पैरा मिलिट्री फोर्स, पुलिस, सीआरपीएफ इत्यादि की तैयारी अपने गांव में ही रहकर कर रहे हैं।

# टेन्डर पाम हॉस्पिटल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट सफल

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** टेन्डर पाम हॉस्पिटल ने अपनी पहली बोन मैरो ट्रांसप्लांट प्रक्रिया की सफलता की घोषणा करते हुए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। यह प्रक्रिया 57 वर्षीय मरीज श्री रमन के लिए की गई, जो 7 जनवरी 2025 को अस्पताल में भर्ती हुए थे, और उन्हें हमारे समर्पित चिकित्सा दल द्वारा जीवन रक्षक उपचार प्रदान किया गया। यह उपलब्धि टेन्डर पाम हॉस्पिटल की किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को फिर से प्रमाणित करती है। हम लखनऊ में निजी क्षेत्र और कॉर्पोरेट सेटिंग में बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसे विशेषज्ञ उपचार प्रदान करने में अग्रणी हैं, और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक कर पाए। बोन मैरो ट्रांसप्लांट एक जटिल और महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके लिए विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है, और हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने इस उपचार को अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं में सफलतापूर्वक किया। श्री रमन अब स्वस्थ होने की ओर बढ़ रहे हैं, और उनका उपचार हमारी क्षमता और रोगी देखभाल के प्रति समर्पण का प्रमाण है। डॉ. सौरभ मिश्रा मेडिकल ऑकोलॉजिस्ट ने कहा, हम टेन्डर पाम हॉस्पिटल में अपनी पहली बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सफलता पर अत्यंत गर्व महसूस कर रहे हैं। यह हमारे लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है, क्योंकि हम बीएम टी जैसे विशेषज्ञ उपचारों को अपनी सेवाओं में शामिल कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है, जो सभी के लिए किफायती हो. इस ट्रांसप्लांट की सफलता हमारी अस्पताल की क्षमता को दर्शाती है, जो विशेषज्ञता, तकनीक और किफायती उपचार का संयोजन करती है।

जैसे-जैसे हम लखनऊ के लोगों की सेवा करते हैं, हमारा लक्ष्य मेडिकल एडवांसमेंट्स में अग्रणी रहना है, ताकि उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए सुलभ हो, बिना किसी वित्तीय बोझ के।

# राज्य कर विभाग चला रहा है अर्थदंड एवं ब्याज माफी योजना

■ 13 फरवरी तक 34402 करदाताओं ने जमा किये 554.14 करोड़ रूपये

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में राज्य कर विभाग द्वारा करदाताओं के व्यापक हित में संचालित अर्थदंड एवं ब्याज माफी योजना के अंतर्गत 13 फरवरी, 2025 तक कुल 34402 करदाताओं ने इसका लाभ लिया है। 13 फरवरी तक 554.14 करोड़ रूपये की धनराशि सरकारी खजाने में जमा कराया जा चुका है। यह जानकारी आज प्रमुख सचिव राज्य कर एम0 देवराज ने दी। उन्होंने बताया कि अर्थदंड और ब्याज माफी योजना के तहत वर्ष 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 के लिए माल एवं सेवाकर अधिनियम की धारा-73 के समस्त प्रकरणों में करदाता द्वारा मात्र कर जमा कर दिये जाने पर उनके अर्थदंड एवं ब्याज में 100 फीसदी माफी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उक्त स्कीम के तहत कुल 1.92 लाख करदाता लाभ लेने हेतु पात्र हैं। प्रमुख सचिव ने बताया कि पिछले सप्ताह कुल 33680 करदाताओं ने इस योजना का लाभ लेते हुए लगभग 550 करोड़ रूपये सरकारी खजाने में राजस्व जमा कराया था। इस सप्ताह लगभग 722 करदाताओं ने 4.14 करोड़ रूपये राजस्व जमा किया। उन्होंने अन्य पात्र करदाताओं से अपील की है कि इस योजना का लाभ तत्काल लें। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए करदाता राज्यकर विभाग के स्थानीय कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक पात्र करदाता से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करते हुए उन्हें योजना का लाभ लेने के लिए सूचित करें।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री गोरखनाथ मन्दिर परिसर, गोरखपुर स्थित गौशाला में गाय के बछड़े को गुड़ खिलाते हुए

# महाकुम्भ: परिवहन निगम चलायेगा 2250 अतिरिक्त बसे: दयाशंकर



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि महाकुंभ-2025 मेला के अंतिम चरण के अंतर्गत 15, 16 व 17 फरवरी (क्रमशः शनिवार, रविवार, सोमवार) के दौरान श्रद्धालुओं की भारी संख्या के दृष्टिगत 2250 अतिरिक्त बसों का संचालन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अमृत स्नान के अतिरिक्त शनिवार एवं रविवार के दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज महाकुम्भ स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को बेहतर परिवहन सुविधायें मुहैया कराने के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था परिवहन निगम द्वारा की जा रही है। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये हैं कि प्रयागराज के विभिन्न अस्थाई बस स्टेशनों पर अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारण किया जाए, जिससे कि बसों का संचालन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि अवकाश के दिनों में बसों के सफल संचालन की कार्ययोजना बनाये एवं संचालन कराये। नोडल अधिकारियों को निर्देशित किये हैं कि महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिए आवश्यक सभी प्रबंध सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर नोडल अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी।

# संत रविदास जयंती पर विभिन्न संस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** निर्देशक डॉ. अंबेडकर फाऊंडेशन सामाजिक अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार को जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा प्रेषित महान संत रविदास जी की जयंती मनाने हेतु प्रस्ताव के आधार पर दिनांक 12 फरवरी 2025 को संस्था हम फाउंडेशन द्वारा आयोजित संत रविदास जी की जयंती समारोह का आयोजन केडीटी विद्यालय खरगापुर गोमती नगर विस्तार में किया गया। संस्था हम फाउंडेशन के महासचिव देवनाथ श्रीवास्तव ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला। संस्था के महासचिव ने बताया कि संत रविदास भगवान श्री कृष्ण के अनुयाई थे। मीराबाई ने भी उन्हे अपना आध्यात्मिक गुरु माना था। वह संत परंपरा के अग्रणी एवं समाज सुधारक थे। रमेश चंद्र भट्ट ने बताया



संत रविदास जूते बनाने का काम करते थे। लेकिन समाज सुधार के दिशा में भी सर्वप्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने समाज में व्याप्त ऊंच-नीच की भावना समाप्त की वह मानवतावादी एवं समानतामें विश्वास रखते थे। संस्था संकल्प सेवक संस्थान के अध्यक्ष नवीन प्रकाश ने कहा कि 500 बरस पुराने संत रविदास जी की अद्भुत विचार आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने समाज को सामान्य और उच्च नीच का भेदभाव का संदेश जनमानस को दिया। संस्था के कोषाध्यक्ष श्रीमती सरिता शुक्ला ने कहा की संत रविदास बहुत ही गरीब परिवार से ताल्लुक रखते थे मगर वह प्रसिद्ध कवि भी थे। आशा गुप्ता ने कहा कि उनकी कविता गुरु ग्रंथ साहिब में भी शामिल किया गया है। समाजसेवी मनीष जोशी ने बताया की उनके अद्भुत संदेश आज के समय में भी प्रासंगिक हैं। संस्था के अध्यक्ष श्री अरुणेंद्र कुमार ने कहा संत रविदास जूते बनाने का काम करते थे लेकिन संत समाज की सेवा छुआछूत और अन्याय के खिलाफ वह आवाज उठाते थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, और गुरु संत रविदास जी के भजन प्रस्तुत किए गए। अंत में आए सभी लोगो को लंच वितरित किया गया और भजन, नृत्य प्रस्तुत करने वालों बच्चो को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# कर्बला मलका जहां में मना जश्ने वलीए अस्र

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शियों के बारवें इमाम हजरत मेहदी (अ.स.) की यौमे विलादत की पूर्व संध्या पर जगह-जगह महफिलों का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम उलमा और शायरों ने हजरत इमाम मेहदी (अ.स.) की शान में अपने कलाम पेश किये। इमाम की विलादत शुक्रवार को मनाई जाएगी। इमाम की विलादत की खुशी में लोगों ने आतिशबाजी भी की। अंजुमन खुद्दामे कर्बला की ओर से कर्बला मलका जहां ऐशबाग में ''जश्ने वली-ए-अस्र'' का आयोजन किया गया। जश्न की अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद अब्बास तुराबी ने की। जश्न में मौलाना यासूब अब्बास व मौलाना मीसम जैदी ने इमाम मेहदी (अ.स) की फजीलत बयान की। इसके बाद शायरों ने बारगाहे-वली-ए-अस्र में मन्जूम नजरान-ए-अक़ीदत पेश किया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना मंदरापालवी व कौसर जरवली ने की। इस मौके पर समाजसेवी वफ़ा अब्बास, अब्बास निगार, आलम और मुत्तकी जैदी को समाजी सेवाओं के पेशे नजर एवार्ड से नवाजा गया। विलादत के मौके पर कर्बला मलका आफाक मदेयगंज में हुसैनाबाद ट्रस्ट ने जश्ने मसर्रत का आयोजन किया। महफिल को विभिन्न उलमा ने खिताब किया। इसके बाद शायरों ने इमाम मेहदी (अ.स.) की शान में कसीदे पढ़े। अकीदतमंदों ने कर्बला पहुंच कर जियारत और नज्र की। इस मौके पर कर्बला को भव्य रूप से सजाया गया था। इसी तरह रौजाए काजमैन में भी जश्ने इमामे जमाना मनाया गया।



## मेहदी घाट पर सजा बजरा, अकीदतमंदों ने की जियारत

**लखनऊ।** हजरत इमाम मेहदी की विलादत की खुशी में मेहदी घाट पर दरिया (गोमती) में बजरा रोशन रहा। महकते फूलों के साथ बजरे को रंगबिरंगी रौशनी से सजाया गया। मौलाना हसन जहीर ने बजरे पर इमाम की सलामती की नज्र दी। अकीदतमंदों ने बजरे की जियारत कर नज्र चखी। इस मौके पर मौलाना कल्बे जव्वाद और मौलाना यासूब अब्बास सहित तमाम उलमा ने पहुंचकर बजरे की जियारत की। बजरे पर महफिल सजी, जिसमें शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश किए। बजरे की जियारत करने के लिए देर शाम से ही अकीदतमंद जुटने लगे थे यह सिलसिला सुबह तक जारी रहेगा। बजरे पर मिट्टी कुंडों में तरह-तरह के हलवे पर लोग अपने इमाम की सलामती के लिए नज्र कर रहे थे तो कोई मिठाईयां बाटकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे थे। जायरीनों ने मेहदी घाट पहुंचकर बजरे की जियारत की और बेहतर जिंदगी के लिए इमाम से दुआएं मांगी। वहीं, गोमती नदी में अरीजा डाल कर मन्नत मांगी। बजरे का आयोजन अंजमने जहूरे इमामत ने किया था।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पत्र से शिया समुदाय में खुशी की लहर




■ वफा अब्बास की कोशिशों का बड़ा असर, सामरा गार वाली करबला में सुधार कार्यों को मिलेगी गति

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत इमाम मेहदी (अ.फ.) की विलादत से एक दिन पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विशेष कार्याधिकारी के.पी. सिंह द्वारा जिलाधिकारी लखनऊ को भेजे गए पत्र से मुसलमानों, विशेषकर शिया समुदाय में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस पत्र में हुसैनाबाद ट्रस्ट के अधीन सामरा गार वाली करबला खदरा में सफाई, सोलर लाइट्स, पानी की व्यवस्था, मेडिकल कैंप और वृक्षारोपण जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने की सिफारिश की गई है। इस ऐतिहासिक कदम को अंबर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास की लगातार की जा रही कोशिशों का नतीजा माना जा रहा है। उन्होंने समाजसेवी अली आगा और सेव वक्फ इंडिया मिशन के वाइस प्रेसिडेंट सैयद रिजवान मुस्तफा के साथ मिलकर सामरा गार वाली करबला की दुर्दशा को देखा था दौरा किया था और सुधारने के लिए लगातार अपील की थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इस पत्र के आने के बाद शहर के शिया समुदाय को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इस पवित्र स्थल का सुंदरीकरण और वहां जनसेवा के कार्यों में तेजी आएगी। वफा अब्बास द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लिया गया है। इसमें खासतौर पर हर महीने विलादत और शहादत के अवसरों पर विशेष मेडिकल और आई कैंप आयोजित करने, स्थायी सफाई व्यवस्था लागू करने, गाड़ियों की अवैध पार्किंग रोकने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया गया है। इस ऐतिहासिक फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए वफा अब्बास ने कहा, ÷यह सिर्फ हमारी नहीं, बल्कि पूरी उम्मत की जीत है। हमारा मकसद सामरा गार वाली करबला को एक आदर्श धार्मिक स्थल बनाना है, जहां हर जायरीन को बेहतरीन सुविधाएं मिलें। अब और डीएम हुसैनाबाद ट्रस्ट को इस निर्देश पर त्वरित अमल करना चाहिए। जिलाधिकारी लखनऊ और हुसैनाबाद ट्रस्ट इस ऐतिहासिक निर्देश पर कितनी तेजी से अमल करते हैं। शिया समुदाय की मांग है कि 15 शाबान के जश्न के दौरान ही इस स्थल के सुंदरीकरण और सुविधाओं को बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हो जाए।

# पर्यटन विकास के लिए उ.प्र. के साथ मिलकर काम करेंगे: ओसादा



■ पर्यटन मंत्री ने जापानी प्रतिनिधि मंडल का किया हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
■ पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं, बुद्ध से जुड़े पर्यटन स्थलों को तेजी से विकसित किया जा रहा : जयवीर सिंह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जापान के यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल ओसादा के नेतृत्व में राजधानी पधारे जापानी प्रतिनिधि मंडल का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करते हुए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उ.प्र. भगवान बुद्ध की कर्म भूमि रही है। भगवान बुद्ध से जुड़े अधिकांश धर्मस्थल उ.प्र. में ही स्थित हैं। जहां पर लाखों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु आते रहते हैं। राज्य सरकार इन धर्मस्थलों की महत्ता को देखते हुए पर्यटन विकास संबंधी योजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है।जयवीर सिंह आज यहां गोमती नगर के एक स्थानीय होटल में जापानी प्रतिनिधि मंडल का स्वागत कर रहे थे। उन्होंने जापानी प्रतिनिधि मंडल से बौद्ध पर्यटन स्थलों के विकास एवं पूंजी निवेश सहित कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म की उत्पत्ति उ.प्र. की धरती पर हुई। भगवान बुद्ध से जुड़े श्रद्धालुओं के लिए उ.प्र. एक प्रमुख गन्तव्य स्थल है। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने का भी एक अवसर है। बौद्ध पर्यटकों के वर्ष पर्यन्त उ.प्र. आने से रोजगार के साथ स्थानीय लोगों को भी लाभ मिल रहा है।



## शब-ए-बरात

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इबादत और मगफिरत का त्योहार शब-ए-बरात पूरी अकीदत से मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने अपने पुरखों की याद में नज्र-नियाज व फातेहा दिलाकर उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की और रातभर इबादत की।

इस मौके पर कर्बलाओं, कब्रस्तानों, मस्जिदों में विशेष नमाजों और कुरानख्वानी का आयोजन किया गया। लोगों ने दुनिया में न रहे अपने रिश्तेदारों और अजीजों की कब्रों को मोमबत्तियों और तरह-तरह के फूलों व फूलों की चादरों से खूब सजाया था। जिससे कब्रस्तान और कर्बलायें जगमगा उठी। देर रात तक लोग अपने पुरखों की कब्रों पर जाते रहे।

कर्बला तालकटोरा, कर्बला मलका जहां, कर्बला इमदाद हुसैन खां, ऐशबाग, आलमबाग वीआईपी रोड, इमामबाड़ा गुफरामाब, इमामबाड़ा आगा बाकर, कुमेदान की बगिया, कर्बला अब्बास बाग, मिसरी की बगिया, कर्बला मुंशी फजले हुसैन, अलीगंज, सुप्पा, डालीगंज, गोमतीनगर गंजे शहीदां, मवैया, गढ़ीकनौरा, सर्वोदयनगर, तकिया मीरन शाह, खदरा, राजाजीपुरम, निशातगंज आदि कब्रस्तानों पर रात भर रौनक रही। लोगों ने यहां पहुंच कर अपने पुरखों की कब्रों पर फातेहा पढ़ा। लोगों ने फातेहा दिलाने के लिए जहां घरों में चने की दाल, रवे का हलवा, पूरी-पराठा बनाया तो कुछ लोगों ने बाजार से हलवा खरीद कर फातेहा दिलवायी।